डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
27.10.2022
कार्तिक शुक्ल पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**

अब त्योहार की चमक नहीं, बल्कि लोगों के व्यवहार फीके हो गये हैं। इसीलिए त्योहारों पर अब वो आनंद नहीं आता।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-13 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## मुख्यमंत्री ने छठ घाटों की साफ-सफाई सुरक्षा व अन्य सुविधाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 28 अक्टूबर से शुरू हो रहे लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर राज्य के सभी घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजधानी रांची में कांके डैम और हटनिया तालाब घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं-व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी छठ घाटों पर छठ व्रतधारियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाओं को समय पर पुख्ता करें।



**कांके डैम की व्यवस्थाओं को किया जायेगा दुरुस्त :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने पर सरकार विशेष जोर दे रही है। इस लिहाज से राजधानी रांची में कांके डैम एक बेहतर पर्यटक स्थल है, लेकिन निरीक्षण के क्रम में यहां की व्यवस्था में कई खामियां और मूलभूत सुविधाओं का अभाव देखने को मिला। आपसी समन्वय नही होने से यहां का बेहतर रख-रखाव नहीं हो रहा है। फूड कोर्ट का भवन जर्जर हो चुका है। यहां की तमाम व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त किया जायेगा, ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। छठ घाटों के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के साथ रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, रांची नगर निगम के नगर आयुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त और सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

## नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन कुमार बेरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिठोरिया का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को उपाध्यक्ष, नीति आयोग, भारत सरकार सुमन कुमार बेरी एवं उनके निजी सचिव अमित वर्मा द्वारा आंकाक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जीका मद से क्रियान्वित कांके प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिठोरिया का निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष नीति आयोग सुमन कुमार बेरी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिठोरिया में कोल्ड चेन मेंटनेंस की स्थिति, मॉर्डन लेबर रुम, एएनसी किट एवं स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उपाध्यक्ष, नीति आयोग, भारत सरकार सुमन कुमार बेरी द्वारा कांके प्रखंड के ईचापीढ़ी पंचायत के ग्राम पीरू टोला में जीका मद से लगाये गये ड्रिप इरिगेशन योजना से की जा रही खेती का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष, नीति आयोग, भारत सरकार के साथ राकेश रंजन, मिशन निदेशक, आंकाक्षी जिला कार्यक्रम रांची के अलावा सचिव, योजना एवं विकास विभाग, आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची, उप विकास आयुक्त रांची, अनुमंडल पदाधिकारी रांची, जिला योजना पदाधिकारी रांची, सिविल सर्जन रांची एवं कृषि विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## खूंटी के हॉकी टर्फ मैदान को मिला एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** खूंटी के बिरसा कॉलेज में निर्मित हॉकी टर्फ मैदान को एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट प्राप्त हो गया है। यह सर्टिफिकेट मैदान की सभी गुणवत्ता को परखने के बाद प्रदान किया जाता है। ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा, संसाधन सुनिश्चित हो सके। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच का आयोजन के मापदंडों में खरा उतर सके। इन बातों की पुष्टि होने के उपरांत ही एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट प्रदान करने की अनुमति दी जाती है। सर्टिफिकेट प्राप्ति के बाद अब जिला के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतर राष्ट्रीय स्तर के मैदान में अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को और निखार सकेंगे।

**सरकार दे रही है खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में लगातार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत खिलाड़ियों के क्षमतावर्धन एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में खेलने के अनुकूल भी बनाया जा रहा है। इसके लिये विभिन्न जिलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी टर्फ मैदान के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। फिलहाल सिमडेगा, चाईबासा समेत अन्य जिलों में हॉकी टर्फ फील्ड का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## पुलिस ने छापामारी कर 30 पेटी अवैध शराब किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर पुलिस ने छापामारी के दौरान एक इंडिगो गाड़ी से अवैध शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है कि छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के नौडीहा की ओर से एक इंडिगो गाड़ी छतरपुर से होते हुए बिहार की ओर जा रही थी। इसी इंडिगो गाड़ी से छतरपुर पुलिस ने 30 पेटी अवैध टंच नामक शराब बरामद किया है। इस बीच मौका पाकर शराब माफिया गाड़ी को छोड़कर भागने में सफल रहें। थाना प्रभारी शेखर कुमार के नेतृत्व में यह कार्य को अंजाम दिया गया। ज्ञातव्य हो कि जब से बिहार में शराब बंदी हुई है। तब से शराब की तस्करी कर रहे बहुत से शराब माफियाओं को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बावजूद इसके भी शराब माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हुए। आज भी लगातार शराब की तस्करी करने की कोशिशें लगातार जारी है।

## मैच्यूरिटी पूरा होने के बाद नहीं दिया 13 करोड़, सहारा के कर्मियों पर केस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सहारा कंपनी के ब्रांच मैनेजर समेत 15 कर्मियों के खिलाफ डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। धुर्वा निवासी संतोष कुमार की ओर से दर्ज की गयी प्राथमिकी में कंपनी के ब्रांच मैनेजर सुनील कुमार, जोनल मैनेजर रंजन कुमार, पूर्व रीजनल मैनेजर दिनेश कुमार, गणेश भागवत के अलावा अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया। संतोष कुमार की ओर से थाने में दिये गये आवेदन में कहा है कि 35 से अधिक लोगों ने कंपनी का भिन्न-भिन्न पॉलिसी लिया था। पॉलिसी के अनुसार सभी ग्राहकों ने कंपनी में पैसे भी जमा किये। किसी ने तीन साल का तो कुछ ने पांच साल तक कंपनी में पैसा निवेश किया। मैच्यूरिटी पूरा होने के बाद जब राशि लौटाने की बात आयी तो कंपनी का कोई भी अधिकारी न तो फोन उठा रहा है और न ही ग्राहकों से मिल रहा है। यहां तक कि एजेंटों ने भी ग्राहकों का फोन उठाना बंद कर दिया। कंपनी को ग्राहकों को कुल 13 करोड़ रुपये का भुगतान करना है। हालांकि, कई बार कंपनी के डोरंडा स्थित कार्यालय में ग्राहक गये, मगर वहां पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद सभी ग्राहक थाना पहुंचे और कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इधर, डोरंडा थानेदार रमेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद कार्रवाई की जायेगी।

## स्पेशल सत्र बुलाकर 1932 का खतियान आधारित डोमिसाइल पास होगा : जगरनाथ महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर तीखा हमला बोलते हुए दोहरी राजनीति करने का आरोप लगाया है। गिरिडीह जिले के डुमरी में एक खेल कार्यक्रम में भाग लेते हुए श्री महतो ने कहा कि बिहार के जमाने में पिछड़ो को 27 फीसद आरक्षण मिलता था। जब बाबूलाल मरांडी प्रथम मुख्यमंत्री बने तो उसे घटाकर 14 फीसद कर दिया। उन्होंने कहा कि जब राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने 27 फीसद पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने का फैसला केबिनेट से पास कराया तो अब कहते है कि 36 फीसद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले 27 फीसद आरक्षण ले लीजिए और बाद में जितना बढ़ाना है, बढ़ा लीजिए। उन्होंने कहा कि विशेष सत्र बुलाकर 27 फीसद आरक्षण और 1932 आधारित डोमिसाइल नीति को हर कीमत पर पास करवाने की बात कही। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से डुमरी के लिए केंद्रीय विद्यालय की मांग की है जिसके लिए उन्होंने हामी भर दी है। श्री महतो ने कहा कि लोग इसपर भी राजनीति कर रहे हैं जिससे दुःख होता है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने जिलास्तरीय साइकिल रैली के प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उन्हें खेलकूद के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिसिंग के चिंतन शिविर में शामिल होने गये पुलिस अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देशभर में पुलिसिंग व जांच एजेंसियों के आला प्रमुखों के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनी चिंतन शिविर में शामिल होंगे। गुरुवार को हरियाणा के सूरजकुंड में चिंतन शिविर की शुरूआत होगी। शिविर में राज्य का प्रतिनिधित्व मंत्री रामेश्वर उरांव करेंगे, वहीं उनके साथ टीम में डीजीपी नीरज सिन्हा, एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर और आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज शामिल होंगे। इस चिंतन शिविर में झारखंड पुलिस साइबर अपराध के मॉड्स और इसे लेकर हो रही कार्रवाई पर एक प्रस्तुति देगी। आईजी सीआईडी के द्वारा साइबर अपराधों के मॉड्स व कार्रवाईयों के प्रस्तुतिकरण को लेकर एक रिपोर्ट पढ़ी जायेगी। राज्य पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, साइबर अपराध से नियंत्रण के लिए 1930 टॉल फ्री नंबर है। इस नंबर पर आयी शिकायतों के जरिये राज्य पुलिस ने साइबर अपराधियों के खाते में सवा करोड़ रुपये से अधिक की राशि जब्त की है। चिंतन शिविर में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री व पुलिस प्रमुख भी शामिल होंगे।

## चोर गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने एक चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के सदस्य बाजारों से मोबाइल व पर्स उड़ाया करते हैं। पुलिस की टीम ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पूजा देवी और उसका दामाद आकाश पासी शामिल है। दोनों रामगढ़ के रहनेवाले हैं। वर्तमान में दोनों आरोपी नगड़ी इलाके में रह रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का मोबाइल समेत अन्य चीजें भी बरामद की है। वहीं, इस गिरोह के अन्य सदस्य पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार बीते 24 अक्टूबर को बड़कागांव, रामगढ़ की रहनेवाली ज्योति कुमारी तुपुदाना स्थित बाजार में मार्केटिंग कर रही थी। इसी दौरान चोरों ने उनका पर्स उड़ा लिया। पर्स में मोबाइल के अलावा एटीएम कार्ड भी थी। इसके अगले दिन ज्योति के खाते से चोरों ने एक लाख से अधिक रकम की अवैध निकासी कर ली। इसके बाद ज्योति ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस ने जब मामले की तफ्तीश की और सीसीटीवी फुटेज खंगाला। आरोपियों का फुटेज मिलने के बाद गुप्तचरों की मदद से पुलिस ने बीते मंगलवार की रात दामाद और उसके सास को नगड़ी से दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

## झारखंड में 300 पंडालों में आज भगवान चित्रगुप्त की होगी सामूहिक पूजा-अर्चना

**रांची।** बुधवार को पूर्वाह्न 10 बजे अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रणव कुमार बब्बू संग आईएमए में झारखंड में आगामी चित्रगुप्त पूजा को लेकर चल रही तैयारी के मद्देनजर समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने कहा गुरुवार को भगवान चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर राजधानी रांची के 30 भव्य पंडालों समेत झारखंड के 300 पूजा पंडालों में भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक पूजा आयोजित की जायेगी। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि भगवान चित्रगुप्त सिर्फ कायस्थों के नहीं वरन संपूर्ण सनातन धर्मावलंबियों के भगवान हैं। मनुष्य के सभी कर्मों का लेखा-जोखा रखनेवाले भगवान चित्रगुप्त से प्रेरणा लेते हुए समाज के सभी वर्गों में शिक्षा एवं ज्ञान का प्रचार-प्रसार होता आया है और हमें इसे 100 फीसदी के लक्ष्य को पाने के लिए आगे बढ़ाना है। डॉ. बब्बू ने सभी कायस्थों से अपील करते हुए कहा की कायस्थ जाति का हर व्यक्ति व्यक्तिगत स्तर पर अपने आसपास के समाज के सभी वर्गों में से आर्थिक रूप से पिछड़े एवं असमर्थ को पूर्ण साक्षर बनाने और उसकी शिक्षा-दीक्षा में सहयोग करने के लिए झारखंड के विकास हेतु आवश्यक रूप से योगदान करें।

## राज्य में भ्रष्टाचार की भंवर में फंसी हर घर नल जल योजना : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बुधवार को कहा कि झारखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना भ्रष्टाचार की शिकार हो चुकी है। देशभर में नल जल योजना का 54 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, जबकि झारखंड में यह मात्र 24 प्रतिशत पर सिमटा हुआ है। दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड सरकार मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लटकाने, भटकाने और अटकाने में विश्वास करती है। विकास कार्यों से हेमंत सरकार का कुछ लेना-देना नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में आयुष्मान योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्राम सड़क योजना समेत सभी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीति और नियत में खोट है। सरकार विकास कार्यों को छोड़कर तुष्टिकरण को बढ़ावा देने में व्यस्त है। हेमंत सरकार में हर घर नल जल योजना-2024 तक पूरी होने संभावना समाप्त हो चुकी है।

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, लश्कर का आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के नजदीक सुरक्षा बलों द्वारा चलाये गये एक घुसपैठ रोधी अभियान में लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया है। रक्षा अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता कर्नल एमरोन मुसावी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस से घुसपैठ की विशिष्ट सूचना मिली थी, जिसके आधार पर सुदपुरा तंगधार में एक संयुक्त अभियान चलाकर इस घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया। घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने के बाद, भारतीय सेना ने कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की लगातार कोशिश करने और संघर्ष विराम समझौते की आड़ लेकर शांति और सौहार्द बिगाड़ने के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधा। प्रवक्ता के अनुसार, मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को लगभग एक बजकर 45 बजे घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों पर गोलीबारी की गयी, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर दूसरा आतंकवादी पीओके की ओर भागने में सफल रहा।

# कई बड़े ब्रांड के शैम्पू में खतरनाक केमिकल बेंजीन, ब्लड कैंसर होने का खतरा

### यूनिलीवर ने डव, नेक्सस, सुआवे, टिगी व ट्रेस में एयरोसोल समेत कई डाई शैम्पू को अमेरिकी बाजार से मंगा लिया वापस

- **ऐसे खतरनाक केमिकल वाले शैम्पू के बजाय रीठा पाउडर भींगो कर बालों पर लगायें**

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** केमिकल वाले शैम्पू उपयोग करने से पहले यह जान लें कि इससे ब्लड कैंसर होने का खतरा है। ऐसे ही एक खतरनाक केमिकल बेंजीन के कारण दुनिया की बड़ी कंपनियों में से एक यूनिलीवर ने डव सहित एयरोसोल ड्राई शैम्पू के कई लोकप्रिय ब्रांड के उत्पादों को बाजार से वापस मंगा लिया है। कंपनी ने डव, नेक्सस, सुआवे, टिगी और ट्रेसमें एयरोसोल समेत कई डाई शैम्पू को अमेरिकी बाजार से वापस मंगा लिया है। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की वेबसाइट पर पोस्ट किये गये एक नोटिस के अनुसार बाजार से वापस मंगाये गये उत्पाद में नेक्सस, सुवे, ट्रेसमें और टिगी जैसे प्रचलित ब्रांड शामिल हैं, जो रॉकहोलिक और बेड हेड ड्राई शैम्पू बनाते हैं। इस बारे में ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूनीलीवर ने अक्टूबर 2021 से पहले बनाये गये सभी उत्पादों को वापस मंगा लिया है। इसके चलते एक बार फिर से पर्सनल केयर वाले प्रोडक्ट्स की सुरक्षा को सवालों के घेरे में ला दिया है। बीते डेढ़ वर्षों के दौरान कई एयरोसोल सनस्क्रीन जैसे कि



जॉनसन एंड जॉनसन की न्यूट्रोगेना व एडजवेल पर्सनल केयर कंपनी की बनाना बोट जैसे उत्पादों से जुड़ी इस तरह की खबरें आ चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार पीएंडजी (प्रॉक्टर एंड गेम्बल) ने भी पिछले वर्ष दिसम्बर में बेंजीन के मिश्रण का हवाला देते हुए अपने पैंटीन और हर्बल एसेंस ड्राई शैम्पू को बाजार से वापस मंगा लिये थे। इस तरह के खतरनाक जहरीले उत्पादों से कैसे बचें?

इस सवाल पर एक काशी के एक बुजुर्ग वैद्य का कहना है- क्यों अति महंगे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पादों के चकाचौंध में भ्रमित हो लोग अपना पैसा और स्वास्थ्य दोनों ही गंवा रहे हैं, यह समझ से परे है। आप को शैम्पू ही लगाना है तो रात को रीठा का पाउडर एक छोटी कटोरी में भिगो दें। सुबह जब नहायें तो उसे बाल पर लगा, थोड़ी देर में धो लें। देखिये आप का बाल कितना जानदार, शानदार लगता है। उससे रूसी, खुजली आदि भी खत्म होगी। बाल भी मजबूत होगा। यदि आप चाहें तो उसमें शिकाकाई का पाउडर भी मिला कर भिगोवें और उपयोग करें, यह और भी प्रभावी होगा।

## न्यूज गैलरी

### आदर्श क्लब ने किया भक्ति जागरण का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न लक्ष्मी पूजा पंडालों में मंगलवार को देर रात्रि भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। आदर्श क्लब मुरमा में मंगलवार को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुरमा मुखिया कमला देवी व पंचायत समिति सदस्य लालो देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन सुजीत मेहता ने किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि संस्कृति कार्यक्रम दिल से दिल जोड़ने की एक कला है । कहा कि लोग राग द्वेष भूलकर एक स्थान पर आकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाते हैं। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि हमारी सभ्यता में संस्कृति रची बसी हुई है । कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों में भाईचारगी बढ़ती है। मौके पर बाहर से आए कलाकार अरूण खतरनाक ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया । इससे श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। मौके पर निरंजन प्रसाद, फ्रेश मेहता,आलोक सिंह, नरेश चंद्रवंशी,देवेन्द्र मेहता, उपेंद्र राम,छोटू बैठा,प्रिंस मेहता, रमेश मेहता, संटू सिंह, दिलीप सिंह, धर्मेन्द्र मेहता, आशीष मेहता, ऋषि,राजू सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### पूर्व जिला परिषद ने सड़क की कराई मरम्मत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में आस्था का छठ महापर्व को देखते हुए मध्य क्षेत्र के जपला दंगवार मुख्य पथ स्थित इमलियाबांध गांव के समीप बने पुल के उपरी सतह जो गड्ढे में तब्दील हो गया था। समाजिक कार्यकर्ता व पूर्व मध्य जिला परिषद प्रत्याशी मिथलेश कुमार सिंह ने अपने निजी खर्च से बुधवार को उसकी मरम्मत कराई । बताया जाता है कि उक्त पुल पर आये दिन कई दुर्घटनाएं होती है। जिसमें कई युवाओं की जाने चली गई है एवं अनेकों बाइक सवार घायल हुए हैं। इस तरह के गड्ढे को शुरूआती दौर में ही मरम्मत कराना सर्वश्रेष्ठ है। अन्यथा सरकार के लाखों रुपए का नुकसान होता है। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि पथरा पंचायत के पथरा पुल के उपरी सतह का भी मरम्मत कराया जायेगा । मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा है कि गरीब गुरबों की सेवा करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। साथ ही समाजिक सरोकार से जुड़ कर छोटी छोटी समस्यायों को पूरा करने की बात कही है। इस मौके पर एनसीपी के संगठन प्रभारी रतन लाल, विजय राजवंशी, पवन कुमार सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एसपी के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने आज सिंगरा व भीमगढ़ चियांकी फार्म स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। मौके पर सदर थाना प्रभारी ने बताया कि छठ व्रतियों को कोई कठिनाई न हो, इसको देखते हुए वे सजग हैं। थाना क्षेत्र में जितने भी छठ घाट हैं। उन्होंने जाकर इसका जायजा लिया। किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो, इसको देखते हुए प्रशासन हाई अलर्ट पर है। मौके पर अवधेश कुमार विश्वकर्मा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू तिवारी उर्फ सतीश तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बजरंग दल ने मांस मछली पर रोक लगाने की मांग की

**छत्तरपुर।** मांस मछली पर रोक लगाने की मांग को लेकर बजरंग दल ने छत्तरपुर एसडीओ व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि 28 नवंबर से 30 नवंबर तक नगर में जितने भी मांस–मछली व मदिरा की दुकानें है। वे निर्धारित समय के अनुरूप पूर्णरूप से बंद कराने की मांग की है। छठ घाट स्थल तक जाने वाली सड़के और गलियां पूरी तरह से साफ व स्वच्छ रहेंगी । मौके पर मौजूद पलामू बजरंग दल के सह सयोंजक मोनु गुप्ता ,छत्तरपुर बजरंग दल के सयोंजक सोनू सिंह , सह संयोजक राहुल रॉय ,टोन वर्मा ,रितेश चंद्रा ,सुकृत कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एनएच 98 पर दो बाइक की टक्कर में बच्चा सहित दो घायल

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय के समीप एनएच 98 पर बुधवार को दो बाइक की टक्कर हो गयी। इसमें एक बाइक पर सवार मनीष कुमार उसकी बहन शिल्पा तथा उसका 1 वर्षीय भगिना घायल हो गया। सभी घायलों का संजीवनी हॉस्पिटल में इलाज कराया गया। सभी घायल बिहार के औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना अंतर्गत काली बाबू बसडीहा के रहने वाले हैं। वे सभी प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित कर्बला पर जा रहे थे। इस दौरान एक बुलेट सवार ने उनके बाईक में टक्कर मार दी। घटना के बाद बुलट चालक फरार हो गया। वही घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर बुलेट बाइक को जब्त कर लिया।

---

विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

# ससुराल वालों पर हत्या का लगाया आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में दंगवार ओपी क्षेत्र के शिवा बीघा गांव मे एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतका शिवाबीघा गांव निवासी नागेन्द्र पासवान की पत्नी अनीता देवी 38 वर्ष बताई जाती हैं। वहीं मृतका हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव



निवासी स्वर्गीय वासुदेव राम की पुत्री बतायी जाती है। इस घटना के संबंध में मृतका की बहन का लड़का मनोज पासवान ने मृतका के पति, ससुर और सास पर हत्या का आरोप लगाया है। पूर्व में इन लोगों ने उसके साथ मारपीट किया था। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि मृतका के परिजनों ने इस संबंध में अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। फिलहाल पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## समाजसेवी ने प्रमाण–पत्र बनाने को लेकर सीओ को दिया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जाति आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने को लेकर युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने बुधवार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन हरिहरगंज सीओ वासुदेव राय को सौंपा। मालूम हो कि अंचल कार्यालय हरिहरगंज के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण इन दिनों जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्रों के करीब दो हजार से अधिक आवेदनों पर भविष्य संवारने के बजाय एक माह से अधिक समय से कार्यालय में पड़े धूल जम रहे है। इसे लेकर युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने चिंता जताते हुए कहा कि समय पर जाति,आवासीय एवं आय प्रमाण-पत्र निर्गत नही किए जाने से स्कूल कॉलेज के छात्र चिंता जताते हुए विद्यार्थियों के साथ अभिभावक एवं रोजगार पाने वाले युवाओं के चेहरों पर चिंता की लकीरें छाई हुयी है। किंतु विभागीय स्तर पर इन अति आवश्यक प्रमाण पत्रों के निर्गत करने में कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं एवं रोजगार की आस लगाए युवाओं के जेहन मे सुनहरे भविष्य चिंता सता रही है। उन्होंने पलामू उपायुक्त से जल्द प्रमाण- पत्र बनवाने की मांग की है। इस मौके पर मनोज मेहता, गोपाल प्रसाद, टंटू मिश्रा, दिनेश पासवान, शंभू यादव, शिवशंकर गुप्ता, दिनेश मेहता, विनोद पासवान, बबलू राम सहित कई लोग शामिल थे। इस संबंध में सीओ बासुदेव राय ने कहा कि चैनपुर के सीआई ललित बैठा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

## लक्ष्मी पूजा पर भक्ति जागरण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ खुर्द शिवमंदिर के प्रांगण में नवयुवक समिति के द्वारा महालक्ष्मी पूजा के मौके पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी सह अभिभावक द्वारिका गुप्ता, अनिल जायसवाल, मनोज गुप्ता, सुरेश गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। साथ ही लक्ष्मी पूजा के अवसर पर शहर वासियों को शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में मां अंबे झांकी ग्रुप के कलाकारों के द्वारा आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत के साथ कलाकृति प्रस्तुत किया। पूरी रात श्रोताओं ने भक्ति जागरण का आनंद लिया। इस मौके पर पुजारी दीनानाथ पाठक, कुणाल कुमार, मनीष शौंडिक, जयपाल चौधरी, कमेटी के अध्यक्ष कन्हाई विश्वकर्मा, मंदिर प्रबंधन अध्यक्ष सोनू गुप्ता, सचिव सहदेव कुमार, कोषाध्यक्ष कुणाल गुप्ता, संदीप साहू, सुमित गुप्ता, मनीष शौंडिक, द्वारका प्रसाद, विवेक कुमार, संजल गुप्ता, सतीश गुप्ता, सीटू कुमार आदि मौजूद थें।

## सोहराई के मौके पर ग्राम देवता की विशेष पूजा का आयोजन

### भक्तों ने लिया बाबा का आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** छिपादोहर सहित विश्रामपुर आंचलिक व नगर परिषद क्षेत्र में बीरकुवंर बाबा के प्रांगण में सोहराई के मौके पर गांव के रक्षक ग्राम देवता की पूजा अर्चना बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बड़े ही धूम धाम के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें विश्रामपुर के डाकबंगला मैदान व वार्ड संख्या अठारह के छिपादोहर खुर्द के देवी धाम के समीप ग्राम देवता की स्थापित



प्रतिमा की पूजा लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। जिसमें भगवान कृष्ण के अनुआई ग्वालाओ ने जम कर कोरस सहित लोक गीत गाकर अपने इष्ट देव को प्रसन्न किया। वही छिपादोहर खुर्द में इस साल के प्रधान पुजारी छठु यादव ने बताया की ग्राम देवता की पूजा हम सभी भक्त हर साल पूरे उत्साह से मानते है। जिसमें गांव के रखवाली करने वाले देवता को खीर,पूरी,बताशा, पुआ, नव्वेद आदि का भोग लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर धन धान्य सहित गांव के लोगों के सुखमय जीवन की कामना करते हैं। वही जिनकी मनोकामना पूर्ण होती है वह परिवार आज बकरे की बली देकर अपने आराध्य से विशेष कृपा प्राप्त करते है। तत्पश्चात पूजा कमिटी के सदस्यो ने लाठी डंडे व तलवार बाजी की एक से बढ़ कर एक कर्तव्य दिखा कर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर मल्लू यादव, कुलदीप यादव, बुद्धि यादव, द्वारिक यादव, नीरज मिश्रा, नंदन मिश्रा, नन्हक यादव,मनदीप यादव, सुकन यादव, अरुण पासवान, लड्डू पासवान, प्रमोद यादव, रामजी यादव, उमेश यादव, संतोष यादव, बदुरी यादव, कुल्लू यादव, सहित सैकड़ों महिलाए, किशोरी व वयोवृद्ध भक्तो की मौजूदगी रही।

## छठ पर्व को लेकर सजा फल फलहरी व सूप-दौरा का बाजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सतबरवा प्रखंड मुख्यालय स्थित साप्ताहिक हाट बुधवार से छठ व्रतियों के लिए सज गया। यहां फल-फलहरी और सूप - दउरा की बिक्री प्रारंभ कर दी गई है। सूप 400 रुपए प्रति जोड़ा की दर से बेचा जा रहा है। वहीं दउरा एक से डेढ़ सौ, झाड़ू 40 से 60 तथा पंखा 40 की दर से बेचा जा रहा है। वही फिर खीर भोजन में लगने वाला ओरी का चावल 200 से लेकर 400 प्रति किलो की दर से बिक रहा है। फल विक्रेता पप्पन और अब्बास ने बताया कि केला प्रति दर्जन 60, सेब की कीमत एक सौ रुपए प्रति किलो, अनार 140 तथा संतरा 80 रुपए केजी के हिसाब से छठवर्ती को देंगे। फलहरी विक्रेता अंकित कुमार ने बताया कि नारियल 40 रुपए जोड़ा, अगरबत्ती, धूप, सौंफ, किसमिस -



छुहारा, लवंग, इलायची, चंदन, रोड़ी समेत तमाम सूखा प्रसाद एक छठ व्रतधारी को 251 रुपए में मुहैया करा दिया जायेगा। जिसमें 33 तरह की पूजा सामग्री होगी। वही उन्हें फलहरी दूसरे दुकान से लेना पड़ेगा। मालूम हो कि सतबरवा में बांस निर्मित सामानों के कई दर्जन विक्रेता हैं। वही फल फलहरी की एक सौ से ज्यादा की दुकानें है। छठ व्रत धारियों ने बताया कि महंगाई पर आस्था भारी है।

## सिलदिली पंचायत में तीन वृद्ध की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत सिलदिली पंचायत के अलग-अलग गांव में तीन लोगों की मौत हो गई । कुलिया निवासी पूर्व उप मुखिया सह पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुनील पाल के 90 वर्षीय दादा मनोहर पाल का बुधवार को निधन हो गया। जिनका दाह संस्कार बाकी नदी के कुलिया घाट पर किया गया। वहीं सिलदिली निवासी रामवृक्ष साहू की 85 वर्षीय माता का देहांत हो गई। जिनका दाह संस्कार वाराणसी के गंगा घाट पर किया गया। इसी तरह सिलदिली निवासी भोलाराम जी की पत्नी 70 वर्षीय कौशल्या देवी की मृत्यु उनके घर पर ही हो गई। जिनका दाह संस्कार बाकी नदी के तट पर किया गया। तीनो वृद्ध अपने पीछे भरा पूरा परिवार को छोड़ गए हैं। मौत की खबर सुन कर क्षेत्र में मातम छा गया। उनके इष्ट मित्र एवं चाहने वालों की भीड़ लगी रही। तीनों बुजुर्गों के शव के अंतिम दर्शन के लिए क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों से लोग आते रहे।

## छठ पूजा महोत्सव की सफलता को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** प्रखंड अंतर्गत डेमा के भगवान भास्कर छठ पूजा समिति द्वारा बुधवार को डेमा बटाने नदी घाट के तट पर आगामी छठ महोत्सव को लेकर बैठक सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता कमिटी के अध्यक्ष मनोज कुमार मेहता एवं संचालन पुलिस के जवान चंदन यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से युवा नेता सह समाजसेवी राजीव रंजन, सरोज प्रसाद, कमलेश यादव, शंभू यादव, धर्मेंद्र यादव, शिवपूजन यादव, उमेश कुमार, अशोक राम मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में छठ महोत्सव पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, सड़क व छठ घाट की साफ-सफाई, सजावट, पंडाल, स्टेज, भगवान भास्कर की मूर्ति, कोष पर चर्चा की गयी। इस दौरान छठ पूजा महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। कमेटी के सचिव कमलेश यादव, कोषाध्यक्ष कुंदन यादव ने बताया कि जरूरतमंद छठ व्रतधारियों को निःशुल्क पूजन सामग्री भेंट की जायेगी। बैठक में आकाश कुमार, सुनील मेहता, अनिल यादव, लालू यादव, राहुल कुमार, सुनील भुईयां, कमलेश मेहता, संजय चौधरी, संजय यादव, अवधेश यादव, कृष्णा यादव, ललित यादव सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाषः (06526) 222932, फैक्सः 224599
ई–मेलः ssaloh@rediffmail.com
lohardagassa@gmail.com

**कार्यालय आदेश**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक 944/स0शि0, दिनांक 11.10.2022 के द्वारा जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, लोहरदगा के माध्यम से प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा (PR 279818 Lohardaga (22-23) D कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यलाय हेतु प्रकाशित विज्ञापन अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR 280905 (Lohardaga) 22-23 (D)

झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग
जिला खनन कार्यालय, पलामू, मेदिनीनगर
e-mail :- dmo-palamau@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना**

पलामू जिला के उटॉरी रोड, नावा बाजार, सदर, मेदिनीनगर अंचल अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर अवैध रुप से भंडारित बालू खनिज के दिनांक 28.10.2022 को आम निलामी हेतु तिथि की सूचना PR280012(District)22-23*D द्वारा प्रकाशित किया गया था, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए आम निलामी की अगली तिथि 05.11.2011 को निर्धारित की गई है।

नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 03.11.2022 तक समय 12.00 बजे मध्यान तक जिला खनन कार्यालय, पलामू में पूर्व में प्रकाशित वांछित कागजातों के साथ आवेदन जमा करना सुनिश्चित करेंगे। शेष समय, स्थान एवं शर्त्ते यथावत् रहेंगे।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,
पलामू, मेदिनीनगर

PR.NO.280923 Palamu(22-23):D

दीपोत्सव के साथ लोगों पर चढ़ा डांडिया का खुमार

# डांडिया डांस कॉम्पटीशन में बच्चों ने दिखाया जलवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत में दीपोत्सव का त्योहार बेहद धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत के छतरपुर मुख्यालय, लोहराही, भेरवाडीह, मदनपुर बैरियाडीह, रामगढ़, केवालपर, मन्देया, मसिहानी, भगवान टोला, खदेरू टोला, सड़मा, सहित सिलदाग, रुदवा, कऊवल, दिनादाग सहित विभिन्न इलाकों में दीपावली धूमधाम से मनाया गया । वहीं शहर के ऐतिहासिक ठाकुरबाड़ी मंदिर में जूनियर युवा जन जागृति मंडल के द्वारा डांडिया डांस कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन चन्द्रमणि कुंवर व माधुरी कुंवर ने फीता काट कर किया। मौके पर कार्यक्रम के आयोजन प्रमुख सह मंडल के संरक्षक और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, महिला थानेदार सोनी कुमारी, गोपाल चन्द्रवंशी, रितेश सोनी, शशिकांत उपस्थित रहे। उद्घाटन भाषण में नगर के भावी प्रत्याशी अरविंद ने कहा कि दीपावली दिलों को जोड़ने का त्योहार है । वहीं महिला थाना प्रभारी सोनी कुमारी ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी। डांस में प्रथम पुरस्कार साक्षी कुमारी को, द्वितीय पुरस्कार ऋचा और निधि गुप्ता को , तृतीय पुरस्कार खुशी कुमारी, किंजल कुमारी को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ अन्य प्रतिभागियों में प्रिया कुमारी, लाली कुमारी, सलोनी कुमारी, रानी और सौम्या, अर्णव राज, नव्या कुमारी, अप्पू कुमार, सिम्मी कुमारी, परी कुमारी, मेघा कुमारी, प्रिंस कुमार, खुशबू कुमारी, परी गुप्ता, तन्वी सिंह और तनिषा, शुभम सिंह, बेबी हनी, प्राची गुप्ता, खुशी कुमारी, किंजल कुमारी, रिया कुमारी, रिमझिम प्रिया, लाडो कुमारी, मयंक पासवान, गरिमा, गुनगुन, सलोनी, मधु और प्रिया को मेडल दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर जूनियर युवा जन जागृति मंडल के अध्यक्ष राजन चंद्रा, उपाध्यक्ष अंकित मालाकार, कोषाध्यक्ष गोलू चंद्रा, उपकोषाध्यक्ष बबलू गुप्ता, सचिव शुभम मालाकार, उपसचिव विकास गुप्ता, संरक्षक अरबिंद गुप्ता चुनमुन, अंकित दास, गोलू रंजन, विशाल गुप्ता, इलू गुप्ता रिशु गुप्ता, राहुल गुप्ता, व्यवस्थापक सोनू कुमार, राहुल कुमार, राजा चंद्रा, छोटू चंद्रा, कृष चंद्रा, वीरू मालाकार, शनि चंद्रा, ऋषि चंद्रा, जनु चंद्रा, चंदन चंद्रा, छोर मालाकार, विकास चंद्रा, मिथलेश की महती भूमिका रही। साथ ही साथ कार्यक्रम में गोपाल चन्द्रवंशी, गिरिजा चन्द्रवंशी, सुरेंद्र चंद्रवंशी, राकेश, डब्लू, सोनू सिंह, मनोज, दिलीप सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने जम कर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

आवश्यक सूचना
(लापता विरेन्द्र चन्द्रवंशी उम्र करीब–30 वर्ष)



उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि Tiwtter के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ है कि लापता व्यक्ति विरेन्द्र चन्द्रवंशी उम्र करीब–30 वर्ष, पिता–विश्वनाथ चन्द्रवंशी सा0–दुलदुलवा थाना–मेराल जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले है। जो दिनांक–21.10.2022 को आनन्द विहार, न्यू दिल्ली रेलवे स्टेशन से घर लौटने के कम में गुम हो गया है। इस संबंध में मेराल थाना सनहा सं0–10/22 दिनांक–25.10.22 दर्ज कर खोजबीन हेतु जॉच किया जा रहा है, परन्तु अबतक कुछ पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता व्यक्ति विरेन्द्र चन्द्रवंशी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलियाः–
रंग–सांवला, लम्बाई–05 फीट, 03 इंच लगभग,
पहनावा–ब्राउन टी शर्ट एवं कत्था रंग का जीन्स।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 280917 Police(22-23).D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**

दिनांक– 12.11.2022 (शनिवार)
स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा

"आम सूचना"

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा के परिसर में **दिनांक 12.11.2022 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) 05 सितम्बर, 2022 से संबंधित न्यायालय में जारी है।

अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)।
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य निशेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)।
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

श्री अंजनी कुमार झा
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

श्री रमेश घोलप
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

श्री राजेश शरण सिंह
प्रधान जिला एवं सत्र
न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 280913 District(22-23).D

# पर्यावरणविद 28 को करेंगे आम की लकड़ी का वितरण

## प्रमंडलीय आयुक्त करेंगे वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के छहमुहान चौक के निकट तिकोनिया गैरेज उपायुक्त आवास के पास 28 अक्टूबर को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल छठ व्रतियों के लिए सूखे आम की लकड़ी का वितरण करेंगे। श्री कौशल ने बताया कि वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी व्रतियों के बीच सुखी हुई आम की लकड़ी देकर करेंगे। लोक आस्था एवं शुद्धता व पवित्रता का महान पर्व छठ व्रत पर पर्यावरणविद पिछले 30 वर्षों से व्रतियों के बीच सूखी हुई आम की लकड़ियां वितरित करते आ रहे हैं। 30 वर्ष पहले शुरू किया हुआ यह अभियान आज भी जारी है। शहर के बाईपास रोड आबादगंज स्थित आवास





में उन्होंने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल व छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद अमित कुमार जायसवाल ने संयुक्तरूप से बताया कि 28 अक्टूबर दिन शुक्रवार की सुबह 11बजे से शहर के तिकोनिया गैरेज के निकट सुखी आम की लकड़ियां छठ व्रतियों के बीच वितरित किया जायेगा। जायसवाल टिंबर के प्रोपराइटर अरुण कुमार जायसवाल ने बताया कि वितरण के समय व्रतियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसको ध्यान में रखते हुए वितरण की विशेष तैयारी व व्यवस्था कर ली गयी है। ताकि सभी व्रतियों को प्रसाद बनाने के लिए सुखी हुई आम की लकड़ी मिल सके। प्रेस वार्ता के दौरान कुमारी ज्योति जायसवाल, कोमल जायसवाल व शिल्पा जासवाल सहित कई लोग उपस्थित थें।

# जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने आयोजित की शोक सभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने बस में ड्राइवर और खलासी के जिंदा जलने पर शोक व्यक्त किया है। गौरतलब है कि राज्य में दीपोत्सव पर दीए के रोशनी से पुरा प्रदेश खुशी के माहौल में था। सभी लोग ने लक्ष्मी - गणेश की पूजा की और समृद्धि की कामना की तथा सभी जगह घी, तेल एवं करंज तेल से दीये जलाये जा रहे थे। उसी समय एक बहुत ही दुखद घटना रांची के कांटाटोली बस पड़ाव में मूनलाईट बस के स्टाफ ड्राईवर स्व. मदन महतो एवं खलासी स्व. अब्राहम दोनों ने अपनी बस में दीया, मोमबत्ती जलाकर पुजा किया और सोने चले गये। रात्रि में करीब 1 बजे खड़ी बस में आग लग गई। बस चाईबासा से रांची आई थी। दोनों स्टाफ को नींद लग गई थी वे उठ नहीं सके। जब बस पुरी तरह से आग के चपेट में आ गई तो वहां के लोग दोनों को बचाने की बहुत कोशिश की। लेकिन नाकाम रहे। इस घटना पर पलामू जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएसन के अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, सचिव सत्येन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेन्द्र भारती एवं अभी कार्यकरिणी सदस्यगण एवं जीवन प्रसाद सिंह संरक्षक ने शोक सभा आयोजित कर शोक प्रकट किये। मौके पर संरक्षक जीवन प्रसाद सिंह, रुद्र प्रताप सिंह ,अध्यक्ष सतेंद्र कुमार सिंह सचिव, कृष्णा विजय सिंह कोषाध्यक्ष एवं प्रवक्ता किरण कुमार सिंह मौजूद रहे।

# छठ पूजा के लिए घाटों में शुरू हुई साफ सफाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** आस्था व विश्वास का पर्व छठ पूजा की हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र में व्यापक तैयारी शुरू हो गई है। पर्व को लेकर छटघाटों में साफ सफाई की जा रही है। शुक्रवार को नहाय खाय से शुरू पर्व के अंतिम दिन सोमवार को उदयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के समस्त छठ घाटों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों में साफ सफाई की जा रही है। बुधवार को पिपरा प्रखंड के पुनपुन उद्गम स्थल कुंड पर छठ घाट की सफाई की गई । मौके पर दिनेश सिंह प्रफुल्ल पाठक सिद्धि सिंह विजय कुमार गुप्ता विनय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# शिक्षक चार नवंबर से आंदोलन की करेंगे शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उनके आंदोलन की शरुआत 4 नवबंर से होगा। इसके बाद मांगें पूरी नहीं होने पर 19 नवंबर को सीएम आवास का घेराव भी करेंगे। शिक्षक संघ की ओर से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, वित्त सचिव एवं शिक्षा सचिव समेत सभी विभागीय अधिकारियों को अवगत करा दिया है। आंदोलन के लिए कमर भी कस ली है। मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में 4 और 5 नवंबर को प्रदेश भर के शिक्षक काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। संघ की ओर से बताया गया कि इसके बाद भी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 19 नवंबर को सीएम आवास का घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी बात नहीं बनी तो अंतिम चरण में 17 दिसंबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर शिक्षक चले जायेंगे। गौरतलब है कि प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों की अस्मिता की रक्षा एवं लंबित मांगों से वर्तमान समय में खतरे में है। अधिकारियों के शोषण, हिटलरशाही पक्षपातपूर्ण रवैया और उपेक्षाओं से तंग आकर शिक्षकों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। शिक्षकों की मांगों में बिहार सरकार की तर्ज पर सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना लागू करना, छठे वेतनमान में विसंगति को दूर कर शिक्षकों के लिए सचिवालय सहायक की तरह अपग्रेड वेतनमान लागू करना, अंतर जिला स्थानांतरण में आ रही रुकावट को दूर करना और शिक्षकों को गैर शैक्षणिक एवं लिपिकीय काम से मुक्त करना भी शामिल है।

# भोजपुरी गायन भारतीय ग्रामीण संस्कृति की है पहचान : धर्मदेव

## घासीदाग में भोजपुरी दुगोला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार ।** विश्रामपुर प्रखंड के घासीदाग पंचायत मुख्यालय में न्यू स्टार क्लब द्वारा माता लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया गया। पूजन की रात्रि में भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव,राजद नेता धीरेंद्र सिंह पप्पू व मुखिया अंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन की अध्यक्षता नारायण सिंह व संचालन शिक्षक नेता सत्यनारायण सिंह ने किया। धर्मदेव सिंह यादव ने कहा कि भोजपुरी



गायन भारतीय ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। इस पहचान को बचाए रखने की जरूरत है। मुखिया अंजू देवी ने कहा कि भोजपुरी हमारी बोलचाल की भाषा है। धीरेंद्र सिंह पप्पू ने कहा कि भोजपुरी हमारी रग रग में बसा हुआ है। उन्होंने गायकों से अश्लीलता से दूर रहने को कहा। मौके पर सुरेंद्र कुमार रवि, पूर्व उपप्रमुख ज्ञानचंद राम, समाजसेवी डब्ल्यू यादव, बलराम रजक, वार्ड सदस्य उपेंद्र यादव, मनोज राम, प्रमोदराम, बबलू पाल, मुन्ना ठाकुर, बीरबल सिंह, दिनेश सिपाही, विनय पांडेजी, महेंद्र साहू, विजय ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ ने शोक सभा आयोजित की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में माध्यमिक शिक्षक संघ के द्वारा हाई स्कूल के सरकारीकरण के प्रणेता एवं बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सदस्य बिहार विधान परिषद केदार नाथ पांडे का असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि 23 अक्टूबर की रात्रि में केदारनाथ पांडे का निधन हो गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए संघ भवन में मंगलवार को एक शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों ने शिक्षा एवं शिक्षक हित में चार दशकों से सक्रिय रहे योद्धा के सम्मान में 2 मिनट के मौन रखकर दिवंगत आत्मा को शांति के प्रार्थना किया गया। गौरतलब है कि केदारनाथ पांडे संघ के अध्यक्ष व भाकपा नेता और 2002 से लगातार विधान परिषद के सदस्य रहे । वे सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से 2002, 2008, 2014 और 2020 में एमएलसी निर्वाचित हुए थे।

# नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने रेलवे अंडर पास से निकलवाया पानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** बक्शी हाई स्कूल परिसर के पीछे बनी रेलवे अंडरपास में वर्षा का पानी जमा होने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया था। परंतु नगर पंचायत प्रतिनिधियों के पहल पर छठ महापर्व को देखते हुए पानी निकाला गया। इससे आवागमन शुरू हो गया है। अडंरपास में पानी जमा होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। इस परेशानी को देखते हुए मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार,नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान आदि ने मौके पर खड़ा होकर अंडरपास में जमा पानी की नपं के सैप्टिक टैंक से पानी निकलवाया। मौके पर नपं अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि यह कार्य रेलवे विभाग का था। लेकिन हुसैनाबाद सिटी सहित राहगीरों की परेशानी को देखते हुए इसकी पहल की है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में बढ़ती आबादी व जपला स्टेशन में मुख्य केबिन के पास रेल फाटक के बंद होने के बाद लगी जाम से छुटकारा दिलाने के लिये इस अंडरपास की व्यवस्था पिछले वर्ष ही करायी गई है। परंतु कई बार रेलवे विभाग से अनुरोध करने के बाद भी अंडरपास से पानी नहीं निकला गया। इसके उपर शेड तो लगाये गये, पर इसमें सड़क व आसपास का पानी जाना नहीं रुका। जबकि इसी रास्ते से शहर की आधी आबादी ब्लॉक, स्कूल, कॉलेज के छात्र - छात्राओं सहित आम राहगीरों को रोजमर्रा के कार्य से गुजरना पड़ता है। वर्तमान में पानी निकासी के बाद छठ महापर्व में लोगों को इन समस्याओं से निजात मिल गया है। मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में रेल विभाग द्वारा पानी निकासी का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। जिसके कारण बारिश होने के बाद परेशानी हो रही है। हुसैनाबाद की जनता की समस्यायों को देखते हुए नगर पंचायत ने अपने स्तर से प्रयास किया है। ताकि लोगों को आने जाने में सुविधा हो। इस मौके पर वार्ड पार्षद उमरावती देवी,राज अली, केदार सिंह, अजय भारती, सूर्यनाथ पासवान, इजहार अंसारी, उदय, इम्तेयाज आलम, सिबतेंन मिर्जा, मिथुन सहित कई लोग मौजूद थे।

# वरदान ट्रस्ट करेगा छठ पूजा साम्रगी का वितरण

**मेदिनीनगर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ( कपड़ा बैंक) जरूरतमंद छठव्रतियों के बीच लगातार तीन दिनों तक नयी साड़ियां ,नारियल, घी, अगरबत्ती एवं अन्य पूजन सामग्रियों का वितरण करेगा। ये जानकारी वरदान ट्रस्ट के सचिव शर्मिला वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इसकी शुरूआत 28 अक्टूबर को साढ़े ग्यारह बजे होगी। सभी छठ करने वाले व्रतियों को समय पर मौजूद रहने को कहा गया है।

# लीज भूमि दर दुगुना करने का महापौर ने किया विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के अधीन लीज भूमि की दर को दुगुना करने का विरोध करते हुए महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि सरकार मनमानी कर रही है। मैंने कमेटी को खुद लिखित रूप से दिया है कि जब 1896 लिज धारियों में से मात्र 46 लीज धारियों ने ही पुराने दर पर आज तक नवीनीकरण कराया है । तो उपायुक्त कैसे सोच सकते है कि रेट बढ़ाकर लीज नवीकरण होगा। महापौर ने कहा कि मैंने खुद लिखित रूप से उपायुक्त की अध्यक्षता वाले कमेटी को लिज भूमि की दर को कम करने की अनुशंसा की है। मेरे विरोध करने के बावजूद भी कमेटी ने बिना मेरे हस्ताक्षर के लीज भूमि कि दर को दोगुना कर दिया, जो दुखद है। मैं इस दर का पुरजोर विरोध करती हूं। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों जिनमें खासकर सत्तापक्ष के लोगों से अनुरोध करती हूं कि इस रेट को लागू ना होने दें । अन्यथा कई लोग भूमि रहते भूमिहीन हो जायेंगे। महापौर ने एक बार फिर उपायुक्त से अनुरोध करते हुए कहा है कि बढ़ाया गया दर कहीं से तर्कसंगत नहीं है। इस पर वे पुर्नविचार करें। महापौर ने उपायुक्त से यह भी कहा कि आप 30 वर्षों का जितना किराया लिज भूमि का लेना चाहते है। उतने में रांची के कांके रोड में लोग जमीन का केवाला करा कर खरीद लेंगे। महापौर अरुणा शंकर ने सरकार का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि अगर सरकार नहीं मानी तो लिज धारियों के साथ बैठक कर मैं हाई कोर्ट जाऊंगी।

# गोवर्धन पूजा के दिन ही भगवान श्री कृष्ण ने उठाया था गोवर्धन पर्वत : दामोदर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गोवर्धन पूजा पर विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के कार्यकर्ता स्थानीय गौशाला पहुंचे और वहां जाकर उन्होंने गौ माता की पूजा अर्चना की और गोवर्धन पूजा को समारोह पूर्वक आयोजित किया। मौके पर विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने कहा कि दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। लोग इसे अन्नकूट के नाम से भी जानते हैं। इस त्योहार का भारतीय लोगों के जीवन में बहुत महत्व है। हालांकि दिवाली के अगले दिन सूर्यग्रहण लगने के कारण इसे एक दिन बाद आयोजित किया। उन्होंने कहा कि इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध दिखाई देता है। गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है। जैसे नदियों में गंगा । गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं। उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। गौ के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए ही कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन गोर्वधन की पूजा की जाती है और इसके प्रतीक के रूप में गाय की पूजा की जाती है। बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार दास ने कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद दिया । उन्होंने आज गोवर्धन पूजा समारोह में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया । कार्यक्रम में बजरंग दल जिला सह मंत्रीअमित कुमार तिवारी, जिला समरसता सह प्रमुख शशि भूषण मिश्र, जिला मंदिर मठ प्रमुख संजय प्रजापति, जिला गोरक्षा प्रमुख राकेश कुमार सिंह, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक कुमार चौबे, उमेश कुमार साहू, सुभाय राज, मनीष बर्मन, रिंकू कुमार सहित कई कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

# विहंगम योग की बैठक में कई बिन्दुओं पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान का पलामू जिला स्तरीय बैठक बुधवार को सम्पन्न हुआ। स्थानीय बीस फूटा पुल चौक के समीप बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में बैठक आयोजित की गयी। गौरतलब है कि इस आश्रम परिसर में विहंगम योग संस्थान के द्वारा 7 एवं 8 नवंबर को दो दिवसीय विहंगम योग समारोह एवं 2100 कुण्डीय विश्व शांति



वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस महायज्ञ में संस्थान के द्वितीय परंपरा सदगुरू आचार्य स्वतंत्रदेव महाराज एवं संत प्रवर विज्ञानदेव महाराज मुख्य रूप से भाग लेंगे। संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने महायज्ञ स्थल पर अंकित श्वेत ध्वजा फहराया और कार्यालय का उद्घाटन किया। अतिथियों एवं सेवा प्रभारियों ने सदगुरू देव के तस्वीर पर फूलमाला अर्पित किया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने की। बैठक में महायज्ञ को लेकर अब तक किए गए तैयारी की समीक्षा हुआ। इस दौरान महायज्ञ की सफलता के लिए कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि महायज्ञ को लेकर तैयारी एवं जिले में प्रचार कार्य तेजी से चल रहा है। बैठक में शामिल सेवा प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि सदगुरू प्रभु की असीम कृपा से सेवा का अवसर मिला है। सेवा से ही सदगुरू प्रसन्न होते हैं और सदगुरू की प्रसन्नता में ही शिष्य का कल्याण निहित है।मौके पर जिला परामर्शक नंदलाल पासवान, मनोरमा द्विवेदी, रविंद्र श्रीवास्तव, जानकी बल्लभ सिंह, रामपति राम, यशवंत सिंह, बनारसी प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रसाद अरोड़ा, रणजीत सिंह, शिवकुमार सिंह, जनेश्वर सिंह, लक्ष्मण सिंह, सौगंध मेहता, चंदन सिंह, कुबेर गुप्ता, उपेंद्र मेहता, अरुण सिंह, दशरथ पासवान, ओंकारनाथ पाठक, अमरेंद्र, संजय प्रजापति, राकेश कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र यादव, अजय यादव, संदीप जायसवाल, गीता अरोड़ा, सुशीला सिंह, अमलेश सिंह, दुलारचंद पाल सहित कई सेवा प्रभारी मौजूद थे।

# छठ पूजा में मीट मछली की दुकान बंद हो : अनुज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाड़ी पंचायत के मुखिया सह अधिवक्ता अनुज कुमार त्रिपाठी ने छठ महापर्व को लेकर अपने क्षेत्र के जनता को शुभकामनाएं देते हुए। जिला प्रशासन से मीट मांस की दुकान बंद कराने का आग्रह किया है। मुखिया ने कहा है कि छठ महापर्व के पावन दिनों में बड़ी तादाद में श्रद्धालु छठ घाट पर जाते हैं, घाट जाने के दौरान मार्ग में स्थित मीट की दुकान व होटलों से उठने वाली दुर्गंध से भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचती है। उन्होंने तत्काल इन दुकानों को आज से छठ पूजा तक बन्द कराने की मांग की है। वहीं छठ पूजा के



दौरान मुखिया अनुज त्रिपाठी के द्वारा रजवाडी पंचायत के सभी छठ घाट की साफ-सफाई बेहतर ढंग से कराई जा रही है। क्षेत्र में जहां जहां सड़क पर गड्ढे बने हुए है । उसे भरवाने का काम किया जा रहा है। ताकि छठ पूजा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।

## न्यूज गैलरी

### नव जागृति संघ ने भक्ति जागरण का किया आयोजन

**पांडू।** प्रखंड के ग्राम डाला कला में लक्ष्मी पूजा के शुभ अवसर पर नव जागृति संघ के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्धघाटन डाला कला पंचायत के मुखिया सह संघ के संरक्षक राम बाबू यादव ने फीता काट कर किया। हर साल की इस वर्ष भी मां लक्ष्मी का पूजा धूम धाम के सम्पन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य कलाकार कुमारी छोटी चंद्रवंशी ,राजेश रानी,छोटन लाल यादव ने रात भर एक से एक भजन प्रस्तुत किया। जिस पर श्रोता रात भर आनन्द लेते रहे । मौके पर संघ के सदस्य अनुज मेहता ,सुमंत यादव, सतेंद्र यादव ,दीपक शर्मा ,सोनू पासवान ,अभिमन्यु यादव ,राधेस्यम यादव, संतोष मेहता चन्द्रीप यादव सहित कई लोग शामिल थे।

### आज होगी श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा

**मेदिनीनगर।** पलामू में आज कलम के देवता श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा होगी। इसके लिए स्थानीय नावाटोली कोयल नदी तट स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में भव्य पूजा समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। पूर्वाहन 11 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। सार्वजनिक श्री चित्रगुप्त पूजा समिति के सचिव के अनुसार आज 11 बजे से पूजा की शुरूआत होगी एवं 1 बजे अपराहण में प्रसाद वितरण का कार्य होगा। संध्या 7 बजे आरती होगी। वही 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे हवन होगा एवं इसी दिन चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा का विर्सजन कोयल नदी तट पर किया जायेगा। उन्होंने पूजा समिति से जुड़े सभी श्रद्धालुओं से समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

### विश्रामपुर सोरडीहा में खुला ब्रेकरी ब्रेड मिनी फैक्ट्री

**नावा बजार।** विश्रामपुर नगर परिषद के सोरडीहा में बेकरी ब्रेड का मिनी फैक्ट्री खोला गया। जिसका उद्घाटन विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय व संजय पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के कारण कोई भी सरकार सभी को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती। ऐसे में बेरोजगार युवा स्वरोजगार को अपनाएं व रोजगार की दिशा में क्रांति लायें। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि कुछ कर दिखाने की इच्छा शक्ति हो तो बेरोजगारी कभी आड़े हाथ नहीं आयेगी। आज युवाओं की टोली सीमित संसाधन में दूसरे को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि सरकारी नौकरी ना सही स्वरोजगार से जुड़कर एक अलग पहचान स्थापित करें। संजय पांडेय ने कहा कि गृह उद्योग स्वरोजगार का एक अच्छा माध्यम है,जिसे युवाओं को अपनाने की जरूरत है। बेकरी के संचालक पवन कुमार ने बताया कि इस फैक्ट्री में केक, ब्रेड,पावरोटी,टोस्ट,क्रीम रोल,बन, विस्किट सहित कई तरह का उत्पादन होगा। मौके पर समाजसेवी विजय कुमार रवि, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, राकेश चंद्रवंशी सहित कई लोग मौजूद थे।

### छठ महा पर्व की तैयारी में जुटे भक्त

**मेदिनीनगर।** पांकी के आसेहार में छठ महा पर्व को लेकर कौशल किशोर बच्चन अपने समर्थकों के सहयोग से लगातार 8 सालों से अपने पैतृक गांव के पीरी नदी छठ घाट की सफाई व पूजा सामग्री का वितरण करते आ रहे है। उनके द्वारा छठ घाट पर लाइट ,टेन्ट व मनोरंजन के लिए भक्ति जागरण का आयोजन भी किया जाता है। सुबह में दूध, दही व चाय की व्यवस्था छठ घाट पर की जाती है। सड़कों की मरम्मत के साथ साथ साफ सफाई की शुरूआत दशहरा समाप्त होने के बाद से ही शुरू हो जाता है। छठ एक महान पर्व है । इस में जितना हो सके,लोगों को सहयोग करना चाहिए। अपने समर्थकों के सहयोग से वे हर साल लगातार व्रतियों की सेवा में समय देते आ रहे हैं। इस बार बारिश कम होने की वजह से नदी की सफाई में काफी मशक्कत करनी पड़ी । हमारे युवा सर्मथक काफी उत्साह के साथ सभी कामों में हाथ बटाते हैं। अपने अपने शक्ति के अनुसार सभी लोग मदद करने में पीछे नहीं रहते हैं। मौके पर सहयोग करने वालों में कुमार सौरभ स्टोन माइंस, रामाशीष ,लड्डू ,आदर्श, दिनेश यादव, टकला, सनी, हर्ष, साव, राजनाथ साव, सुधांशु, लोटन,बिकु, नवीन, चन्दन, बिकेस,साहिल, रंजय, सुजीत,रंजीत,राजकुमार ,सिंह, बिकास, राकेश, पारस, चीनी, जोगन, हिरानन्द, कैलाश, अंकज, अंशु, सुनील सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भक्ति जागरण का आयोजन

**पांडू।** प्रखंड के ग्राम बृद्धखैरा एवं ढांचाबार में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर राधा कृष्ण युवा क्लब के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्धघाटन पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर कलाकार विजय बवाली पलामू एवम गाईका कोमल राज बिहार के कलाकारों ने रात भर भक्ति जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष अमरनाथ बैठा,सचिव शिव सिंह,बरुन बैठा,पुनीत बैठा,बृजबिहारी सिंह,चंदन सिंह,सुनील बैठा आदि मौजूद थे।

### भाजपा नेता ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के बरौली गांव मे लक्ष्मी पूजा समिति के तत्वाधान में झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज और गढ़वा जिला विश्वकर्मा समाज के संयुक्त तत्वाधान में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार सिंह व पूजा समिति के लोगों ने फीता काटकर किया। मौके पर भाजपा नेता सह विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिनोद कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को लक्ष्मी पूजा की शुभकामनाएं देते हुए लक्ष्मी माता से क्षेत्र में कृपा करने की कामना की। उन्होंने कहा कि बरौली गांव के ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों से प्रत्येक वर्ष लक्ष्मी पूजा मनाने तथा इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सामाजिक समरसता मजबूत करने के साथ–साथ लोगों को मनोरंजन कराने का काम करते आ रहे हैं। इसके लिए उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया। कहा कि माता लक्ष्मी की कृपा से क्षेत्र में खुशहाली व समृद्धि आये, यही कामना है । इसके पूर्व कार्यक्रम आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन व नृत्य संगीत से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर मुख्य रुप से मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव,पूर्व मुखिया टूना सिंह,सुनील सिंह,अंकित कुमार, बबलू कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर हुई मारपीट



**धुरकी/गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के खाला पंचायत के खाला गांव में बुधवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें पहले पक्ष के पिता पुत्र गणपत महतो तथा रामाशीष यादव को दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया । वहीं दूसरे पक्ष के प्रभु यादव, पूजा कुमारी, झरनी कुंवर राजेंद्र यादव, शिवदास यादव भी मारपीट में घायल हुए हैं । दोनों पक्षों के अपने अपने आपबीती बताते हुए दूसरे पक्ष ने बताया कि हमारे केवाला एवं रैयती जमीन थी, उसमें पहले पक्ष के पिता पुत्र गणपत महतो एवं रामाशीष यादव जबरन मकान बना रहे थे। मना करने पर नहीं माने तब तक दोनों में जमकर मारपीट हो गई। वहीं पहले पक्ष ने बताया कि हम अपने पूर्वजों का दिये हुए जमीन में मकान बना रहे थे, तभी दूसरे पक्ष ने पिता पुत्र को मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। सूचना मिलते ही धुरकी थाना एएसआई बिरसा मुंडा ने अपने दल बल के साथ अस्पताल में पहुंच कर दोनों पक्ष का रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वही रामाशीष यादव के बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी से सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

### एलएनटी कंस्ट्रक्शन सोन कनहर यूजीपीएल गढ़वा प्रोजेक्ट के तत्वावधान में किया गया पौधरोपण



**भवनाथपुर।** एलएनटी कंस्ट्रक्शन सोन कनहर यूजीपीएल गढ़वा प्रोजेक्ट के तत्वावधान में बुधवार को थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार, थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो एवं कंपनी केईएचएस मैनेजर अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से फलदार पौधे लगाएं। कम्पनी के इएचएस मैनेजर अशोक कुमार ने कहा की व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 2500 सौ से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य आसपास के इलाकों में पौधरोपण कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया है। भवनाथपुर प्रखंड के सेल डीएवी टाउनशिप, माइंस अस्पताल टाउनशिप, सरस्वती विद्या मंदिर टाउनशिप, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर में फलदार पौधे लगाए जा चुके हैं 'पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत थाना परिसर में बुधवार को आम, अमरूद, नींबू, कटहल सहित 1000 पौधे रोपे का लक्ष्य हैं। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने कंपनी के इस कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि धरती पर पेड़ पौधे नहीं रहेंगे तो मानव जीवन समाप्त हो जाएगा। यह कार्बन डाइऑक्साइड लेता है और ऑक्सीजन छोड़ता है। पेड़ पौधे रहेंगे तो वर्षा भी अधिक होगी। इसलिए हमलोगो को पेड़ पौधे लगाकर इसे बचाने का भी संकल्प लेना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी सतीश महतो ने कहा कि पौधे हमें प्राणवायु ऑक्सीजन देते हैं। जिससे पर्यावरण भी शुद्ध रहता है। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए और मानव जीवन को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना अति आवश्यक है। इस मौके पर कंपनी केइएचएसओ राहुल पांडे, राकेश कुमार गुप्ता सहित पुलिस जवान उपस्थित थे।

### लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर कोलेबिरा बीडीओ ने कोलेबिरा डैम किया निरीक्षण

**कोलेबिरा।** लोक आस्था का महापर्व छठ नजदीक है इस को ध्यान में रखते हुए बुधवार को कोलेबिरा बीडीओ अखिलेश कुमार और सीओ हरीश कुमार के द्वारा कोलेबिरा डैम स्थित छट घाट का निरीक्षण किया। मौके पर घाट में वर्तियों एवं श्रृद्धालुओं से संबंधित विधि-व्यवस्था एवं घाट के साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होने घाट स्थित वाहनों की पार्किंग आदि चीजों के बारे में समिति से जानकारी प्राप्त किया।मौके पर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत मौजूद रहे।बीडीओ एवं सीओ ने बताया कि श्रद्धालुओं के आने जाने के लिए छठ घाट तक जर्जर हुए पथ का निर्माण भी कराया गया जिससे किसी को आने जाने में कोई समस्या ना हो। वही बीडीओ ने कहा यहां पर पूरे क्षेत्र का सफाई की जाएगी एवं बिजली की सुविधा दी जाएगी मौके पर उपेंद्र प्रसाद ,विनोद कुमार ,चंदन प्रसाद, अभिषेक कुमार, सहदेव प्रसाद, दुर्गेश, ओम ,छठ पूजा समिति के लोग मौजूद थे।

### फुटबॉल खेलने के दौरान छात्र गिरकर घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो गांव स्थित राजकीय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय में बुधवार को फुटबॉल खेलने के दौरान आठवीं कक्षा का छात्र प्रीतम उरांव गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल घायल छात्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा प्रियंका ने प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार आठवीं का छात्र प्रीतम स्कूल कैंपस में अन्य बच्चों के साथ फुटबॉल खेलने के दौरान गिर गया जिससे उसका दाहिना पैर फैक्चर हो गया है।

### बेड़ो में अनुसेवक के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में कार्यरत अनुसेवक मोइ इकबाल का आकस्मिक निधन हो गया है। मृत आत्मा की शांति के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी बेड़ो डॉ प्रवीण कुमार के अध्यक्षता में प्रखंड परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी कर्मियों व पदाधिका रियों ने मृत आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा। पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सांत्वना दिया है। मौके पर प्रखंड के सभी कर्मी मौजूद थे। विदित हो मो इकबाल प्रखंड कार्यालय बेड़ो में विगत 3 साल से अनुसेवक के पद पर कार्यरत थे। साथ ही अप्रैल 2023 में वे सेवानिवृत्त होनेवाले थे। वे पिछले कुछ दिनों से लगातार वे बीमार चल रहे थे।

# महंगाई पर भारी पड़ रही आस्था

## महंगे दर पर बाजार में सुप और दउरा की खरीदारी कर रहे छठव्रती





### सूप व दउरा के दामों में भारी बढ़ोतरी

छठ पूजा के उपयोग के लिए सामान की खरीदारी किए जवाहर मेहता, शालिनी देवी, बजरंगी प्रसाद, कांति देवी इत्यादि लोगों ने बताया कि इस वर्ष सुप व दउरा के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की दर में काफी इजाफा होता चला जा रहा है । उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अच्छा किस्म का जो सुप 100 में मिला था वही सुप का दाम बढ़कर इस वर्ष 240 हो गया। इसी तरह जिस दौरा का दाम पिछले वर्ष 180 व 200 था उसका कीमत बढ़कर इस वर्ष ढाई सौ से 300 हो गया। बढ़े हुए दर में दुकानदार से हम सभी कुछ कम करने की बात भी किए लेकिन दुकानदार के द्वारा एक रुपए की राशि कम नहीं की गई । इस बीच उनके द्वारा कड़वाहट शब्द का भी उपयोग किया गया कि मेरे दर पर सामान की खरीदारी करनी है तो करिए नहीं तो आगे निकलते बनिए । खचाखच भरी बाजार में इधर-उधर जाना उचित न समझ कर हम सभी एक ही दुकान पर सामान की खरीदारी कर अपने अपने घर लौट गए ।

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में बुधवार को लगा सप्ताहिक हाट में दम तक सुप और दउरा की बिक्री हुई । बाहर से उक्त सामग्रियों को बेचने आए दुकानदारों की चांदी रही । मन के मुताबिक वे सभी अपने सामान की बिक्री करते रहे । इस दौरान उनके द्वारा 50 से लेकर 240 की दर तक अच्छा किस्म का एक सुप बेचा गया । वही 80 से लेकर 300 की दर तक एक दौरा भी बेचने का काम किया गया । वही उनके दर में कई छठव्रती मारजिंग की बात करते रहे लेकिन तनिक भी उसका असर दुकानदार पर नहीं पड़ा । बावजूद छठ व्रती अपने काम के सामान को खरीदारी करने से पीछे नहीं हटे । सुबह से शाम तक उनके द्वारा बढ़-चढ़कर सामग्रियों की खरीदारी किया जाता रहा । छठव्रतियों ने कहा कि मन में छठ मैया का बास हो गया है तो चाहे कितना भी समान महंगा मिले उसकी खरीदारी हमसभी जरूर करेंगे । इधर दुकानदार तजमुल अंसारी, गौरव सिंह, तकदीर सिंह, लालू कुमार सहित अन्य ने बताया कि इस वर्ष पहले की अपेक्षा सुप व दउरा की दर में काफी बढ़ोतरी हो गई है । जिस कारण आज हम लोगों को महंगे दर पर उक्त सामग्रियों को बेचना पड़ रहा है।

## केतार प्रखंड कार्यालय में नेहरू युवा केन्द्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** नेहरू युवा केन्द्र गढ़वा के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय परिसर केतार में बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय और कैंपस में फैली सिंगल युज प्लास्टिक, वेस्ट कुडा,कचरा इत्यादि को प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ,प्रखंड समन्वयक दिलीप कुमार सहित अन्य प्रखंड कर्मियों ने इकट्ठा कर पंडा नदी किनारे डंपिंग किया। इस अवसर नेहरू युवा केन्द्र के प्रखंड समन्वयक दिलीप कुमार ने कहा की आज के समय में हम सब अपने घर के आस पास स्वच्छता नहीं रखेंगे तो हम स्वास्थ्य नहीं रह पायेंगे। वहीं बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा की स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है।



जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों, विद्यालय सहित सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं के कैंपस को साफ सुथरा करना है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2014 को आरम्भ किया गया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराया लेकिन स्वच्छ भारत का उनका सपना साकार नहीं हो सका था। बीडीओ ने लोगों से अपने घर , सड़क और इस पड़ोस को साफ सुथरा रखने की अपिल किया है। मौके पर जेई सत्यम कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार,रवि रंजन कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सिराज अंसारी आदि मौजूद थे।

### पुलिस संस्मरण दिवस का किया गया आयोजन

## समस्याओं का होगा त्वरित समाधानः केशरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेशानुसार पुलिस स्मरण दिवस के अवसर पर बुधवार को सक्सेस साइंस कोचिंग के परिसर में 11वी एवम 12वी के छात्र-छात्राओं के बीच निबंध एवम रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.रंगोली प्रतियोगिता में सिमरन कुमारी,श्रेया कुमारी,कृति कुमारी एवम आकांक्षा कुमारी ने प्रथम,रुपा कुमारी ने द्वितीय तथा जूही कुमारी,पूनम कुमारी,आरोही कुमारी एवम स्मृति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.जबकि निबंध प्रतियोगिता में सिमरन कुमारी,कृष कुमारी व सेजल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.सभी विजेता प्रतिभागियों



को सक्सेस साइंस कोचिंग सेंटर के संचालक चंद्र प्रकाश एवम अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार तथा थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार द्वारा पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि पुलिस द्वारा 21 से 31 अक्टूबर तक पूरे जिले में पुलिस संस्मरण दिवस आयोजित किया जायेगा। उन्होंने पुलिस संस्मरण दिवस क्यों मनाया जाता है, इस संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम कराने से लोगों व पुलिस प्रशासन के बीच निकटता आती है। साथ ही बच्चों को समाज में अच्छे ढंग से रहने के लिए जागरूक किया जाता है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि आप सभी निसंकोच होकर विद्यालय जाएं। अगर आप लोगों को किसी प्रकार की परेशानी हो तो स्थानीय थाने में संपर्क करें, आप लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। मौके पर कोचिंग सेंटर चंद्रप्रकाश,दीपक जायसवाल, मनीष कुमार, संजय यादव, अरविंद सिंह सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### सोनबरसा गांव में महिला ने खाया जहर

**गढ़वा।** केतार थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी सुनील बैठा की पत्नी पुनम देवी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार पुनम देवी व उसके परिवार वालों के बीच घरेलू मामले को लेकर नोंकझोंक हुई थी। इससे गुस्से में आकर पुनम देवी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिवारवालों को इसकी जानकारी मिली तो उसे आनन फानन में सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत पुनम देवी की हालत में सुधार हो रहा है।

### महिला ने खाया कीटनाशक दवा

**गढ़वा।** चिनियां थाना क्षेत्र के रनपुरा गांव निवासी अनिकेत कुमार गुप्ता की पत्नी रूपा देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार रूपा देवी व उसके पति के बीच किसी बात को लेकर नोंकझोंक हुई थी। इसे लेकर रूपा के पति ने उसके साथ मारपीट कर दिया था। इससे गुस्से में आकर रूपा देवी ने कीटनाशक खा लिया।

### बैल ने युवक के पेट में मारा सींग

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के मोरबे गांव के अंबेडकर टोला निवासी राजू कुमार पिता सुरेश राम को बैल ने सींग से मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार राजू कुमार का बैल बुधवार को अलसुबह रस्सी तोड़कर भाग रहा था। जबकि राजू कुमार उसे पकड़कर बांधने का प्रयास किया। इस दौरान बैल ने उसके पेट में सींग मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। सदर अस्पताल में इलाजरत राजू कुमार की हालत स्थिर बनी हुई है।

### नपाध्यक्ष ने नगर पंचायत क्षेत्र में दो योजनाओं का किया शिलान्यास

## सभी वार्डों में विकास कार्यो को धरातल पर उतार कर जनता को समर्पित किया जा रहा हैः विजयालक्ष्मी देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर चार व दस में 33 लाख 67 हजार की लागत से बनने वाले दो योजनाओं का शिलान्यास बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी, उपाध्यक्ष लता देवी, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ व वार्ड पार्षद ने संयुक्तरूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने कहा कि वार्ड नम्बर चार में लुइस तिर्की के घर से बिंदु तिर्की के घर तक पीसीसी पथ निर्माण व वार्ड नम्बर दस में पुराने शिव मंदिर से मुनि प्रसाद गुप्ता के घर तक आरसीसी नाली पटिया निर्माण का



शिलान्यास आज किया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। जिसे पूरा करने की दिशा में मैं सतत प्रयत्नशील हूं। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में विकास कार्यो को धरातल पर उतार कर जनता को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व को देखते हुये नगर पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर साफ सफाई का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि नहाय खाय तक सभी छठ घाटों की सभी पूरा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी वार्डो में सोलरयुक्त जल मीनार का अधिष्ठापन नवम्बर माह के पहले सप्ताह में किया जायेगा ताकि सभी वार्डवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके.उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित व समर्पित हूं। मौके पर वार्ड पार्षद ललिता देवी, शकील अहमद, राहुलदेव पाल,महमूद आलम सीनियर, इशरत खातून सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में मरीज के कूल्हे का हुआ सफल आपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल में भर्ती 60 वर्षीय राजकुमार कोरवा के कूल्हे का बुधवार को सफल आपरेशन किया गया। मेराल कुशमही निवासी राजकुमार कोरवा 18 अक्टूबर से सदर अस्पताल में भर्ती था। गिरने के बाद उसका दाहिना कूल्हा टूट गया था। चिकित्सकीय टीम में सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह, डा.आरएस सिंह, डा. वीरेंद्र कुमार शामिल थे। बताते चलें कि सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार व उपाधीक्षक डा. अवधेश सिंह हड्डी रोग के सर्जन हैं। इन दोनों के आने के बाद सदर अस्पताल में हड्डी रोग संबंधी आपरेशन सफलता पूर्वक किए जा रहे हैं। इस संबंध में उपाधीक्षक डा.अवधेश सिंह ने बताया कि सदर अस्पताल में आनेवाले मरीज आधार कार्ड व राशन कार्ड लेकर आएं। इससे मरीजों का निश्शुल्क इलाज हो पाएगा। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल में पहले हड्डी रोग के मामले रेफर कर दिए जाते थे। लेकिन अब नई व्यवस्था में मरीजों का सदर अस्पताल में सफलता पूर्वक इलाज किया जा रहा है। एक माह के अंदर हड्डी रोग के दो माइनर तथा दो मेजर आपरेशन किया गया है। मरीज बिल्कुल स्वस्थ हो गए हैं। डीएस ने बताया कि सदर अस्पताल में मरीजों का आयुष्मान भारत योजना के तहत निश्शुल्क इलाज किया जा रहा है। आपरेशन टीम में ओटी इंचार्ज पूजा सिन्हा, अरुणंजय द्विवेदी, प्रियंका कुमारी, परशुराम पासवान, तरुण मेहता आदि ने शामिल थे।

# लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर तैयारियां तेज, घाटों की साफ-सफाई शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** छठ महापर्व को लेकर छठ घाटों की साफ सफाई शुरू कर दी गई है। जिला मुख्यालय से लेकर सुदूरवर्ती गांवों में भी छठ घाटों की साफ सफाई की जा रही है। जिला मुख्यालय में नगर परिषद की ओर से सभी छठ घाटों की सफाई की जा रही है। वहीं सामाजिक संगठन के सदस्य भी छठ घाटों की सफाई में लगे हैं। अगले 28 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व की शुरूआत होगी। छठ महापर्व को लेकर घाटों की साफ सफाई अब शुरू कर दी गई है। छठ घाटों पर गंदगी का अंबार लगा था। सफाई करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। लोगों को छठ घाटों के आसपास खुले में शौच करने से रोका जा रहा है। जिला



मुख्यालय के दानरो नदी तट पर स्थित छठ घाटों पर हर साल काफी संख्या में श्रद्धालु छठ महापर्व करते हैं। उक्त छठ घाटों पर पूजा-अर्चना के लिए दूसरे प्रदेशों से भी व्रती पहुंचते हैं। जिला मुख्यालय स्थित स्टूडेंट क्लब छठ घाट की साफ सफाई का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। उसके अलावा अन्य छठ घाटों की सफाई का काम भी शुरू कर दिया गया है। टी ग्रुप की सफाई का काम भी शुरू कर दिया गया है। उसके अलावा फ्रेंड्स क्लब, सूर्या क्लब नगवां गढ़देवी मोहल्ला छठ घाट की सफाई नगर परिषद करा चुकी है। उसके अलावा जयदेवी संघ टंडवा छठ घाट, न्यू जागृति क्लब भगलपुर टंडवा, टी ग्रुप टंडवा, भास्कर क्लब नगवां, गोल्डेन क्लब दीपुवां, पीएचइडी कॉलोनी सहिजना छठ घाट, हनुमान नगर छठ घाट सहिजना, शिव संघ सहिजना छठ घाट सहित अन्य छठ घाटों की सफाई भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ सफाई का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। जल्द ही साफ सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा।


### छठ घाट जाने वाले रास्ते की भी हो रही सफाई

शहर के विभिन्न जलाशयों में छठ घाट को लेकर नगर परिषद इस बार बेहतर तैयारी कर रही है विभिन्न जलाशयों ले जाने वाले रास्तोंमें लगे गंदगी को नगर परिषद की ओर से युद्ध स्तर पर हटाया जा रहा है उसके लिए विशेष टीम गठित किया गया है नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी बताया कि छठ व्रती को किसी तरह की परेशानी ना हो उसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है सभी जलाशयों तक जाने वाले रास्ते को ठीक कराया जा रहा है रात दिन नगर परिषद के सफाई कर्मी उक्त कार्य में लगे हुए हैं।

## मृतक झामुमो नेता के परिजनों से मिले भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत चिनीया निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता व पंचायत के मुखिया पति अयूब मंसूरी की हत्या के छठे दिन बुधवार को भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष डॉ राम कृष्णा राम ने चिनीया पहुंचकर मृतक युवक के परिजनों से मुलाकात कर शोक सांत्वना व्यक्त किए । एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़े दिखाई दिए । साथ ही उन्होंने आयूब मंसूरी के हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम लोग भीम आर्मी के पूरे टीम गढ़वा पुलिस अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से अविलंब आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कहेंगे । और अगर आरोपियों की



गिरफ्तारी नहीं होती है तो हम लोग बाध्य होकर सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करेंगे ? मौके पर भीम आर्मी के गढ़वा जिला अध्यक्ष ललित राम सचिव पंकज कुमार मनदीप राम विजय राम अताउल्ला अंसारी अब्दुल मन्नान अंसारी मिस्टर भूट्टो मंसूरी महमूद अंसारी बेलाल अंसारी राजेश प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।
वही मौके पर परिजनों ने हत्या की सीबीआई जांच करने की मांग की है।

राष्ट्रीय नवीन मेल डालटनगंज(मेदिनीनगर), गुरुवार 27 अक्टूबर 2022 05

## न्यूज गैलरी

### सोपरम जतरा तांड में सोहराई पारंपरिक जत्रा मेला का आयोजन



**बालूमाथ।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी थाना क्षेत्र के जोगियाडीह सोपरम जतरा तांड में सोहराय पारंपरिक जतरा मेला का आयोजन अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर उरांव,विशिष्ट अतिथि बिस सूत्री अध्यक्ष सह खेरवार भोक्ता समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र गंझू,समाजसेवी नारायण भोक्ता, जतरा मेला निमार्ता प्रदीप गंझू व निर्णायक सुरेश गंझू आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मंचासीन अतिथियों ने सीता का पूरा विधिवत शुरूआत की। मौके पर प्रखंड के ग्रामों से आए खोड़ा ने ढोल नगारा के साथ झारखंडी निर्त्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर मंचासीन अतिथियों ने सोहराय जतरा मेला का मुबारकबाद दिया पारंपरिक जतरा मेला को बनाए रखने की बात कही। कहा यह हमारा धरोहर है और इससे हमें बनाए रखना है। कार्यक्रम का संचालन प्रेम गंजू ने की ।मौके पर अध्यक्ष रोशन लोहरा,सचिव संभु गंझू,उपाध्यक्ष प्रमोद उराव,कोषध्ध प्रवीण गंझू,निर्देशक अखिलेश भोगता,निमार्ता प्रदीप गंझु, मुख्य अतिथि के रूप में ईश्वरय उराव,परमेश्वर गंझु,राजेन्द्र गंझु, प्रेम गंझू,सुरेश गंझू, माइकल कुजूर,नारायण भोगता, अजित कुमार ,रामकुमार सहित कई गणमान्य लोग व महिला पुरुष शामिल रहे।

### रेलवे क्लब में भक्ति जागरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय की रेलवे क्लब दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा दुर्गा पूजा और काली पूजा के उपलक्ष में रेलवे क्लब परिसर में गुरुवार देर रात भक्ति जागरण सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जहां इस कार्यक्रम में बिहार झारखंड यूपी और बंगाल के कई नामी-गिरामी कलाकार शिरकत करेंगे। वही जिसकी सभी तरह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उक्त जानकारी रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति के सचिव ऋषि राज ने दी।

### टेंपो दुर्घटना में सात मजदूर हुए घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा मालहन मैकलुस्कीगंज मुख्य पथ पर तुपी गांव के नजदीक हुई टेंपो दुर्घटना में सात मजदूर घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार तरवाडी के मजदूर अस्पताल निर्माण कार्य के लिए टेंपो जेएच 13 डी 0217 से निंद्रा जा रहे थे। इसी दरमियान ऑटो चालक अपना नियंत्रण खो दिया जिससे आटो सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में कुल 7 लोग घायल हो गए। मालहन पंसस पति सह समाजसेवी रामकिशुन गंझु समेत स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद 5 लोगों को अस्पताल से ही छुट्टी दे दी गई ।दुर्घटना में रामभरोसे नायक पिता मोहित नायक 38 वर्ष का पैर टूट गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

### बीडीओ व थाना प्रभारी ने पत्थलगड़ा के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** छठ पर्व पर घाटों की साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का बीडीओ मोनी कुमारी व थाना प्रभारी बमबम कुमार ने निरीक्षण किया। बीडीओ व थाना प्रभारी के साथ पंचायत सेवक मो. असलम, राकेश प्रसाद, संजय कुमार दांगी आदि शामिल थे। बीडीओ ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार सभी छठ घाट में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कर्मियों की नियुक्ती की गई है। इसके अलावे संबंधित कर्मियों को छठ पर्व को लेकर सभी पंचायत में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वहीं थाना प्रभारी ने छठ पूजा समिति अध्यक्ष व सदस्यों को घाटों को साफ-सुथरा रखने के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं ग्रामीणों को निर्देश दिया गया कि सड़क व गली में गंदा पानी नहीं बहायें।

### किसान विकास मोर्चा की प्रखंड स्तरीय केंद्रीय समिति का हुआ गठन, पूर्व मुखिया अर्जुन सिंह बने अध्यक्ष



**मयूरहंड (चतरा)।** बुधवार को जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत सिंदुआरी राम जानकी गुरुद्वारा मठ प्रांगण में पूर्व मुखिया अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में किसान विकास मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रखंड स्तरीय केंद्रीय समिति का गठन किया गया। इसके पूर्व प्रखंड के सभी दस पंचायतों में पंचायत समिति का गठन किया गया था। बैठक में सर्वसम्मति से अर्जुन सिंह पूर्व मुखिया पीपरा निवासी को अध्यक्ष, भोलाप्रसाद सिंह फुलांग को उपाध्यक्ष, शिव कुमार सिंह एकतारा को महासचिव, बिरजू यादव पंदनी को कोषाध्यक्ष, सुभाष कुमार सिंह और हिमांशु सिंह को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। इसके अलावे 21 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। साथ ही समिति के सहयोग और समय-समय पर परामर्श के लिए 31 सदस्यीय परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष ने मोर्चा की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हम अन्नदाता सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं। किसान हितों की सरकार द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है। हम संगठन के माध्यम से किसानों की आवाज सरकार तक पहुंचाएंगे और जरूरत पड़ी तो संघर्ष से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# ऑर्केस्ट्रा देखने जा रहे तीन युवक कोल वाहन की चपेट आये, एक की दर्दनाक मौत, दो घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** बीते देर रात टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई व दो गंभीर रुप से घायल हो गए। वहीं घटना से आक्रोशित पत्थलगडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहर निवासी मृतक सचिन राणा के परिजनों ने समुचित मुआवजे की मांग को लेकर बुधवार को घटना स्थल सोनभद्र पेट्रोल पंप धनगड़ा के पास शव के साथ मुख्य पथ को जाम कर दिया। गंभीर रुप से घायल मृतक के साथी राकेश राणा व नितेश राणा भी बेलहर गांव के हीं रहने वाले थे। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार रात बालूमाथ थाना क्षेत्र के चमातु में आयोजित भोजपुरी कलाकार खेसारी लाल यादव व अक्षरा सिंह का शो देखने सभी बाइक से जा रहे थे, इसी



दौरान धनगड़ा के पास अज्ञात कोल वाहन ने अपने चपेट में ले लिया, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से आनन फानन में सामुदायिक अस्पताल टंडवा भेजवाया, जिसमें बीच रास्ते में ही सचिन ने दम तोड़ दिया। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। घायल राकेश की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पत्थलगड़ा जिप सदस्य रामसेवक भगत, बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन, विधायक प्रतिनिधि अरविंद ठाकुर व त्रिलोकी राणा के नेतृत्व में ग्रामीणें द्वारा टंडवा-सिमरिया सड़क जाम की गई, जिसपर स्थानीय विधायक, बीडीओ रंथू महतो, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, आजसू नेता जागेश्वर दास, अरविंद सिंह, जितेन्द्र सिंह, नीतेश राणा, रवि सिंह ने पहल करते हुए प्रबंधन से मृतक के आश्रितों को तत्काल 1 लाख तथा घायलों को 50 हजार रुपए दिलाए। बताया गया कि अन्य सरकारी लाभ कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दी जाएगी। उसके बाद जाम हटाया गया और मृतक के शव को पोस्टर्माटम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजा गया। घटना स्थल पर बरवाडीह के पंचायत समिति अनिल दांगी, श्रीकान्त राणा, अभय सिंह, बंसन्त कुमार, पिंटू सिंह, मुसाफिर राणा व अन्य भारी संख्या में गांव के लोग उपस्थित थे।

# लुब्धिया गांव में धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत लुब्धिया गांव में धूम धाम से गोवर्धन पूजा मनाया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, प्रमुख अनिता यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम यादव व जिप सदस्य अनिता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल शिवमंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना व आरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूजा समाप्ति के बाद चिंतन बैठक का कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की अपील करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ने से ही समस्याओं से निदान पाया जा सकता है। उन्होंने गोवर्धन पूजा को प्रकृति से जुड़ा पर्व बताया। अधिवक्ता राधेश्याम प्रसाद यादव ने बताया कि संघर्ष से आप कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। भगवान श्री कृष्ण का पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा। कार्यक्रम को जिप सदस्य व प्रमुख के अलावे बारियातु मुखिया डेगन गंझू, दुवारी मुखिया जगदीश यादव, पूर्व प्रमुख प्यारी देवी, रामदेव यादव, अर्जुन यादव ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव समाज के प्रखंड अध्यक्ष हेमन यादव व संचालन प्रेमचंद यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद यादव, प्रकाश यादव, दिनेश यादव व रामकुमार यादव ने अहम भूमिका निभाई।

# नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी की बैठक में लिये गये कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के नीलांबर पीतांबर विकास सोसाइटी के केंद्रीय कार्यालय जुरूहर मे बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सोसाइटी के अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने किया एवं संचालन सोसाइटी के सदस्य डीएन राम किया। बैठक को सम्बोधित करते हुई श्री तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना सामाजिक कुरीती निवारण सामूहिक विवाह कार्यक्रम प्रखंडों में आयोजन कर गांव के ग्रामीण जनता को सोसाइटी के माध्यम से इस योजना को घर-घर तक लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सरकार द्वारा चला जा रहे कई महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया.

इस बैठक में उपस्थित सोसाइटी के कोषाध्यक्ष देवनाथ सिंह खरवार ने कहा



कि सरकार के द्वारा गरीब असहाय परिवारों के लिए एक नया योजना अंतिम संस्कार शुभारंभ किया गया है इसका लाभ ग्रामीणों जनता तक पहुंचे। इसके लिए सोसाइटी के सभी सदस्य इस दिशा पर काम करेंगे। डीएन राम ने भी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित सोसाइटी के सदस्य रामनाथ उरांव, सोसाइटी के सदस्य सतन यादव, लक्ष्मण सिंह, संजय कुमार रवि, आकाश उरांव, उपस्थित थे।

### आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर द्वारा कामगारों के निष्कासन से पनप रहा आक्रोश

# मगध कोल प्रबंधन को भूमि नहीं देने से करोड़ों का हो रहा नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** एशिया के सबसे बड़े कोल परियोजनाओं में शुमार सीसीएल की मगध कोल परियोजना के विस्तारीकरण पर इन दिनों संकट के बादल मंडरा रहे हैं। देवलगडा के आदिवासी भू-रैयतों ने प्रबंधन पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए अपनी जमीनों को देने से इंकार कर दिया है। जिससे कोल उत्पादन पिछले दस दिनों से ठप्प होने के साथ हीं प्रबंधन को करोडों रुपए के हो रहे नुकसान चिंता है। पवन उरांव, गंगवा उरांव, अभिषेक उरांव समेत अन्य ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से बंदोबस्त जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा प्रबंधन द्वारा देने में टालमटोल किया जाता रहा है। बताया कि एक रणनीति के तहत हमारे उपजाऊ भूमि को भारी धूल से बंजर कर प्रबंधन देने के लिए हमें बाध्य कर रहा है। वहीं विकास के मुद्दे पर बताया कि मुलभूत सुविधाओं के विकास का दावा सिर्फ ढोंग है। वर्षों से करोड़ों रुपए लाभार्जन के बावजूद सरकार और प्रबंधन द्वारा सौगात में हमसभी को



वीरानगी, धूल-धूऐं का जहर के सिवा कुछ भी नहीं मिला है। लोगों ने दलालों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें उलगुलान के लिए मजबूर ना किया जाए। वहीं बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने कहा है कि प्रबंधन ग्रामीणों से विश्वास हासिल करने में नाकामयाब साबित हुई। स्थानियों को कंपनियों में 75 प्रतिशत रोजगार नही देकर उपेक्षा कर लोगों को आंदोलन के लिए प्रबंधन बाध्य कर रही है। पूर्व प्रमुख सीताराम ने कहा कि वीपीआर द्वारा अपनाए गए नो वर्क नो पे से ढाई सौ मजदूरों पर संकट छा गया है। कंपनी के इस नीति के विरुद्ध आंदोलन की जाएगी। संतोष नायक ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी मजबूती के साथ बेवश परिवारों के साथ खड़ा है। कुछ माननीयों को प्रबंधन को हो रहे करोड़ों रुपए के राजस्व नुकसान की चिंता तो है पर आदिवासी गरीब परिवारों के जमीन, जीवन व जीविका पर पड़ रहे संकट में उनकी मूकदर्शी भूमिका सबके सामने है। कोल यूनियन के क्षेत्रिय सचिव मो. जहुर आलम ने वीपीआर द्वारा मजदूरों के निष्काषन पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रबंधन से मिलकर हल निकालने की बात कही।

### जनसमस्याओं को लेकर जिप सदस्य ने किया कंचनपुर का दौरा

# 9 नवंबर को होगा केचकी स्टेशन का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह ने केचकी पंचायत के कचनपुर गांव का दौरा कर खड़िया टोला में ग्रामीणों के साथ बैठक की. बैठक में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से केचकी स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस के ठहराव एवं ग्राम कचनपुर के खड़िया टोला में क्रॉसिंग या अंडर पास बनाने की मांग की. ग्रामीणों का कहना था कि टोला में लगभग 800 की आबादी पर 150 बच्चे हैं, लेकिन टोला में न स्कूल है न आंगनबाड़ी बच्चों को खतरे का सामना करते हुए रेलवे लाईन पार कर स्कूल एवम आंगनबाड़ी जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बतलाया कि खड़िया टोला क्रॉसिंग की मांग को लेकर विधायक को आवेदन दिया गया है लेकिन अभी तक कोई कारवाई नहीं हुई है। मौके पर कन्हाई सिंह ने कहा कि खड़िया टोला रेलवे लाइन में अंडरपास का निर्माण नहीं होना एवम केचकी स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस का ठहराव शुरू नहीं होना रेलवे प्रशासन की लापरवाही है। बैठक में केचकी स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस के ठहराव एवं कचनपुर में खड़िया टोला अंडरपास की मांग को लेकर 9 नवंबर को केचकि स्टेशन का घेराव किया जाएगा। मौके पर खड़िया टोला वार्ड नंबर 7 ममता देवी, गुपेश्वर सिंह, सौदागर सिंह एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

### मां काली की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक में युवा जागृति क्लब के द्वारा व अन्य स्थापित मां काली की प्रतिमा का बुधवार को विसर्जन किया गया. मां की प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व सुभाष चौक स्थापित मां की प्रतिमा का रेलवे कॉलोनी की महिलाओं के द्वारा खोईचा भरने की रश्म पूरी करने का काम किया गया जहां महिलाओं के साथ जिप सदस्य सन्तोषी शेखर समेत अन्य महिलाओ द्वारा पारंपरिक तरीके से मां काली की खोईचा भर कर उन्हें विदाई देने की रश्म करते हुए अगले वर्ष फिर से आने और सभी के सुख शांति और समृद्धि की कामना करने का काम किया गया। महाप्रसाद का किया गया वितरण: युवा जागृति क्लब के द्वारा महा प्रसाद के वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में विजय बहादुर सिंह, रविंद्र राम, आसिफ इकबाल राजू रहमान, प्रेम सिंह पिंटू, रंजीत कुमार राजू, प्रिस, राज गुप्ता, रेखा पाठक समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने विधायक को गिनायी जनसमस्याएं, दूर करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास में प्रखंड के छिपादोहर पंचायत की मुखिया बेरोनिका कुजूर समेत दर्जनों ग्रामीणों ने जनसमस्याओं को लेकर की मुलाकात की। विधायक ने मुखिया समेत सभी ग्रामीणों को उनकी सभी समस्याओं का निदान का आश्वाशन दिया। विधायक से मिल कर ग्रामीणों ने छिपादोहर पंचायत में पीसीसी निर्माण, नाली निर्माण, बरसात के दिनों में सड़क में जल जमाव होने की वजह से होने वाली समस्या से अवगत कराय गया. विधायक ने सभी जर्जर सड़क का निर्माण जल्द कराने का आश्वाशन दिया। कई ग्रामीणों ने विधायक से कहा कि शिकायतों का आवेदन देने के बावजूद पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड आदि



का फॉर्म भरा है पर अब तक उनकी कोई समस्या का समाधान नहीं हो पाया रहा है।

ग्रामीणों की बात पर विधायक ने तुरंत बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय से दूरभाष से संवाद कर समस्याओं का शीघ्र निदान करने का निर्देश दिया।

मौके पर मुखिया के अलावा हीरालाल सिंह, बिजेंद्र गुप्ता, भरत कुमार इंद्रजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, कृष्णा सिंह, पंकज सिंह,विजय बहादुर सिंह समेत और भी लोग मौजूद रहे।

### थाना प्रभारी ने किया छठ घाट का निरीक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** बुधवार को गिद्धौर थाना क्षेत्र के आधा दर्जन छठ घाट का निरीक्षण थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने किया। थाना प्रभारी ने गिद्धौर, गांगपुर, दुवारी, लुब्धिया जपुआ सहित अन्य छठ घाट का निरीक्षण कर गहरे पानी वाले आहर व तालाब में ब्रेकेटिंग करने व छठ घाट पर तैराक रखने का निर्देश पूजा समिति के अध्यक्षों को दिया। अर्ध्य के दौरान पूजा समिति सदस्यों को डैम की कड़ी निगरानी करने का निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन भी आपका सहयोग करने को ले ततपर है।

### एस्सार पॉवर कंपनी को अपना जमीन देकर ठगा सा महसूस कर रहे हैं: रैयत

# लोहे के भाव मे बिक रहा एस्सार पॉवर प्लांट का पीतल-तांबा, 10 करोड़ की हेराफेरी

**अजय सिन्हा**

**लातेहार।** चंदवा प्रखंड के अरधे गांव में लगे एस्सार पॉवर झारखंड कंपनी का पावर प्लांट जो अब पूरी तरह से एक डेड एसेट घोषित हो चुका है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार 3 जनवरी 2020 को यह फैसला दिया गया कि यह प्लांट लिक्विडेशन में जा चुकी है। इस घोषणा के बाद ई ऑक्शन के माध्यम से यह प्लांट लिक्विडेटर के हाथ में चली गई। मार्च 2020 में ई ऑक्शन के माध्यम से सबसे पहले 5000 टन स्क्रैप का उठाव का आदेश हुआ। जो धीरे - धीरे बढ़कर 26500 टन का ऑक्शन हुआ और उसका उठाव भी हुआ। इसके लिक्विडेटर खुजैफा सिताब खान फाखरी ( मुंबई) के हैं। पेटी कॉन्ट्रैक्ट में यह काम लोकल पूंजीपतियों ने इस कार्य को अपने हाथ में लिया। कहने को तो 26500 टन का ई ऑक्शन हुआ है, लेकिन इससे डेढ़ गुना स्क्रैप का उठाव कर लिया गया है। जिसमें लिक्विडेटर के स्टाफ, पूंजीपति व प्रशासन की मिलीभगत परिलक्षित होती है। सबसे आश्चर्य

### चंदवा में एस्सार पावर की ओर से लगाया जाना था 1200 मेगावाट का पावर प्लांट



चंदवा में एस्सार पावर की ओर से 1200 मेगावाट का पावर प्लांट लगाया जाना था। लगभग 40 फीसदी काम हो चुका था। आइसीआइसीआई बैंक के 3468.29 करोड़ बकाया था। जिसे देने में असमर्थ हो गयी। एस्सार पावर झारखंड लिमिटेड चंदवा के टोरी में 1200 मेगावाट का पावर प्लांट लगा रहा था। कंपनी को चकला और अशोका कोल ब्लॉक आवंटित हुआ था ।कंपनी ने 40 फीसदी तक काम पूरा कर लिया था ।इसी बीच 2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कोल ब्लॉक का आवंटन रद्द कर दिया गया ।इस दौरान कंपनी लगभग 3500 करोड़ का निवेश कर चुकी थी। आवंटन रद्द होने के बाद कंपनी कर्ज के बोझ में दबती चली गयी। आइसीआइसीआइ बैंक ने कर्ज न चुकाने की स्थिति में एनसीएलटी में याचिका दायर की थी। एनसीएलटी ने पांच अप्रैल को कंपनी के अधिग्रहण का आदेश दे दिया।

इधर जमींदाता बोल रहे है। कि हमलोग कम्पनी को जमीन देकर अपने आपको ठग्गा महसूस कर रहे है। कम्पनी के जमीन देने से पहले इस जमीन पर खेती बारी करते आ रहे थे। परंतु अब उससे भी गए।

बात यह है कि लोहे के दाम में पीतल व तांबा को भी बेच दिया गया। लोहे का मूल्य लगभग 30 रुपया निर्धारित है, जबकि तांबा और पीतल 600 रुपए प्रतिकिलो निर्धारित है। ऐसे में लगभग 10 करोड़ रुपए की हेराफेरी हुई है। यहां चालान निर्गत होने में भी अनियमितता बरती जाती है। उदाहरण के लिए चालान 10 टन का काटा जाता है, जबकि ट्रक पर 25 टन से ज्यादा स्क्रैप लदा होता है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है। विशेष सूत्रों के अनुसार यहां फर्जी चालान का भी चलन हैं।

स्क्रैप निकाले जाने का सही लेखा-जोखा लिक्विडेटर के पास नहीं। देखा जाए तो एक सरकारी आदेश के आड़ में करोड़ों रुपए की संपत्ति की लूट होती जा रही है। लिक्विडेटर की आड़ में जो स्क्रैप निकाला गया। वह कंपनी के द्वारा कबाड़ी को 26 प्रति किलो के हिसाब से बेचा गया। जिसमे एस्सार कंपनी और लोकल पेटी कांट्रेक्टर ने खूब मुनाफा कमाया। यह काम बड़े पूंजीपति व्यवसायियों ने अपने हाथ में लिया है। इस कार्य में कई बार सुरक्षा प्रहरीयों के साथ मारपीट भी की गई है। कई बार चोर पकड़े भी जाते हैं और तुरंत उन्हें छोड़ भी दिया जाता है ।देखा जाए तो सफेदी के आड़ में यह काला धंधा जबरदस्त फल फूल रहा है।कुछ बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने की आड़ में यह काम करवाया जाता है और उन्हीं नौजवानों से स्क्रैप की कटाई कराई जाती है पकड़े जाने पर उन नौजवानों के नाम से प्राथमिकी भी दर्ज करा दी जाती है ।बगैर पुलिस को सूचना दिए प्रतिदिन पंजाब, मुंबई और राजस्थान नंबर के बड़े ट्रक मे लादकर लेकर चंदवा शहर से पार होते हैं। बेखौफ होकर पूरी तरह से स्क्रैप का कालाबाजारी किया जा रहा है लिक्विडेटर के नाम के जीएसटी और इऑक्शन चालान के आड़ मे ये कार्य किए जा रहे हैं।

पूछे जाने पर बताया जाता है कि सरकार से लेकर प्रशासन तक को हमने मैनेज कर लिया है। हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। बताते चले कि चालान में एस्सार कम्पनी के कर्मचारी राज सिंह और प्रकाश कुमार के द्वारा हस्ताक्षर किया जाता है उसके बाद ही लोहे तांबे पीतल लदा ट्रक बड़े शहरों में जाकर अलग-अलग रकमों में बेच दिए जाते हैं।

## न्यूज गैलरी

### छठ व्रतियों के बीच किया गया लाल गेंहू का वितरण



**सेन्हा- लोहरदगा।** लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर सेन्हा में छठ व्रतियों के बीच गेहूं का वितरण किया गया। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में व्रतियों का सुविधा के लिये व्यवसायिक संघ सेन्हा द्वारा मुख्य पथ स्थित दुर्गा मन्दिर परिसर सेन्हा में लगभग चालीस छठव्रतियों के बीच लाल गेंहू का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद संघ के सचिव विजय सोनी ने कहा कि छठव्रतियों को पूजन के दौरान पूजा के लिये जो भी सामग्री का जरूरत होगा उसे व्यवसायिक संघ मुहैया कराएगी और कद्दू तथा दूध का वितरण संघ के द्वारा किया जायेगा। मौके पर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष जोधनारायण साहू ,सचिव विजय सोनी के अलावे संतोष महतो, जयप्रकाश साहू,कमेश महतो सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

### छठ पूजा को लेकर कैरो थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**कैरो/लोहरदगा।** छठ पूजा को लेकर बुधवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी संखनाथ उरांव, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव व प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर छठ पर्व को भी शांति पूर्वक आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि पर्व त्योहार से आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है हमे समाज के सभी वर्गो का ध्यान रखना चाहिये। थाना प्रभारी संखनाद उरांव ने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही यह हमारी पहली प्राथमिकता है।लोग अफवाह पर ध्यान न दें किसी प्रकार का कोई छोटा बड़ी बात हो जाये तो तुरंत ही प्रसाशनिक पदाधिकारियो को सूचित करें, दोषी पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर मुखीया वीरेंद्र महली, शरत कुमार विद्यार्थी, विशेश्वर प्रसाद दीन, मो सजाद, जमील अख्तर, नाजिर आलम खान, प्रवीण साहू, बुधवा उरांव, कृष्णा साहू, मोजहिर अंसारी, संजय महतो, शहीद अंसारी आदि उपस्थित थे।

### बीडीओ और थाना प्रभारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



**कुडू - लोहरदगा।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर बीडीओ मनोरंजन कुमार एवं थाना प्रभारी अविनव कुमार ने बुधवार 26 अक्टूबर को प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में बनाये गये छठ घाट पर की जारही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यालय के टीको नदी घाट का जायजा लेते हुये आयोजन समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि जो भी मूलभूत समस्याएं हैं उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद समिति के लोगों से छठ घाट कमेटी क्या-क्या व्यवस्था करती है इसके अलावा और क्या व्यवस्था की जा सकती है जिससे व्रतियों को परेशानी ना हो उसकी जानकारी ली और सुझाव मांगा। मौके पर कुडू पुलिस के एसआई संजय कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, युवा समाजसेवी ओम प्रकाश साहू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य संतोष मांझी , संजय चौधरी, जीतू लोहरा समेत अन्य मौजूद थे।

### छठव्रतियों के बीच किया गया पूजन सामग्री का वितरण

**कैरो / लोहरदगा।** बुधवार को छठव्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। कैरो पंचायत के उपमुखिया सह व्यवसायी रवि प्रजापति ने व्रतियों को सूप, लाल गेंहू, नारियर, आयता सहित अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजन आस-पास के श्रद्धालुओं के द्वारा पूरे विधि विधान भक्ति भाव से किया जाता है। इस पवित्र त्योहार में प्रत्येक वर्ष छठ पूजन सामग्री का वितरण किया जाता है। इस मौके पर दशरथ साहू, सुरेन्द्र पहान, आकाश उरांव, शिवलाल साहू, कुणाल सिंह, जीतन राम, अजय बैठा, अर्जुन बैठा, जितवाहन महतो, नीतू देवी, संजय साहू, धनंजय राम वर्मा, उमेश महतो, प्रमोद साहू, निरंजन राम, अनिल साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कैरो के विभिन्न छठ घाटों का सब इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण



**कैरो / लोहरदगा।** दीपावली खत्म होते ही छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई है। कैरो थाना सब इंस्पेक्टर किरण पंडित ने क्षेत्र के कई छठ घाटों पर पहुंच कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने बताया कि आम लोगों की सुरक्षा के मद्देनदर कैरो थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। कैरो पुलिस द्वारा छठ महापर्व को देखते हुए जगह जगह एंटीक्राइम चेकिंग अभियान चलाइ जा रही है। ताकी मार्ग में चलने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों की जांच अवैध हथियार गोला बारूद शराब नशीला पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए विशेष रुप से तलाशी ली गई। बुधवार को थाना क्षेत्र के एडादोन व थाना मुख्यालय के घासकट्टा के समीप वाहन चेकिंग किया गया इस दौरान दो पहिया,चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई।वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि की भी जांच की गई।इस दौरान हेलमेंट नही पहनने व वाहन से संबंधित कागजात लेकर नही चलने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गई। मौके पर थाना के दलबल मौजूद थे।

# अवैध हथियार की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा, हथियार के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

## दो देशी पिस्टल, तीन जिन्दा गोली, दो एण्ड्रॉईड मोबाईल समेत अन्य सामान बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के शहरी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी किया। इस क्रम में अवैध हथियार के साथ हथियारों की तस्करी करने वाला गिरोह का पदार्फाश करते हुए कुल चार अपराधियों को पकड़ा है। लोहरदगा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव के नेतृत्व में टीम गठित कर शहरी क्षेत्र के तिवारीदुरा के उत्तम कुमार और जयनाथपुर के अभिषेक वर्मा नामक युवक द्वारा अवैध हथियार तस्करी करने की सूचना पर उनके घरों में पुलिस ने छापामारी की। जहां हथियार के साथ दोनो को युवकों को गिरफ्तार किया गया। वही उनके निशानदेही पर इस कार्य में शामिल दो अन्य युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में लोहरदगा सदर थाना में काण्ड सं0-252/22 धारा-25 (1-बी)ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उत्तम कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता अर्जुन वर्मा, सा०-जयनाथपुर, अभिषेक कुमार मेहता उम्र करीब 22 वर्ष, पिता नन्दलाल मेहता, सा०-तिवारीदुरा, विवेक कुमार महतो उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-मदन महतो, सा० तिवारीदुरा, कोईरी मुहल्ला, संटु कुशवाहा उम्र करीब 31 वर्ष, पिता-सुनील महतो, सा०- महादेव टोली थाना एवं जिला लोहरदगा के रूप में किया गया है। वही पुलिस ने इन अपराधियों से दो देशी पिस्टल, तीन जिन्दा गोली, दो एण्ड्रॉईड मोबाईल जब्त किया है।

इस सन्दर्भ में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मियों द्वारा अवैध हथियार तस्करी कर खरीद-बिक्री करने की बात स्वीकार की गई। जिसके बाद पुलिसिया कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर अवैध हथियार की तस्करी करने वाले गिरोह के सभी लोगो को जेल भेजा गया। वही पुलिस आगे अवैध हथियार तस्करी गिरोह में शामिल अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। यह गिरोह क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी करती थी और हथियार की खरीद बिक्री का कार्य किया करती थी। छापामारी दल मे अनिल उरांव, सदर थाना प्रभारी, एसआई पंकज कुमार शर्मा, एएसआई रमेश कुमार तिवारी, अरविन्द कुमार शर्मा, हवलदार जनेश्वर सहार, विनोद शर्मा, आरक्षी 42 बलराम भगत, चालक आरक्षी 256 सत्यकिशोर कुमार और 712 निर्मल कुमार सिंह शामिल थे। एसपी आर रामकुमार ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त विवेक कुमार महतो पिता-मदन महतो के विरूद्ध सेन्हा थाना काण्ड सं0 14/20, दिनांक 01.03.2020, धारा-387/385/511 भादवि के अन्तर्गत काण्ड दर्ज हैं। तथा अन्य सभी अभियुक्तों के विरुद्ध अपराधिक इतिहास शून्य है।

## जतरा आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत

## जिसे संवारना और संरक्षित करना हमारा कर्तव्य : सुखदेव भगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** जतरा आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत है। हमारी बेहद ही गौरवपूर्ण कला संस्कृति जो आज कहीं न कहीं आधुनिकता के चपेट में आ कर खोती सी जा रही है जिसे संवारना और संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। उक्त बातें कुडू प्रखंड के कोलसिमरी गांव में आयोजित सोहराई जतरा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कही। आगे उन्होंने कहा कि पुरखों ने आदिवासी समाज को बहुत सारी चीजें विरासत में सौंपी है जिससे समाज में भाईचारा, आपसी सदभाव बढ़ता है। सोहराई जतरा, अगहन जतरा जैसे अनेक रूप हैं जो समाज को एक रखने का काम करते हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे श्री भगत का ग्राम प्रधान सामू पाहन के नेतृत्व में ग्रामीण बहनों द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत कर जतरा स्थल तक ले जाया गया। इस दौरान श्री भगत भी विभिन्न खोड़हा दलों के साथ मिलकर नगाड़े और मांदर बजाते हुए जम कर थिरके। अंग्रेजो के जमाने से लग रहे इस एतिहासिक जतरा में पाहन, पुजार के साथ प्रखण्ड के लगभग सभी गाँव के अलावा पुरे जिले के लोग जतरा देखने पहुंचे। रोनेहा, दोबा, लावागाई, सिंजो, उमरी सहित दर्जनों गाँव के खोड़हा दलों ने शामिल हो निर्त्य दिखाकर जतरा में आये लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान लोगों ने मिठाई, ईख आदि सामानों की जम कर खरीदारी हुई।

## सड़क सुरक्षा और एंटी क्राइम के तहत पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सड़क सुरक्षा एवं एन्टी क्राइम अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में बुधवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान सड़क सुरक्षा एवं एंटी क्राइम के तहत पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी ऋषिकांत के निर्देश पर स0आ0नि0 आयता खेस द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से चलाया गया। सड़क सुरक्षा को देखते हुए बाइक चालक को हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का सख्त निर्देश दिया गया। वाहन संबंधित कागजात वाहन के साथ लेकर चलने की बात कही गई। इसके अलावे एन्टी क्राइम अभियान के तहत वाहन जांच के दौरान दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन का डिक्की, बैग और थैला को भी खुलवा कर आपत्तिजनक समान का जांच किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियम पालन करने के लिए सख्त निर्देश दएते हुए बिना हेलमेट पहने बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का कहा गया। थाना प्रभारी ऋषिकान्त ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा।

## छठ पूजा की तैयारियों का एसडीओ ने संगम तट पर किया निरीक्षण दिए दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** छठ पूजा को ले एसडीओ महेंद्र कुमार, सीओ प्रताप मिंज, डीपीआरो पंकज भगत एवं शंख नदी छठ पूजा सेवा संस्थान के द्वारा बुधवार को शंख नदी के संगम तट स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम एसडीओ ने छठ घाट को व्रतियों के लिए सुविधा युक्त बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए बताया गया कि हर वर्ष की तरह गरजा पहाड़ डोली से शंख नदी तट तक के पथ में बने गड्ढे आदि को भरा जाएगा। ताकि आने जाने वाले बड़े वाहनों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अलावा छठ घाट पर बने पीसीसी पथ के दोनों और फ्लेंक भरने का भी निर्णय लिया गया। एसडीओ महेंद्र कुमार ने कहा कि नगर परिषद सिमडेगा के सहयोग से आसपास के झाड़ी सहित गंदगी को भी साफ करने का काम कराया जाएगा जिससे कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार का दिक्कत ना हो उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन भी समिति को हर संभव सहयोग करेगी जिससे कि यहां पर आने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी ना हो। संस्था के लोगों ने बताया कि छठ घाट में समुचित रूप से प्रकाश की व्यवस्था, साउंड की व्यवस्थ, साफ सफाई सहित अन्य सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। वहीं इधर बुधवार को जेसीबी के माध्यम से आसपास सड़कों के कटाव सहित मिट्टी के ढेर को पूरी तरह से समतल कराया गया जिससे कि छठ व्रतियों को दिक्कत ना हो। वह इसके अलावा जिला परिषद सदस्य शांति बाला केरकेट्टा ने भी पहुंच कर वहां पर उन्होंने निरीक्षण करते हुए अपनी ओर से हरसंभव मदद देने की बात की मौके पर प्रदीप केसरी, सुबीर कुमार, विनोद अग्रवाल, चंदन लाल, दुर्गा प्रसाद, रिंकू अग्रवाल, विकास साहू, राकेश सिंह, राजेश कुमार सिंह रवि वर्मा, रोहित प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा गांव में धूमधाम से मनाया गया सोहराई त्योहार



**बोलबा।** बोलबा के मालसाड़ा गांव में बुधवार को धूमधाम से मनाया गया सोहराई पर्व। कार्तिक शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा के साथ सोहराई पर्व भी मनाया गया ।गांव में सुबह होते ही अपने गाय भैंस को नदी तलाव में नहला धोकर धूमधाम से विधिवत पूजा अर्चन की गई। और पूरे गांव की बैलों को एकत्रित कर पूजा पाठ के पश्चात डाईर लगाया गया। तत्पश्चात मालसाड़ा पंचायत सचिवालय के समीप एकत्रित होकर झूमर नृत्य पाईकी नृत्य और फगवा न नृत्य का आनंद लिया। इस मौके पर केसरी सिंह ललन सिंह जयराम सिंह रामेश्वर सिंह गोवर्धन सिंह एवं मालसाड़ा ग्राम के ग्रामीण उपस्थित थे।

## 70 छठव्रतियों के बीच हुआ छठ सामग्रियों का वितरण



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा के ठाकुरबाड़ी प्रांगण में 26 अक्टूबर को स्थानीय समाजसेवी जगनिवास शर्मा द्वारा 26 छठव्रतियों के बीच छठ सामग्रियों का वितरण किया गया। राजु शर्मा, अजीत साहू, सुरेश साहू आदि ने वितरण में सहयोग किया। कालिन्द्र साहू, लच्छू यादव, अबोध साहू, विनोद साहू, बसंत साहू, बजरंग साहू सहित भंडरा, कुम्हरिया, अकाशी, अम्बेरा, मसमानो आदि गांवों के 70 छठव्रतियों के बीच सूप, गेहूं, चावल, नारियल और आलता आदि सामग्री का वितरण किया गया।

## लापता बच्चा का शव गांव के कुआं से पांचवें दिन बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** पारही विसाहा टोली से लापता बच्चा का शव पांचवे दिन कुआं से बरामद कर जांच में जुटी पुलिस, गांव में पसरा सन्नाटा. सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अन्तर्गत विसाहा टोली ग्राम से बीते शनिवार देर शाम को चरवा उरांव के 7 वर्षीय पुत्र सोहन उरांव का लापता होने पर बच्चा चोरी होने का अफवाह फैलाया गया था। जिसकी सूचना पर सोमवार को थाना प्रभारी ऋषिकांत दलबल के साथ विसाहा टोली पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गये थे। इसी दरमियान बुधवार सुबह में लापता बच्चा का शव गाँव के ही निर्मल उराँव का कुआं में शव होने की जानकारी परिजनों को मिला तब परिजन व ग्रामीणों ने गाँव के बाहर आम बगीचा के समीप कुआं में झांक कर देखा तो शव की पहचान सोहन उराँव के रूप में किया गया। जिसकी सूचना प्रशासन को दिया गया। बच्चा का शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी ऋषिकांत स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए नियम संगत कारवाई में जुट गए। घटना की सूचना पर मुखिया अनिल उराँव पंचायत समिति सदस्य अमन उराँव सहित गणमान्य लोग घटना स्थल पहुंच शोक प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार से मुलाकात किया और जानकारी लिया . बच्चा का शव मिलने के उपरांत थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया बच्चा की मौत कुएं में डूबने से प्रतीत होता है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। साथ ही उन्होंने घटना को लेकर कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरान्त ही बच्चे का मृत्यु का स्पष्ट कारण पता चल पायेगा । बच्चा का शव मिलने से विसाहा टोली में चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर यह हत्या है या आत्महत्या जिसको लेकर ग्रामीणों के बीच आपस मे संदेहात्मक बातें हो रही है।

## युवक की हत्या के बाद पत्थर डालकर कुआं में फेंका गया शव

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सामटोली के महतो टोली के एक खेत स्थित कुएं से पुलिस ने बुधवार की सुबह 19 वर्षीय युवक के शव बरामद किया है। युवक की पहचान गोतरा नावाटोली निवासी अनमोल बड़ाईक के रूप में हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार ने बताया कि अनमोल कुमार 23 अक्टूबर से शाम में अपने घर से घूमने के लिए निकला था उसके बाद वापस नहीं लौटा परिवार वाले काफी खोजबीन किया तो कहीं पता नहीं चल पाया इधर बुधवार की सुबह खेत के पास से गुजर रहे लोगों की जब नजर पड़ी तब उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब जाकर देखा तो देखा कि हत्या के बाद शव को पत्थर बांधकर कुआं में डाल दिया गया था ताकि पता ना चले इधर पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज करते हुए छानबीन में जुट गई है।

## दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है सेन्हा मुरकी पथ का जर्जर पुलिया

### ग्रामीणों ने बांस लगा कर किया बैरिकेटिंग



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेन्हा से मुर्की ग्राम जाने वाला पथ काफी जर्जर हो चुका है। इतना ही नही मुर्की ग्राम क्षेत्र में पुलिया के टूटने से बड़ी दुर्घटना होने का आशंका पर ग्रामीणों ने अपने सूझबूझ से टूटे पुलिया में बांस लगा कर बैरिकेटिंग किया है। जिससे दुर्घटना को रोका जा सके परंतु यह बांस भी राहगीरों के लिए घातक हो सकता है। इस संदर्भ में मुर्की पंचायत मुखिया कमला देवी से जायजा लेने पर उन्होंने कहा की पथ निर्माण कार्य लाखों की लागत से पांच वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहट बनाया गया था। जो समय से पूर्व जर्जर हो चुका है। सेन्हा से मुर्की जाने के दौरान पथ पर बड़े बड़े गढ़ा हो गया है। और एक पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गया जिससे यातायात में समस्या बना हुआ है। जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। आगे बताते हुए उन्होंने कहा मुर्की पथ की जर्जर अवस्था सड़क निर्माण विभाग के उदासीनता का परिचय दे रहा है।

## जीईएल चर्च खूंटिटोली में धूमधाम से मुंडा वयस्क बपतिस्मा स्मरण दिवस समारोह कार्यक्रम में झलकी मुंडा संस्कृति की झलक

# पर्यावरण को अपनी संस्कृति-सभ्यता से जोड़कर रखा है मुंडा समाज : भूषण बाड़ा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जीईएल चर्च खूंटिटोली में बुधवार को कलीसिया त्यौहार मुंडा वयस्क बपतिस्मा स्मरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जीईएल चर्च के बिशप मुरेल बिलुंग उपस्थित थे। उन्होंने प्रभु यीशु के वचनों को अपने जीवन मे आत्मसात करने का आह्वान किया। जन्होंने कहा कि प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलकर ही मसीहियों का कल्याण होगा। वहीं सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि पर्यावरण को मुंडा समाज ने अपनी संस्कृति सभ्यता से जोड़कर रखा है। आज भौतिकवादी युग में हम चांद पर पहुंच चुके हैं और उससे भी आगे जाने की तैयारी में हैं। लेकिन यह भी आवश्यक है कि भौतिकवादी युग के साथ-साथ हम अपने अतीत का इतिहास को जाने और समझे। हम अपनी भाषा- संस्कृति को सहेज कर रखे। कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है। हम सभी आदिवासी समुदाय किसी के साथ कोई भेदभाव, ऊंच-नीच, गुरुर या द्वेष भाव कभी नहीं रखा है। भारतीय इतिहास में मुंडा समाज का इतिहास स्मरणीय है। लेकिन आधुनिकता के इस दौर में हम आज अपनी भाषा संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इसे सहेज कर रखने की जरूरत है। मुंडा समाज की पुरानी संस्कृति को लाने की जरूरत है। डीजे को छोड़ ढोल नगाड़े को कार्यक्रम में प्राथमिकता दें। अपने बच्चों को अपने समाज के इतिहास, भाषा, संस्कृति, पर्व-त्यौहार की जानकारी दें। हमारी सरकार की आदिवासी समाज के विकास और उत्थान के लिए काम कर रही है। मौके पर रेव जे जोजो और रेव एस हेरेंज की अगुवाई में उपासना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वहीं अंतिम प्राथना बिशप मुरेल बिलुंग द्वारा सम्पन्न कराया गया।

### मुंडा समाज की संस्कृति को बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत : जोसिमा खाखा

**कार्यक्रम** को पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मुंडा समाज अपने आप मे ही एक इतिहास है। आदिवासी समाज मे मुंडा समाज अपनी खास रीति रिवाज, भाषा संस्कृति के कारण एक अलग पहचान रखता है। लेकिन आज के इस दौर में मुंडा समाज की संस्कृति भी आधुनिक के चका चोंध में गुम हो जा रही है। इसे बचाने की जरूरत है। अपनी भाषा सांस्कृति को हमे ही बचाना होगा। समाज के लोग आगे बढ़ें। और इसे बचाने के लिए पहल करें।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता में झलकी मुंडा संस्कृति की झलक

**कार्यक्रम** में सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में टोला के अनुसार नृत्य मंडली भाग ली थी। मौके मुंडा समाज की सांस्कृतिक की झलक भी देखने को मेला। जिसका लोगों ने खूब मनोरंजन भी किया। कार्यक्रम में पादरी सिमोन हेरेंज, पादरी जेम्स जोजो, पादरी सिल्वन्ति हेरेंज, पादरी हीमानी बूढ़, पादरी लॉरेंस बिलुंग, सभापति बिपिन तिग्गा, सचिव विलसन कुल्लू, कोषाध्यक्ष शिशिर बूढ़, माइकल पूर्ति, विनय तिग्गा, सुनील लुगुन, अगनेश हेरेंज, नीला नाग,प्रतिमा कुजूर,जोनशन मिंज, जोन हेरेंज,नेलशन हेरेंज, एरकन मिंज, सलील डांग,अनवर डुंगडुंग,विश्राम बागे, सूचित हेरेंज, सचिन हेरेंज,याकूब सुरीन, कुसुम लता टोप्पो, शशि लुगुन, सचिन हेरेंज, सलिल डांग, इरकन मिंज, शिशिर बूढ़,सरोज भेंगरा,सोनम हेरेंज,कुशुमलता टोपनो,अग्नेश हेरेंज,शशि लुगुन सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को लगा बड़ा घाटा

# 24 घंटे में गंवाये 9000 करोड़ से अधिक की रकम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली के एक दिन बाद ही दुनिया चौथे अमीर शख?स गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को तगड़ा झटका लगा है। इनकी संपत्तियों में एक दिन के दौरान ही 9,100 करोड़ से अधिक का घाटा हुआ है। गौतम अडानी जहां 122 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे नंबर पर बने हुए हैं, वहीं मुकेश अंबानी टॉप 10 से बाहर 11वें पायदान पर हैं। इनकी कुल संपत्ति 83.5 अरब डॉलर है। ब्लूमवर्ग अरबपतियों की एक रिपोर्ट के अनुसार, गौतम अडानी को एक दिन में 1.11 अरब डॉलर यानी 9,100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं मुकेश अंबानी को 1.37 अरब डॉलर यानी 11,200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 83.5 अरब डॉलर है, जो 11वें नंबर पर काबिज हैं। टॉप-10 अरबपतियों की लिस्ट में गौतम अडानी को छोड़कर सभी को फायदा हुआ है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को एक दिन में 7.68 अरब डॉलर का फायदा हुआ है, इनकी कुल संपत्ति 210 अरब डॉलर है। वहीं दूसरे नंबर पर जेफ बेजोस को 852 मिलियन डॉलर का फायदा हुआ है। इनकी कुल संपत्ति 144 बिलियन डॉलर है। फ्रांस के उद्योगपति बर्नार्ड अर्नाल्ट तीसरे नंबर पर हैं और इनकी संपत्ति में 24 घंटे के दौरान 6.30 बिलियन डॉलर का फायदा हुआ है। इनकी कुल संपत्ति 143 अरब डॉलर है। वहीं चौथे नंबर पर गौतम अडानी हैं। इसके बाद, बिल गेट्स 111 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ 5वें नंबर पर हैं और इन्हें 1.43 अरब डॉलर का एक ही दिन में फायदा हुआ है। मंगलवार को अडानी ग्रुप के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिली, जिस कारण गौतम अडानी की दौलत में गिरावट आई है। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर में 0.28 फीसदी, अडानी ट्रांसमिशन का शेयर 2.91 फीसदी, अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 1.95 फीसदी की गिरावट हुई है। वहीं अडानी पोर्ट्स के शेयरों में 0.64 फीसदी, अडानी पावर लिमिटेड के शेयर में 0.95 फीसदी और अडानी विल्मर लिमिटेड के शेयर में 1.45 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

## स्मार्ट ग्रिड में निवेश 25 अरब डॉलर पर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** इस साल जनवरी से सितंबर के बीच वैश्विक स्तर पर ऊर्जा भंडारण और स्मार्ट ग्रिड में निवेश सालाना आधार पर 66 प्रतिशत बढ़कर 25 अरब डॉलर हो गया। वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा सलाहकार कंपनी मेरकॉम कैपिटल की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। वित्त पोषण में उद्यम पूंजी, सार्वजनिक बाजार वित्त पोषण और ऋण वित्त पोषण शामिल हैं। मेरकॉम कैपिटल ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा, "वर्ष 2022 के पहले नौ महीनों में ऊर्जा भंडारण, स्मार्ट ग्रिड और दक्षता कंपनियों के लिए कुल कॉरपोरेट वित्तपोषण 25 अरब डॉलर रहा।

# सितंबर में आधार के माध्यम से 25.25 करोड़ ई-केवाईसी लेनदेन हुआ जो अगस्त की तुलना में ज्यादा रहा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आधार आधारित ई केवाईसी के माध्यम से लेनदेन में तेजी का रूख बना हुआ है। इस वर्ष सितंबर में 25.25 करोड़ ई-केवाईसी लेनदेन आधार के माध्यम से किए गए जो अगस्त की तुलना में लगभग 7.7 प्रतिशत ज्यादा है। एक ई-केवाईसी लेनदेन केवल आधार धारक की सहमति से पूरा किया जाता है, जो कागजी कार्रवाई और केवाईसी के लिए व्यक्तिगत सत्यापन की आवश्यकता को समाप्त करता है। आधार ई-केवाईसी सेवा बेहतर और पारदर्शी ग्राहक अनुभव के साथ व्यापार करने में आसानी प्रदान करके बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आधार के माध्यम से अब तक ई-केवाईसी लेनदेन की कुल संख्या सितंबर 2022 के अंत तक बढ़कर 1297.93 करोड़ हो गई है। इसी तरह, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) आय आरेख में सबसे निचले स्तर पर वित्तीय समावेश करने में सहायक रही है। सितंबर 2022 के अंत तक एईपीएस और माइक्रो एटीएम नेटवर्क के माध्यम से 1549.84 करोड़ बैंकिंग लेनदेन किये गए हैं। सिर्फ सितंबर में पूरे भारत में 21.03 करोड़ एईपीएस लेनदेन किए गए। सितंबर में आधार के जरिए 175.41 करोड़ सत्यापित लेनदेन किए गए। इनमें से अधिकांश मासिक लेनदेन फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक सत्यापन का उपयोग करके पूरे किये गए, जबकि लेनदेन के लिए जनसांख्यिकीय और ओटीपी प्रमाणीकरण का भी उपयोग किया गया। अब तक 8250.36 करोड़ सत्यापित लेनदेन सितंबर के अंत तक पूरे किए जा चुके हैं।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 640/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 20.10.2022

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–डण्डा**, थाना नं0–301, थाना–डण्डा, अंचल–डण्डा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **हुर मोड (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–डण्डा, थाना नं0–301, थाना–डण्डा, अंचल–डण्डा, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **2.865** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 242 | 540 | रैयती | – | 0.059 | जय गोविन्द महतो पिता विदजेगी महतो, रामनि चौधरी, सच्चिदानन्द चौधरी वगै0 | 540 | सड़क | 533 | 541 |
| 2 | 242 | 559 | रैयती | – | 0.200 | बुधन चौधरी वो सुधु चौधरी पिता महादेव चौधरी वगै0, रामेश्वर चौधरी वगै0 | 559 | सड़क | 655 | 533 |
| 3 | 158 | 655 | रैयती | – | 0.130 | श्रीमति जासमति देवी पिता श्री राजकेश्वर मेहता, जमुना चौधरी, परमेश्वर चौधरी वगै0 श्री बिरबल चौघरी वगै0 | 655 | सड़क | 661 | 559 |
| 4 | 152 | 661 | रैयती | – | 0.065 | श्रीमती तेतरी देवी पिता गणेश चौधरी दुतरी मलाहीन वगै0 तेतरी देवी, सुदर्शन मल्लाह वगै0 | 661 | सड़क | 662 | 655 |
| 5 | 133 | 664 | रैयती | – | 0.026 | धनमनिया देवी पिता मुंशी चौधरी, मुरती देवी, फुलमती देवी पिता कामेश्वर चौधरी | 644 | सड़क | 667 | 662 |
| 6 | 148 | 667 | रैयती | – | 0.094 | श्रीमती कबुतरी देवी पिता रामदास चौधरी किसमतिया कुंवर श्री चानदेव चौधरी, श्रीमती मुलहरी देवी | 667 | सड़क | 1208 | 664 |
| 7 | छणं | 668 | रैयती | – | 0.101 | अज्ञात | 667 | 1203 | 1204 | सड़क |
| 8 | 133 | 669 | रैयती | – | 0.050 | श्री हिरा चौधरी पिता केश्वर चौधरी, पवन कुमार चौधरी पिता नागेश्वर चौधरी | 664 | 668 | 667 | 670 |
| 9 | 134 | 663 | रैयती | – | 0.022 | रामपति देवी, कामेश्वर राम, गणेश चौघरी पिता देनी चौधरी | 663 | सड़क | 664 | 661 |
| 10 | 165 | 1204 | रैयती | – | 0.117 | श्रीमती फुलमती देवी पिता कामेश्वर चौधरी | 1208 | 1205 | सड़क | सड़क |
| 11 | 56 | 1386 | रैयती | – | 0.090 | मनोज चौधरी पिता वतेश्वर चौधरी, कामेश्वर चौधरी पिता स्व0 भागवती चौधरी | 1386 | सड़क | 1386 | 1386 |
| 12 | 52 | 1390 | रैयती | – | 0.057 | कामेश्वर चौधरी पिता स्व0 भागवती चौधरी पचिया देवी, फुला देवी | 1390 | सड़क | 1870 | 1386 |
| 13 | 244 | 1870 | रैयती | – | 0.112 | | 1870 | सड़क | मोतीहार | 1390 |
| 14 | 244 | 529 | रैयती | – | 0.135 | महेन्द्र कुमार चौधरी पिता स्व0 बिहारी चौधरी, श्रवण प्रसाद साव वगैरह | सड़क | 529 | 518 | 539 |
| 15 | छणं | 518 | रैयती | – | 0.068 | अज्ञात | सड़क | 518 | 495 | 529 |
| 16 | 244 | 495 | रैयती | – | 0.275 | बुधन चौधरी पिता महादेव चौधरी, सुधु चौधरी पिता महादेव चौधरी | सड़क | 495 | 677 | 518 |
| 17 | 130 | 677 | रैयती | – | 0.044 | रजनीश प्रसाद साव वो सुभाष प्रसाद साव पिता स्व0 महेन्द्र प्रसाद साव, किरण देवी पति शशी चन्द प्रसाद | सड़क | 677 | 676 | 495 |
| 18 | 133 | 676 | रैयती | – | 0.088 | पवन कुमार चौधरी पिता नागेश्वर चौधरी, किरण देवी पति शशी चन्द चौधरी | सड़क | 676 | 673 | 647 |
| 19 | 150 | 673 | रैयती | – | 0.039 | सोमी देवी पति विफन चौधरी | सड़क | 673 | 671 | 676 |
| 20 | 152 | 671 | रैयती | – | 0.069 | हीरा चौधरी पिता केश्वर चौधरी, विश्वनाथ महतो वगै0 पिता तिलकधारी महतो | सड़क | 671 | 670 | 673 |
| 21 | 139 | 670 | रैयती | – | 0.175 | गणेश चौधरी पिता देनि चौधरी कामेश्वर चौधरी वगै0 पिता स्व0 भागवती चौधरी | सड़क | 670 | सड़क | 670 |
| 22 | 146 | 1203 | रैयती | – | 0.044 | कामेश्वर चौधरी पिता भागवत चौधरी | सड़क | 1203 | 1204 | 1202 |
| 23 | 148 | 1205 | रैयती | – | 0.052 | श्रीमती कबुतरी देवी, किसमतिया कुवरा, श्री चानदेव चौधरी, रामदास चौधरी वगै0 | सड़क | 1205 | 1206 | 1203 |
| 24 | 87 | 1392 | रैयती | – | 0.115 | हीरा चौधरी पिता केश्वर चौधरी, दुलरी मलाहीन पिता महादेव चौधरी, रामेश्वर चौधरी वो कामेश्वर चौधरी वगै0 | सड़क | 1392 | सड़क | 1206 |
| 25 | 87 | 1391 | रैयती | – | 0.081 | श्रीमती मुरती देवी पति प्रमेश्वर चौधरी, शंकर चौधरी पिता प्रमेश्वर चौधरी | सड़क | 1391 | 1871 | 1392 |
| 26 | 87 | 1871 | रैयती | – | 0.261 | रामचन्द्र चौधरी, शान्ति देवी, श्रीमती मीरा देवी, नन्दु चौधरी, विरेन्द्र चौधरी, श्री राम लगन चौधरी, राधीका देवी, | सड़क | 1871 | 1872 | 1391 |
| 27 | छणं | 1869 | रैयती | – | 0.148 | – | सड़क | 1869 | 1669 | 1871 |
| 28 | 55 | 1872 | रैयती | – | 0.148 | मुरारी प्रसाद गुप्ता वगै0 पिता शिवशंकर प्रसाद पानपति देवी पति नेपाल चौधरी वगै0 | सड़क | 1872 | 1871 | 1871 |
| कुल :– | | | | | 2.865 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री रविकान्त पाण्डेय, एवं फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0/भू0अ0नि0 (अधिनियम)–129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

PR.NO.280799 District(22-23):D

उपायुक्त, गढ़वा।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 634/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 20.10.2022

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम–डुमरिया**, थाना नं0–292, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **हुर मोड (गढ़वा–शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** का कार्य अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–डुमरिया, थाना नं0–292, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा सदर, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश– **4.274** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 57 | 71 | रैयती | टाड़ 2 | 0.014 | Partition Sheet No-2015/94 of No.-639/20 | 71 | सड़क | 72 | 69 |
| 2 | 56 | 72 | रैयती | टाड़ 2 | 0.013 | अज्ञात | 72 | सड़क | 73 | 79 |
| 3 | 104 | 73 | रैयती | टाड़ 2 | 0.019 | अज्ञात | 73 | सड़क | 290 | 72 |
| 4 | 111 | 107 | रैयती | टाड़ 2 | 0.011 | महावीर साव पिता रामरतन साव जाति–तेली | 107 | सड़क | 99 | मगीया |
| 5 | 87 | 99 | रैयती | टाड़ 2 | 0.031 | महावीर साव पिता रामरतन साव जाति–तेली | सड़क | 99 | 87 | 107 |
| 6 | 21 | 87 | रैयती | टाड़ 3 | 0.246 | भुनेश्वरी तिवारी पिता इन्द्रदेव तिवारी | सड़क | 87 | 86 | 99 |
| 7 | 59 | 86 | रैयती | टाड़ 2 | 0.013 | हदया वो सुरेश वो राम परिस्वा वो गणेश पाण्डेय पिता गंगा पाण्डेय | सड़क | 86 | 85 | 87 |
| 8 | 21 | 147 | रैयती | टाड़ 2 | 0.028 | मनोरमा देवी पति योगेन्द्र नाथ तिवारी | सड़क | 147 | 289 | 75 |
| 9 | 1 | 290 | रैयती | टाड़ एक | 0.047 | नन्दलाल तिवारी वगै0 पिता स्व0 मदन मोहन तिवारी प्रतिमा देवी पति भा0 तीवारीन जसन मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा पिता स्व0 बलराम मिश्रा वगै0 | 290 | सड़क | 288 | 43 |
| 10 | | 288 | रैयती | टाड़ एक | 0.016 | अज्ञात | 288 | सड़क | 287 | 290 |
| 11 | | 287 | रैयती | टाड़ एक | 0.015 | अज्ञात | 287 | सड़क | 286 | 288 |
| 12 | 22 | 286 | रैयती | टाड़ एक | 0.012 | बसंत कुमार मिश्रा पिता स्व0 बच्चु मिश्रा | 286 | सड़क | 264 | 287 |
| 13 | 8 | 264 | रैयती | टाड़ एक | 0.012 | दिलीप मिश्रा, उपेन्दर मिश्रा वगै0 पिता स्व0 बलीराम मिश्रा, स्व0 कृष्णा मिश्रा | 264 | सड़क | 263 | 286 |
| 14 | 4 | 263 | रैयती | टाड़ एक | 0.028 | रामनुज मिश्रा पिता स्व0 जोगेश्वर मिश्रा वगै0 पिता स्व0 सुरजदेव मिश्रा वगै0, गुरूचरण मिश्रा, श्रीकान्त मिश्रा वगै0 | 263 | सड़क | 261 | 264 |
| 15 | 34 | 261 | रैयती | टाड़ एक | 0.017 | श्याम बिहारी तिवारी वगै0 जोगेश्वर तिवारी, अनुज मिश्रा पिता स्व0 बदरी तिवारी | 261 | सड़क | 259 | 263 |
| 16 | | 661 | रैयती | टाड़ दो | 0.039 | अज्ञात | 661 | सड़क | 758 | 660 |
| 17 | 46 | 758 | रैयती | टाड़ एक | 0.008 | अज्ञात | 758 | सड़क | 757 | 661 |
| 18 | | 757 | रैयती | टाड़ एक | 0.010 | अज्ञात | 757 | सड़क | 756 | 758 |
| 19 | | 756 | रैयती | टाड़ दो | 0.015 | अज्ञात | 756 | सड़क | 760 | 757 |
| 20 | | 760 | रैयती | टाड़ दो | 0.066 | अज्ञात | 760 | सड़क | 802 | 756 |
| 21 | | 801 | रैयती | टाड़ एक | 0.042 | अज्ञात | 801 | सड़क | 702 | 760 |
| 22 | 1 | 802 | रैयती | – | 0.048 | अज्ञात | 802 | सड़क | 803 | 801 |
| 23 | 4 | 803 | रैयती | – | 0.041 | श्याम बिहारी तिवारी पिता इन्द्रदेव तिवारी जाति–ब्राहम्ण | 803 | सड़क | 804 | 802 |
| 24 | | 866 | रैयती | – | 0.176 | अज्ञात | 866 | सड़क | कमता | 867 |
| 25 | 21 | 147 | रैयती | – | 0.028 | निर्मल चन्द शुक्ल वगै0 पिता बसंत शुक्ला | सड़क | 147 | 289 | सिमाना |
| 26 | 21 | 289 | रैयती | – | 0.034 | निर्मल चन्द शुक्ल वगै0 पिता बसंत शुक्ला | सड़क | 289 | 156 | 147 |
| 27 | | 156 | रैयती | – | 0.013 | अज्ञात | सड़क | 156 | 157 | 289 |
| 28 | 73 | 157 | रैयती | – | 0.021 | जितेन्द्र पिता स्व0 बलराम मिश्रा नविन पिता नागेन्द्र मिश्रा वगै0 पिता स्व0 कृष्णा मिश्रा | सड़क | 157 | 158 | 156 |
| 29 | 71 | 158 | रैयती | – | 0.016 | अखिलेश्वर तिवारी पिता अवधेश तिवारी, जाति–ब्राहम्ण | सड़क | 158 | 159 | 157 |
| 30 | 30 | 159 | रैयती | – | 0.007 | नागेन्दर मि वगै0 पिता स्व0 कृष्णा मिश्रा | सड़क | 159 | 160 | 158 |
| 31 | 33 | 160 | रैयती | – | 0.019 | नन्दलाल तिवारी पिता स्व0 मदन मोहन तिवारी | सड़क | 160 | 163 | 159 |
| 32 | 1 | 664 | रैयती | – | 0.300 | अज्ञात | सड़क | सड़क | 664 | सड़क |
| 33 | | 755 | रैयती | – | 0.007 | अज्ञात | सड़क | 755 | 887 | 664 |
| 34 | 97 | 887 | रैयती | – | 0.068 | श्रीमती वासमती देवी पति अखिलेश्वर तिवारी | सड़क | 887 | 886 | 705 |
| 35 | 46 | 886 | रैयती | – | 0.055 | श्रीमती वासमती देवी पति अखिलेश्वर तिवारी | सड़क | 886 | 877 | 887 |
| 36 | 1 | 877 | रैयती | – | 0.051 | भुनेश्वर तिवारी वो शैलेश तिवारी पिता छोटन तिवारी | सड़क | 877 | 876 | 886 |
| 37 | 71 | 876 | रैयती | – | 0.014 | श्रीमती वासमती देवी पति अखिलेश्वर तिवारी | सड़क | 876 | 874 | 877 |
| 38 | | 874 | रैयती | – | 0.079 | अज्ञात | सड़क | 874 | 873 | 876 |
| 39 | 97 | 873 | रैयती | – | 0.321 | Partition Sheet No-2015/94 | सड़क | 83 | 871 | 874 |
| 40 | 33 | 871 | रैयती | – | 0.069 | अज्ञात | सड़क | 871 | 870 | 873 |
| 41 | | 870 | रैयती | – | 0.125 | नवरंग तिवारी वगै0 पिता स्व0 शिवशंकर तिवारी, भोपाल तिवारी वगै0 | सड़क | 870 | कमता | 871 |
| 42 | 16 | 260 | रैयती | टाड़ एक | 0.011 | अज्ञात | 266 | सड़क | 265 | सड़क |
| 43 | 36 | 163 | रैयती | – | 0.018 | नन्दलाल तिवारी पिता स्व0 मदन मोहन तिवारी | सड़क | 163 | 213 | 160 |
| 44 | 64 | 213 | रैयती | – | 0.016 | विध्यांचल तिवारी वगै0 पिता स्व0 बदरी तिवारी | सड़क | 213 | 227 | 163 |
| 45 | 68 | 227 | रैयती | – | 0.024 | विध्यांचल तिवारी वगै0 पिता स्व0 बदरी तिवारी | सड़क | 227 | 226 | 213 |
| 46 | 76 | 225 | रैयती | – | 0.003 | विध्यांचल तिवारी वगै0 पिता स्व0 बदरी तिवारी | सड़क | 225 | 224 | 226 |
| 47 | 7 | 804 | रैयती | – | 0.035 | श्याम बिहारी तिवारी पिता इन्द्र देव तिवारी जाति–ब्राहम्ण | 804 | सड़क | 808 | 803 |
| 48 | 101 | 805 | रैयती | – | 0.041 | भुनेश्वर तिवारी पिता स्व0 इन्द्रदेव तिवारी | 805 | सड़क | 806 | 804 |
| 49 | | 806 | रैयती | – | 0.017 | अज्ञात | 806 | सड़क | 808 | 805 |
| 50 | 1 | 808 | रैयती | – | 0.147 | अज्ञात | 808 | सड़क | 809 | 806 |
| 51 | | 809 | रैयती | – | 0.029 | अज्ञात | 809 | सड़क | 868 | 808 |
| 52 | 4 | 868 | रैयती | – | 0.124 | प्रहलाद तिवारी वगै0 पिता स्व0 रामा तिवारी | 868 | सड़क | 864 | 809 |
| 53 | | 864 | रैयती | – | 0.042 | अज्ञात | 864 | सड़क | 867 | 868 |
| 54 | | 867 | रैयती | – | 0.054 | नवरंग तिवारी वगै0 पिता स्व0 शिवशंकर तिवारी, भोपाल तिवारी वगै0 | 867 | सड़क | 866 | 861 |
| 55 | 77 | 226 | रैयती | – | 0.016 | विध्यांचल तिवारी वगै0 पिता स्व0 बदरी तिवारी | 225 | सड़क | 223 | 221 |
| 56 | 20 | 259 | रैयती | – | 0.023 | श्याम बिहारी तिवारी वगै0 पिता स्व0 इन्द्रदेव तिवारी | 251 | सड़क | 220 | 281 |
| 57 | 20 | 220 | रैयती | – | 0.019 | श्याम बिहारी तिवारी वगै0 पिता स्व0 इन्द्रदेव तिवारी | 220 | सड़क | 229 | 259 |
| 58 | 111 | 229 | रैयती | – | 0.022 | श्याम बिहारी तिवारी वगै0 पिता स्व0 इन्द्रदेव तिवारी | 229 | सड़क | 230 | 220 |
| 59 | 45 | 230 | रैयती | – | 0.016 | श्याम बिहारी तिवारी वगै0 पिता स्व0 इन्द्रदेव तिवारी | 230 | सड़क | 607 | 229 |
| 60 | 42 | 607 | रैयती | – | 0.016 | गिरवर तिवारी वो शिवसरण तिवारी पिता रामेश्वर तिवारी | 607 | सड़क | 608 | 280 |
| 61 | 1 | 608 | रैयती | – | 0.014 | प्रहलाद तिवारी वगै0 पिता स्व0 राम तिवारी | 608 | सड़क | 663 | 607 |
| 62 | | 663 | रैयती | – | 0.091 | अज्ञात | 663 | सड़क | 660 | 608 |
| 63 | | 660 | रैयती | – | 0.028 | अज्ञात | 660 | सड़क | 661 | 663 |
| 64 | 63 | 85 | रैयती | – | 0.005 | अज्ञात | सड़क | 85 | 83 | 86 |
| 65 | | 83 | रैयती | – | 0.037 | अज्ञात | सड़क | 83 | 82 | 85 |
| 66 | | 82 | रैयती | – | 0.130 | नवरंग तिवारी पिता स्व0 शिवशंकर वगै0 नन्द गोपाल तिवारी वगै0 | सड़क | 82 | 80 | 83 |
| 67 | 78 | 81 | रैयती | – | 0.071 | अज्ञात | सड़क | 81 | 80 | 82 |
| 68 | | 80 | रैयती | – | 0.158 | अज्ञात | सड़क | 80 | 79 | 82 |
| 69 | | 79 | रैयती | – | 0.043 | अज्ञात | सड़क | 79 | 76 | 80 |
| 70 | 74 | 76 | रैयती | – | 0.033 | ज्ञानी ठाकुर उर्फ जगरनाथ ठाकुर पिता भिखारी ठाकुर श्रीमति अनारकली देवी पति सीताराम तिवारी, विष्णु देव तिवारी वगैरह, सुमती देवी पति श्री पुरोषोतम तिवारी | सड़क | 76 | 85 | 79 |
| 71 | 74 | 75 | रैयती | – | 0.026 | ज्ञानी ठाकुर उर्फ जगरनाथ ठाकुर पिता भिखारी ठाकुर श्रीमति अनारकली देवी पति सीताराम तिवारी, विष्णु देव तिवारी वगैरह, सुमती देवी पति श्री पुरोषोतम तिवारी | सड़क | 75 | 147 | 76 |
| 72 | 93 | 22 | रैयती | – | 0.175 | रामनाथ तिवारी वो सत्येन्द्र नाथ तिवारी पिता स्व0 हरीहर तिवारी नन्द गोपाल तिवारी वो लव किशोर तिवारी शम्भु नाथ तिवारी वो सुरेन्द्र नाथ तिवारी पिता स्व0 ठाकुर तिवारी | 22 | सड़क | 27 | 19 |
| 73 | | 27 | रैयती | – | 0.024 | अज्ञात | 27 | सड़क | 28 | 22 |
| 74 | 59 | 28 | रैयती | – | 0.074 | अज्ञात | 28 | सड़क | 31 | 27 |
| 75 | 59 | 31 | रैयती | – | 0.286 | योगेन्द्र नाथ तिवारी पिता स्व0 शालीग्राम तिवारी | 31 | सड़क | 63 | 28 |
| 76 | 85 | 63 | रैयती | – | 0.081 | निर्मल चन्द शुक्ल वगै0 पिता बसंत शुक्ला | 63 | सड़क | 64 | 31 |
| 77 | 4 | 64 | रैयती | – | 0.027 | अज्ञात | 64 | सड़क | 68 | 63 |
| 78 | 64 | 68 | रैयती | – | 0.046 | प्रहलाद तिवारी वगै0 पिता स्व0 राम तिवारी | 68 | सड़क | 69 | 64 |
| 79 | 5 | 69 | रैयती | – | 0.058 | नागेन्दर तिवारी पिता सव0 शिवनन्दन तिवारी शा. डुमरिया | 69 | सड़क | 71 | 68 |
| कुल :– | | | | | 4.274 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री रविकान्त पाण्डेय, एवं फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0–08ए0/भू0अ0नि0(अधिनियम)–129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 280803 (District) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

# मिशन 2024 : तैयारी शुरू

**झारखंड** में नगर निकायों का चुनाव प्रस्तावित है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले महीने निकाय चुनाव की घोषणा हो सकती है। इसके लिये राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गयी है। संभावना है कि दिसम्बर महीने में नगर निकाय का चुनाव करा लिया जाये। इस बीच नगर निकाय के चुनाव पर राज्य की राजनीति एक बार फिर गरम है। इस बार निकाय चुनाव की राजनीति के केंद्र में ओबीसी है। एक तरफ राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं दिये जाने का मुद्दा उठाया है, तो दूसरी ओर भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू ने इस मामले को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अब यहां सवाल यह उठता है कि जब राज्य में भाजपा की सरकार थी उस समय भी नगर निकाय के चुनाव हुए थे। लगातार पांच वर्षों तक भाजपा ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार चलायी। भाजपा के सभी नेता उस समय जोर-जोर से डबल इंजन की सरकार होने का दंभ भरते नहीं अघाते थे। उस समय भाजपा की तरफ से एक बार भी ओबीसी को निकाय चुनावों में आरक्षण देने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। तत्कालीन विपक्ष के साथ-साथ भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू ने पिछली सरकार में पिछड़ों को आरक्षण देने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी थी। अब भाजपा इस मुद्दे को लेकर आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की है। सत्ता के गलियारे में अब यह सवाल उठ रहा है कि जब भाजपा के पास कानून बनाने का अधिकार जनता से मिला था उस समय तो वह इसपर कुछ नहीं की अब हाय तौबा मचाने की वजह क्या है। दरअसल, राज्य की सभी राजनीतिक पार्टियां मिशन 2024 पर काम शुरू कर दी है। झारखंड में वर्ष 2024 में ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। सभी पार्टियां लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव पर भी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इससे पहले पंचायत के चुनाव हुए उसमें भी पिछड़ी जाति को आरक्षण का लाभ नहीं मिला। अब निकाय चुनाव कभी भी हो सकता है। इसमें भी पिछड़ी जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि झारखंड में सबसे ज्यादा आबादी पिछड़ी जाति का है। जाहिर है कि इस जाति को अपने पाले में करने का प्रयास सभी राजनीतिक दल करेंगे। निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण नहीं दिये जाने को राजनीतिक रंग इसी वजह से दिया जा रहा है। भाजपा के हायतौबा मचाने की एक वजह यह भी है कि हेमंत सरकार ने राज्य की नौकरियों में पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण देने का नीतिगत निर्णय ले लिया है। सरकार इसको लेकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधेयक ला सकती है और उसके बाद केंद्र सरकार के पास भेज सकती है। भाजपा को यह लग रहा है कि पिछड़ों के मामले में हेमंत सोरेन ने यह निर्णय लेकर बाजी मार ली है, ऐसे में निकाय चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण का मुद्दा बनाकर वह अपनी पैठ पिछड़े समुदाय में कायम कर सकती है।

## आज का इतिहास

**1769 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के अकरा में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया।

**2006 :** समाजवादी नेता माइकल बैशलेट चिली की प्रथम महिला राष्ट्रपति चुनी गयीं।

**1938 :** प्रख्यात बंगाली साहित्यकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का निधन।

**1995 :** जापान में 7.2 तीव्रता के भूकंप में 5,372 लोगों की मौत।

**2013 :** इराक में सिलसिलेवार बम धमाकों में 33 लोगों की मौत।

**1556 :** स्पेन के सम्राट कैरेल ने अपने पुत्र फिलीप द्वितीय को अपना उत्तराधिकारी चुना।

**1581 :** ब्रिटेन में संसद ने रोमन कैथलिक ईसाइयों के खिलाफ कानून पारित किया।

**1681 :** महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में छत्रपति शिवाजी के पुत्र संभाजी का भव्य राज्याभिषेक हुआ।

**1901 :** भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद महादेव गोविन्द रानाडे का निधन।

**1943 :** इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला।

**1947 :** विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गये।

**1955 :** पुणे में खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का औपचारिक रूप से उद्घाटन।

**1966 :** भारत के शिक्षाविद एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन।

**1989 :** मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक प्रेम नजीर (मूल नाम अब्दुल खादिर) का निधन। इनके नाम सबसे अधिक 600 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने का विश्व रिकार्ड है।

**1989 :** सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए दो साल के मानव अभियान की योजना की घोषणा की।

**2003 :** भारतीय मूल की कल्पना चावला दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना।

# दरिद्र नारायण को भूलिये मत

> ‘ मॉस्को को जानने वाले जानते हैं कि मध्य नवंबर का वक्त वहां कितना सर्द होता है। बर्फ पड़नी शुरू हो चुकी थी और बर्फीली हवाएं बदन को चीरे डाल रही थीं। ऐसे में किसी तरह खुद को आगे धकेलती वृद्धा के दोनों ओर बहुमंजिला इमारतों के साये मानो उसे लीले जा रहे थे। कवि दुष्यंत दिमाग के बंद दरवाजे भड़भड़ाने लगे थे। ये सारा जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा, मैं सजदे में नहीं था आपको धोखा हुआ होगा। तीन दिन पहले हम संपदा का त्योहार दिवाली मनाकर नई दिल्ली से उड़े थे। मॉस्को वह शहर है, जहां संसार के सर्वाधिक नवधनाढ्य रहते हैं। ’

**ह**र दीपावली मुझे दुःस्वप्न की तरह दो दृश्य याद आते हैं- पहला, 12 नवंबर 2007, मॉस्को। हमलोग तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ रूस में थे। वहां के भारतीय दूतावास ने चुनिंदा लोगों के लिए आलीशान रेस्तरां, ‘नसीरुद्दीन’ में रात्रिभोज का आयोजन किया था। नसीरुद्दीन दिव्य मध्य एशियाई भोजन के साथ बैले नृत्य के लिए मशहूर है। वहां थिरक रही नर्तकी की ओर जब भी नजर उठती, तो उसकी आंखों में सूनेपन का समंदर ठहरा हुआ पाता। चकाचौंध भरी जगहों पर परिचारकों और प्रस्तुतकर्ताओं की आंखों में अक्सर ऐसे भाव दिखाई दे जाते हैं। तब तक मालूम न था कि कुछ मिनट बाद ऐसा दृश्य सामने आने वाला है, जो स्मृतियों के खंडहरों में अपनी स्थायी जगह बना लेगा। भोज समाप्त कर हम एयरकंडीशंड गाडियों में सवार हो मोस्क्वा नदी की ओर बढ़ चले थे। चौड़ी सडकों के दोनों ओर गगनचुंबी इमारतें पसरी हुई थीं। एक लालबत्ती पर गाड़ी रुकी और अचानक बगल की गली में मेरी नजर पड़ी। कमान जैसी झुकी कमर लिए एक बुजुर्ग महिला छड़ी के सहारे खरामा-खरामा किसी तरह आगे बढ़ने की कोशिश कर रही थी। मॉस्को को जानने वाले जानते हैं कि मध्य नवंबर का वक्त वहां कितना सर्द होता है। बर्फ पड़नी शुरू हो चुकी थी और बर्फीली हवाएं बदन को चीरे डाल रही थीं। ऐसे में किसी तरह खुद को आगे धकेलती वृद्धा के दोनों ओर बहुमंजिला इमारतों के साये मानो उसे लीले जा रहे थे। कवि दुष्यंत दिमाग के बंद दरवाजे भड़भड़ाने लगे थे। ये सारा जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा, मैं सजदे में नहीं था आपको धोखा हुआ होगा। तीन दिन पहले हम संपदा का त्योहार दिवाली मनाकर नई दिल्ली से उड़े थे। मॉस्को वह शहर है, जहां संसार के सर्वाधिक नवधनाढ्य रहते हैं। पूंजीवाद ने सिर्फ इस मुल्क के समाजवाद को नहीं लीला, बल्कि उस वृद्धा जैसे लाखों लोगों को आफतों के अनंत साए में धकेल दिया है। अगला वाकया दिल्ली में पेश आया। पांच साल बाद लगभग वैसा ही दृश्य दिवाली से दो दिन पहले देश की राजधानी में देखने को मिला। मैं रांची से देर शाम की उड़ान से लौटकर घर की ओर निकला था। चाणक्यपुरी के एक पंच सितारा होटल के ठीक बगल वाली सड़क पर मैंने मजदूर मां को अपने पांच-छह साल के बच्चे के साथ तेज कदमों से घर लौटते देखा। राजनयिकों और रईसों की इस रिहाइश में गरीबों के डेरे न जाने कितनी दूर और कहां हैं? पता नहीं, तेज भागती गाडियों के बीच उन्हें कितनी और देर कदम घसीटने थे? लगता था कि हेडलाइट्स की चुंधियाती रोशनी पर परत की तरह जमे ऊंची इमारतों की परछाइयों के बोझ में वे मां-बेटे दबे जा रहे हैं। तब से अब तक गंगा, यमुना, दजला, फरात, मोस्क्वा, राइन और इन जैसी दुनिया भर की तमाम नदियों में न जाने कितना जल बह गया, लेकिन विषमता की खाई कम होने के बजाय विकराल होती चली गई। इस दौरान कुछ अच्छी खबरें अवश्य आईं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी ताजा रिपोर्ट में भारत की अनुमानित विकास दर को कुछ कम करने के बावजूद मंदी से खुद को बचा सकने में सक्षम आंका। यही रिपोर्ट बताती है कि साल 2028 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। इसी तरह, संयुक्त राष्ट्र का पिछले हफ्ते प्रकाशित हुआ सर्वेक्षण कहता है कि 2005-21 के बीच भारत में 41.5 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठाये गये। यकीनन, कोविड और दुनिया भर में मची उथल-पुथल के बावजूद मोदी सरकार ने हिम्मत और हौसले को कायम रखा है। हालांकि, असमानता की खाई हमारे यहां भी पांव पसार रही है। इस पर नजर रखनी जरूरी है। स्वदेशी का मॉडल इस महादुर्दशा से उबारने में कामयाब हो सकता है। वजह? हिन्दुस्तान के गांव और कस्बे अभी तक ऊर्जा रहित नहीं हुए हैं। आपको आंख खोलने वाला एक उदाहरण देता हूं। देश की सर्वाधिक प्रति-व्यक्ति आय का गौरव रखने वाले छोटे-बड़े प्रमुखतम शहरों में गुजरात का छोटा कस्बाई शहर मोरबी है। बरसों पहले शामली गया था। वहां के लोगों ने कहा था, प्रति-व्यक्ति आयकर देने के मामले में हम बेंगलुरु से आगे हैं। मैंने कभी इस दावे को आंकड़ों की कसौटी पर नहीं कसा, मगर इसमें दो राय नहीं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस कस्बे के लोग अपने दम-खम पर यकीन रखने वाले थे।

■ **शशि शेखर**

# पुख्ता समाधान बनाम चुनावी रेवड़ी

**हि**माचल प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर हुए एक सर्वेक्षण में बताया गया है कि 49 फीसद मतदाता बेरोजगारी को सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा मानते हैं, लेकिन यही सर्वे यह भी बताता है कि 46 फीसद मतदाता भाजपा को ही। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर हुए एक सर्वेक्षण में बताया गया है कि 49 फीसद मतदाता बेरोजगारी को सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा मानते हैं, लेकिन यही सर्वे यह भी बताता है कि 46 फीसद मतदाता भाजपा को ही वोट देना चाहते हैं। ध्यान रहे, भाजपा हिमाचल प्रदेश में पांच साल से और केंद्र में आठ साल से सत्ता में है। इसी तरह गुजरात में हुए एक सर्वे के अनुसार, 23 फीसद मतदाता बेरोजगारी और 44 फीसद मतदाता महंगाई को मुख्य मुद्दा मानते हैं, लेकिन 48 फीसद उस भाजपा को ही वोट देना चाहते हैं, जिसकी गुजरात में 27 साल से और केंद्र में आठ साल से सरकार है। इसका मतलब क्या निकाला जाए? अगर कोई राजनीतिक दल चुनाव जीत लेता है, तो क्या बेरोजगारी-महंगाई जैसे मुद्दे जुमला हो जाते हैं, मुद्दे नहीं रहते हैं। अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे समझ रहे हैं। भाजपा को जिताना है और बेरोजगारी पर जीत हासिल करनी है। आखिर बेरोजगारी कैसे और किस हद तक दूर हो सकती है? महंगाई भी बेरोजगारी को बढ़ाती है, इस तथ्य को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। भूखे पेट का बेरोजगारी से नाता है, बेरोजगारी का नौकरी से रिश्ता है। केंद्र सरकार के पास करीब दस लाख पद खाली हैं। इन पदों को भरने का काम चल रहा है। केंद्र सरकार की नौकरियों के 41 लाख पद स्वीकृत हैं, इसमें 31 लाख ही भरे हुए हैं। अदालतों में पद खाली हैं और चार करोड़ मुकदमों का निपटारा होना बाकी है। पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य में लाखों की संख्या में पद खाली हैं। इन खाली पदों से सरकार का काम प्रभावित हो रहा है। दुनिया के बड़े देशों से तुलना करें, तो जनसंख्या के अनुपात में सरकारी नौकरियों की तादाद भारत में सबसे कम है। सरकार के साथ-साथ सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यबल घटा है। साल 2018-19 में 16.2 लाख कर्मचारी थे, अब 12.6 लाख पर आ गये हैं। अगर राज्य सरकारों के खाली पदों को जोड़ा जाए, तो यह संख्या 90 लाख के करीब पहुंचती है। इन राज्यों में गैर-भाजपा सरकारें भी शामिल हैं। राजस्थान में बेरोजगारी दर 24 फीसद है, हरियाणा में 23 फीसद, झारखंड में 12 और बिहार में 11 फीसद है, जबकि राष्ट्रीय औसत 6.4 फीसद है। भारत में चार तरह की बेरोजगारी है। एक, रोजगार कार्यालय में पंजीकरण के हिसाब से साढ़े छह फीसद लोग (उम्र 15 से 64 साल) बेरोजगार हैं, इसके अलावा अर्ध-बेरोजगार हैं, जिनका नाम दर्ज नहीं है। तीसरे नंबर पर कृषि क्षेत्र के बेरोजगार हैं, जो सूखे खाली खेत में रोज सुबह से शाम तक ठाले बैठे रहते हैं। चौथे नंबर पर मनरेगा जैसी योजनाओं में मजदूरी कर जैसे-तैसे पेट पाल रहे बेरोजगार हैं। अब सवाल उठता है कि बेरोजगारी किस तरह दूर की जा सकती है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री अरुण कुमार ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट सामने रखी है, उनके अनुसार, देश में इस समय 27 करोड़ 80 लाख लोगों को काम की जरूरत है, इनमें से मनरेगा के छह करोड़ मजदूरों को अलग कर दिया जाए, तो 21 करोड़ 80 लाख लोगों को तत्काल काम की जरूरत है।

■ **विजय विद्रोही**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे मुनिश्रेष्ठ! ऐसा कौन श्रेष्ठ क्षत्रिय होगा, जो अल्प अपराधके कारण ब्राह्मणोंका वध करेगा? मुझे तो इस विषय में महान् शंका हो रही है, इसका कारण बतानेकी कृपा करें ॥ 5 ॥

सूतजी बोले- तब राजा जनमेजयके इस प्रकार पूछनेपर सत्यवतीनन्दन व्यासजी परम प्रसन्न हुए और मनमें उस वृत्तान्तका स्मरण करके कहने लगे ॥ 6 ॥

व्यासजी बोले- हे जनमेजय! मेरे द्वारा पूर्वकालमें सम्यक प्रकारसे ज्ञात क्षत्रियोंसे सम्बन्ध रखनेवाली इस आश्चर्यजनक प्राचीन कथाको आप सुनिये ? ॥ 7 ॥

कार्तवीर्य नामक एक हैहयवंशीय राजा हो चुके हैं। सदा धर्ममें तत्पर रहनेवाले उन बलवान् राजाकी हजार भुजाएँ थीं, वे सहस्त्रार्जुन भी कहे जाते थे ॥ 8 ॥

वे भगवान् विष्णुके अवतारस्वरूप, दत्तात्रेयके शिष्य, भगवतीके उपासक, परम सिद्ध, सब कुछ देनेमें समर्थ तथा भृगुवंशी ब्राह्मणोंके यजमान थे ॥ 9 ॥

ये यज्ञ करनेवाले, धर्मनिष्ठ तथा सदैव दान देनेमें रुचि रखनेवाले थे। उन्होंने अनेक यज्ञ करके अपनी विपुल सम्पदा भृगुवंशी ब्राह्मणोंकी दान कर दी थी। राजाके द्वारा दिये गये दानसे वे भृगुवंशी ब्राह्मण बड़े धनी हो गये। घोड़े तथा रत्न आदि सम्पदासे युक्त हो जाने के कारण जगत्में वे अतीव प्रसिद्ध हो गये ॥ 10-11 ॥

हे राजन। नृपश्रेष्ठ कार्तवीर्यार्जुनके दीर्घकालतक राज्य करनेके पश्चात उनके स्वर्ग चले जानेपर हैहयवंशी क्षत्रिय धनहीन हो गये ॥ 12 ॥

हे राजन। किसी समय हैहय क्षत्रियोंको कार्य विशेषके लिये धनकी आवश्यकता पड़ गयी। तब वे धन माँगनेकी इच्छासे भृगुवंशी ब्राह्मणोंके पास गये ॥ 13 ॥

उन क्षत्रियोंने अत्यधिक विनम्रतापूर्वक उन ब्राह्मणोंसे धनको याचना की, किंतु लोभके वशीभूत उन ब्राह्मणोंने कुछ नहीं दिया और बार-बार कहते रहे- 'मेरे पास नहीं है, मेरे पास नहीं है' ॥ 14 ॥

हैहयवंशी क्षत्रियोंसे भयभीत होकर कुछ भृगुवंशी ब्राह्मणोंने अपनी प्रचुर सम्पत्ति जमीनमें गाड़ दी और कुछने अन्य ब्राह्मणोंको दे दी ॥ 15 ॥

भयाक्रान्त तथा लोभके वशीभूत वे सभी भृगुवंशी ब्राह्मण अपना अपना धन स्थानान्तरित करके अपने आश्रम छोड़कर अन्यत्र चले गये ॥ 16 ॥

अपने यजमानोंको दुःखित देखकर भी लोभसे विमोहित ब्राह्मणोंने उन्हें कुछ भी नहीं दिया। उन सभीने भागकर पर्वतकी गुफाओंका आश्रय ग्रहण किया ॥ 17 ॥

हे तात! तत्पश्चात कष्ट झेल रहे अनेक हैहय क्षत्रियप्रमुख विशेष कार्यवश द्रव्यप्राप्तिके लिये भृगुवंशी ब्राह्मणोंके आश्रमोंपर पहुँचे ॥ 18 ॥

**क्रमशः**

# क्या है रामसेतु का रहस्य?

**श्री**राम का सेतुधाम यानी एक ऐसी कहानी जिसे लोग विज्ञान का हवाला देकर फसाना मानते रहे। लेकिन कुछ साल पहले ही अमेरिकी साइंस चैनल ने दावा किया कि राम सेतु वाकई मौजूद था। उनका कहना है कि रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच बहुत सारे ऐसे पत्थर मिलते हैं जो सात हजार साल पुराने हैं। करे ही विनय राम सहि संग लक्ष्मण करत विलंब, सिन्धु प्रण प्रति क्षण, बीते समय न होत प्रतीक्षा, देंगे राम अब सिन्धु को शिक्षा। प्रभु राम जिन्हें विनम्रता और सदाचारी कहा जाता है उन्हें भी एक बार क्रोध आ गया था। रामचरित मानस के अनुसार लंका पर चढ़ाई के लिए सेतु निर्माण आवश्यक था। इसके लिए भगवान श्री राम अपने भ्राता लक्ष्मण के साथ तीन दिन तक समुद्र से रास्ता देने की प्रार्थना करते रहे। लेकिन समुद्र नहीं माना। इस संबंध में तुलसीदास जी ने लिखा है- बिनय न मानत जलधि जड़ गये तीनि दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होइ न प्रीति॥ तब भगवान श्री राम ने क्रोध में कहा था कि आप लोककल्याण के मार्ग को भूलकर, अत्याचार के मार्ग पर जा चुके हैं। इसलिए आपका विनाश आवश्यक है। उनके ऐसा निश्चय करते ही समुद्र देवता थर-थर कांपने लगते हैं तथा प्रभु श्री राम से शांत होने की प्रार्थना करते हैं। सागर ने ही रामजी से नल नील की खूबी बताई। समुद्र देव ने बताया, श्रीराम! आप अपनी वानर सेना की मदद से मेरे ऊपर पत्थरों का एक पुल बनाये। मैं इन सभी पत्थरों का वजन संभाल लूंगा। आपकी सेना में नल एवं नील नामक दो वानर हैं, जो इस कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं। श्रीराम का सेतुधाम यानी एक ऐसी कहानी जिसे लोग विज्ञान का हवाला देकर फसाना मानते रहे। लेकिन कुछ साल पहले ही अमेरिकी साइंस चैनल ने दावा किया कि राम सेतु वाकई मौजूद था। उनका कहना है कि रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच बहुत सारे ऐसे पत्थर मिलते हैं जो सात हजार साल पुराने हैं। यहां तक की विज्ञान के जानकार भी राम सेतु के अस्तित्व को मान रहे हैं। जिसका जिक्र रामायण में है, अथाह समुंद्र के बीच का रामसेतु कहां है? अगर है तो किस रूप में है? भारत और श्रीलंका के बीच के वो आठ टापू जो सबूत बनकर आज भी मौजूद हैं। जो आज भी राम कथाों की गवाही देते हैं। रामसेतु का संबंध रामायण से है। श्रीराम और उनकी वानर सेना ने माता सीता को रावण से मुक्त कराने के लिए एक पुल बनाया था, जिसे रामसेतु नाम दिया गया। ये पुल मनुष्य द्वारा बनाया गया है या प्राकृतिक है इस बात पर पिछले कई सालों से बहस चल रही है। **कैसे हुई विवाद की शुरूआत :** राम सेतु, तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट पर पंबन द्वीप और मन्नार द्वीप के बीच बनी एक श्रृंखला है। रामसेतु को आदम का पुल भी कहा जाता है। रामायण महाकाव्य के अनुसार सीता को बचाने के लिए श्रीलंका पहुंचने के लिए भगवान राम व उनकी वानर सेना के द्वारा इस पुल का निर्माण किया गया था। 19वीं शताब्दी की शुरूआत में अंग्रेजों ने बड़े जहाजों को भारतीय तट पर नेविगेट करने या पूर्वी और पश्चिमी तटों के बीच यात्रा करने में सक्षम बनाने के लिए इस चैनल को ड्रेज करने की योजना बनाई थी। जबकि ब्रिटिश योजनाएँ कभी सफल नहीं हुईं, इस परियोजना को स्वतंत्र भारत में सेतुसमुद्रम परियोजना के रूप में पुनर्जीवित किया गया था। हालाँकि, इस प्रस्ताव का उन समूहों द्वारा लगातार विरोध किया गया है जो संरचना और रामायण के बीच संबंध में विश्वास करते हैं। नतीजतन, स्वतंत्र भारत के राजनीतिक परिदृश्य में इस बात पर बहस छिड़ गई कि क्या राम सेतु वास्तव में भगवान राम द्वारा बनाया गया था या नहीं। **राम सेतु के प्रति औपनिवेशिक रवैया :** ये ध्यान देने योग्य है कि भारतीय धार्मिक मान्यताओं को बदनाम करने की औपनिवेशिक प्रथा के विपरीत, जब राम सेतु की बात आई तो यूरोपीय दृष्टिकोण ने संरचना के आसपास की पौराणिक कथाओं को सूक्ष्म रूप से मजबूत किया। दो पुस्तकें - एडम्स ब्रिज (रूटलेज 2023) और राम सेतु (रूपा 2023) के लेखक प्रोफेसर अरूप के. चटर्जी बताते हैं, उनके पास ज्ञान-मीमांसा विनम्रता की बहुत सतर्क नीति थी। औपनिवेशिक भूवैज्ञानिकों ने राम सेतु के आसपास के मिथक की सत्यता पर कोई रुख नहीं अपनाया। उन्हें पूरा विश्वास था कि उन्हें यह समझाने की जरूरत नहीं है कि राम एक वास्तविक व्यक्ति थे या नहीं, बल्कि पौराणिक कथाओं को बहुत सम्मान के साथ देखा जाता है। **आजादी के बाद राम सेतु विवाद :** स्वतंत्र भारत की पहली सरकार द्वारा सेतुसमुद्रम परियोजना समिति का गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष ए रामास्वामी मुदलियार थे।

■ **अभिनय आकाश**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# धड़ल्ले से हो रही बिजली की चोरी

**श**हर के गायत्री मंदिर रोड़ स्थित एफसीआई गोदाम के बगल में सिंचाई विभाग द्वारा बने बगंला कालोनी में धड़ल्ले से बिजली की चोरी की जा रही है। बिजली चोरी करने वाले लोग इसमें अवैध रूप से से कब्जा जमाये हुए है। उन्हें फ्री का सब कुछ चाहिये। न तो उन्हें मकान में रहने का पैसा लग रहा हैऔर न ही बिजली और पानी का पैसा लग रहा है। सब कुछ उन्हे मुफ्त मे ही मिल जा रही है। इसपर न तो प्रशसन का ही ध्यान है और न बिजली विभाग का वे आराम से अवैध रूप से रहकर हराम की fबजली चोरी कर जला रहे है। जबकि उस कॉलोनी में विभाग का अपना बिजली है।फिर भी वे बिजली की चोरी कर रहे है। उसमें रहने वाले लोग चंद पैसे बचाने के लिए अपने जान को जोखिम डालकर रह रहे है। इसकी स्थिति इतनी जर्जर है कि वह किसी वक्त गिर सकती है। बिजली चोरी को लेकर न तो बिजली विभाग इस पर ध्यान दे रही है। और विभाग के द्वारा छापेमारी की जा रही है। लोग निडर होकर बिजली की चोरी कर रहे है। बिजली विभाग जिनके घर में मीटर है। सिर्फ वैसे ही लोगों को तंग करती है। कभी मीटर बदलने को कहती है तो हमेशा छापेमारी की जाती है। फिर भी लोगों को न तो किसी प्रकार भय और डर नहीं है। बिजली विभाग भी इसे अनदेखी कर रही है। और लोगों पर किसी तरह का दबाव नहीं बना रही है।

■ **सुरेश प्रसाद , मेदिनीनगर।**

# विजय पर्व बेरोजगारों के लिए होगा अविस्मरणीय

**दी**पावली का पर्व केवल देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सनातन धर्मावलम्बियों व्दारा पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस मौके पर अपने घरों से दूर देश की सीमा पर मुस्तैद जवानों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठवीं बार भी असत्य पर सत्य के विजय पर्व को मनाने की घोषणा की है। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित करने वाले रणबांकुरों के साथ देश की भागीदारी प्रस्तुत करने का इससे ज्यादा उपयुक्त समय हो ही नहीं सकता। जब आम नागरिक अपने परिवारजनों के साथ हंसी-ठिठोली करते हुए आनन्द के क्षणों को सांझा करते है तब दुश्मनों की पल-पल की हरकतों पर सेना के जवान न केवल नजर रखते हैं बल्कि उन्हें मुंह तोड़ जबाब भी देते हैं। इस जबाबी कार्यवाही में अनेक सपूतों की आत्मा उनके शरीर का साथ छोड़ देती है। मां भारती के चरणों में प्राणों की आहुति देने को हमेशा तत्पर रहने वाले राष्ट्र भक्त जब देश के प्रधानमंत्री को अपने साथ पाते हैं तो उनका मनोबल सातवें आसमान पर होता है। वे स्वयं को अपने परिवार के मुखिया के साथ ही महसूस करते हैं। यदि त्यौहार पर जवान अपने घरों से दूर है तो देश का मुखिया भी उनके साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है। एक समय था जब कश्मीर में आतंकवादियों से थप्पड खाने को सेना बाध्य थी, पत्थरबाजों को मासूम करार देने वालों की बाढ़ आ गई थी, देश के टुकडे-टुकडे करने के मंसूबे पालने वालों को कुछ राजनैतिक दलों का खुला संरक्षण प्राप्त था, मानवाधिकारों की दुहाई पर जुल्म करने वालों को बढ़ावा देने का क्रम चल निकला था, धर्म के नाम पर खून खराबा करने वालों को बचाने के लिए एक पार्टी विशेष के कद्दावर नेताओं की फौज खड़ी हो जाती थी, जालिमों को बचाने के लिए देर रात न्यायालयों को खुलवाया जाता था। सेना के हाथों को निर्देशों की बेडियों में बांधकर उनका मनोबल तोड़ने का षडयंत्र करने वालों ने सत्ता के गलियारे से आदेशों की झडी लगा दी थी। गिड़गिड़ाने, सबूत सौंपने, दुनिया के सामने अन्याय का रोना रोने वालों का युग लगभग समाप्त हो चुका है। आज दुनिया के शीर्ष देश भारत के बिना अपने को अधूरा महसूस करने लगे हैं। अर्थ व्यवस्था में ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवे स्थान पर पहुंचने वाले राष्ट्र ने सुरक्षा के मुहाने पर सेना के हाथ खोल दिये हैं। चीन जैसे राष्ट्र को पीछे हटने के लिए बाध्य कर दिया है। अमेरिका के दबाव को माने बिना रूस के साथ व्यापारिक संबंधों को नई दिशा देना, रूस-यूक्रेन मुद्दे पर तटस्थ नीति अपनाना, स्वदेशी सैन्य उपकरणों का निर्माण, संकट की घडी में विश्व के लिए मसीहा बनकर खडा होना, देश की अखण्डता को लगे 370 के ग्रहण को समाप्त करना, बहुसंख्यकों का नारा देकर एक धर्म विशेष को प्रताड़ित करने वालों को आइना दिखाना, सामाजिक सौहार्द में साम्प्रदायिक विस्फोट करने वालों के विरुध्द कडे कदम उठाना, एक वर्ग विशेष व्दारा किये जाने वाले अपराधों पर उपेक्षात्मक रुख अपनाने वाले राज्यों को रेखांकित करना, मुफ्तखोरी की चुनावी घोषणायें को पूरा करने के लिए केन्द्र की ओर ताकने वाले राज्यों की शेखचिल्ली नीति को उजागर करना, सीमापार के राष्ट्र विरोधी एजेन्डे पर कार्य करने वाले नेताओं और संगठनों पर नकेल कसने जैसे अनगिनत कार्यों को निरंतर मूर्त रूप दिया जा रहा है। बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष व्दारा सरकार को घेरने वाले की नीति भी धनतेरस के दिन धराशाही हो गई। देश के 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देने तथा सन 2023 तक 10 लाख प्रतिभाशाली युवाओं को 38 मंत्रालयों के अधीन नौकरियां देने की घोषणा ने सरकार की सकारात्मक मंशा को उजागर कर दिया है। इसे देश के प्रतिभाशाली बेरोजगारों के लिए दीपावली की गिफ्ट के रूप में देखा जा रहा है। सोची-समझी रणनीति के तहत राष्ट्र को निरंतर ऊंचाइयां मिल रहीं है। जब देश में रोजगार के लिए धरातल तैयार कर लिया गया, तभी उसकी घोषणा की गई। जब कोरोना की वैक्सीन, देश के नागरिकों के लिए उपलब्ध हो गई तब विदेशों के लिए सप्लाई की गई। जब देश में खाद्यान्न का उत्पादन मांग से अधिक हो गया, तब उसका निर्यात किया गया। यह सभी कारक इस बार की दीपावली को नये युग के महापर्व के रूप में परिभाषित कर रहे हैं।

■ **डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 5सी/81, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# भाई-बहन के पावन संबंधों की मजबूती का पर्व है भैया दूज

यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। भाई-बहन के दिलों में पावन संबंधों की मजबूती और प्रेमभाव स्थापित करने वाला पर्व है 'भैया दूज'। इस दिन बहनें अपने भाईयों को तिलक लगाकर ईश्वर से उनकी दीघार्यु की कामना करती हैं। कहा जाता है कि इससे भाई यमराज के प्रकोप से बचे रहते हैं। दीपावली के दो दिन बाद अर्थात कार्तिक शुक्ल द्वितीया को मनाए जाने वाले इस पर्व को 'यम द्वितीया' व 'भ्रातृ द्वितीया' के नाम से भी जाना जाता है। बहुत से भाई-दिन सौभाग्य तथा आयुष्य की प्राप्ति के लिए इस दिन यमुना अथवा अन्य पवित्र नदियों में साथ-साथ स्नान भी करते हैं। भैया दूज मनाने के संबंध में कई किवंदतियां प्रचलित हैं। एक कथा यमराज और उनकी बहन यमुना देवी से संबंधित है।

भगवान सूर्यदेव की पत्नी छाया की कोख से यमराज और यमुना का जन्म हुआ था। यमुना अपने भाई यमराज से बहुत स्नेह करती थी और अक्सर उनसे अनुरोध करती रहती थी कि वे अपने इष्ट मित्रों सहित उसके घर भोजन के लिए पधारें लेकिन यमराज हर बार उसके निमंत्रण को किसी न किसी बहाने से टाल जाते। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने यमराज को एक बार फिर भोजन के लिए आमंत्रित किया। उस समय यमराज ने विचार किया कि मैं तो अपने कर्त्तव्य से बंधा सदैव प्राणियों के प्राण ही हरता हूं, इसलिए इस चराचर जगत में कोई भी मुझे अपने घर नहीं बुलाना चाहता लेकिन बहन यमुना तो मुझे बार-बार अपने घर आमंत्रित कर रही है, इसलिए अब तो उसका निमंत्रण स्वीकार करना ही चाहिए।

यमराज को अपने घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना न रहा। उसने भाई का खूब आदर-सत्कार करते हुए उनके समक्ष नाना प्रकार के व्यंजन परोसे। बहन के आतिथ्य से यमराज बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने उसे कोई वर मांगने को कहा। इस पर यमुना ने उनसे अनुरोध किया कि आप प्रतिवर्ष इसी दिन मेरे घर आकर भोजन करें और मेरी तरह जो भी बहन इस दिन अपने भाई का आदर-सत्कार करे, उसे तुम्हारा भय न रहे। यमराज ने बहन यमुना को उसका इच्छित वरदान दे दिया। ऐसी मान्यता है कि उसी दिन से 'भैया दूज' का पर्व मनाया जाने लगा।

भैया दूज के संबंध में और भी कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक अन्य कथा के अनुसार, एक ब्राह्मण की दो ही संतानें थी-एक पुत्र एवं एक पुत्री। पुत्री बहुत समझदार एवं गुणवती थी। वह अपने भाई से जी जान से प्यार करती थी। एक दिन उसका भाई उससे मिलने उसकी ससुराल पहुंचा। उस समय वह सूत कातने में व्यस्त थी। अतः उसे भाई के आने का पता ही न चल सका। भाई भी बिना कुछ बोले चुपचाप एक ओर बैठा रहा। जब थोड़ी देर बाद बहन की नजर उस पर पड़ी तो भाई को अपने घर आया देख उसे बेहद खुशी हुई। उसने भाई का भरपूर आदर-सत्कार किया। अगले दिन भाई को वापस लौटना था, अतः रास्ते के लिए वह आटे के पकवान बनाने के उद्देश्य से चक्की में आटा पीसने लगी। अनजाने में चक्की में बैठा सांप भी आटे के साथ पिस गया। उसी आटे के पकवान एक पोटली में बांधकर उसने भाई को विदा किया और उसके घर से जाने के बाद जब उसे यह मालूम हुआ कि आटे में सांप पिस गया है तो अपने पुत्र को पालने में ही सोता छोड़कर वह अपने भाई के प्राणों की रक्षा के लिए दौड़ी। कुछ दूर जाने पर उसे एक पेड़ की छांव में अपना भाई सोता दिखाई दिया। उसने अभी तक पोटली में से कुछ भी नहीं खाया था। उसने भगवान का शुक्रिया अदा किया और पोटली उठाकर दूर फैंक दी तथा भाई के साथ मायके की ओर चल दी। रास्ते में उसने देखा कि भारी-भारी शिलाएं आकाश में उड़ रही हैं। उसने एक राहगीर से इस रहस्य के बारे में जानना चाहा तो उसने बताया कि जो बहन अपने भाई पर कभी नाराज न होती हो और उसे दिलो-जान से चाहती हो, उस भाई की शादी के समय ये शिलाएं उसकी छाती पर रखी जाएंगी। थोड़ी दूर चलने पर उसे नाग-नागिन दिखाई दिए। नाग ने बताया कि ये शिलाएं जिस व्यक्ति की छाती पर रखी जाएंगी, हम उसे डस लेंगे। जब बहन ने इस विपत्ति से बचने का उपाय पूछा तो नाग-नागिन ने बताया कि अगर भाई के विवाह के समय उसके सभी कार्य बहन स्वयं करे, तभी भाई की जान बच सकती है। जब उसके भाई के विवाह के लग्न का शुभ मुहूर्त आया तो वह भाई को पीछे धकेलती हुई स्वयं ही लग्न चढ़वाने के लिए आगे हो गई और घोड़ी पर भी स्वयं चढ़ गई। परिवारजन और संबंधी उसके इस विचित्र व्यवहार से हैरान तथा क्रोधित थे। उसके घोड़ी पर चढ़ते ही शिलाएं उड़ती-उड़ती आई लेकिन घोड़ी पर किसी पुरूष की जगह एक महिला को बैठी देख वापस मुड़ गई। जब सुहागरात का समय आया तो वह भाई को पीछे कर खुद भाभी के साथ सोने उसके कमरे में चली गई। परिवार के सभी सदस्य तथा सभी रिश्तेदार उसके इस अजीबोगरीब व्यवहार से बेहद आश्चर्यचकित और खफा थे। उन्हें उस पर गुस्सा तो बहुत आ रहा था लेकिन उसके जिद के समक्ष सभी विवश थे। सुहागरात पर नियत समय पर नाग-नागिन उसके भाई को डसने कमरे में पहुंच गए लेकिन उसने नाग-नागिन को मारने की सारी तैयारी पहले ही कर रखी थी। आखिरकार उसने नाग-नागिन का काम तमाम कर ही दिया और उसके बाद वह निश्चिंत होकर सो गई। सुबह होने पर सभी मेहमानों को विदा करने के बाद परिवार वालों ने सोचा कि अब इस बला को भी कुछ बचा-खुचा देकर यहां से चलता कर दिया जाए लेकिन नींद से जागने पर जब उसने पूरी घटना के बारे में सब को विस्तार से बताया कि किस प्रकार वह अपने बच्चे को पालने में ही सोता छोड़कर दौड़ी-दौड़ी भाई के प्राण बचाने के लिए उसके पीछे चली आई और सभी को नाग-नागिन के मृत शरीर दिखाए तो सभी की आंखों में आंसू आ गए और भाई के प्रति उसका असीम प्यार तथा समर्पण भाव देखकर उसके प्रति सभी का हृदय श्रद्धा से भर गया।

भाई-भाभी तथा माता-पिता ने उसे ढ़ेर सारे उपहारों से लादकर बड़े मान-सम्मान के साथ खुशी-खुशी ससुराल विदा किया। भाई-बहन के बीच इसी प्रकार के पावन संबंध, प्रेमभाव तथा उनके दिलों में आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के लिए ही 'भैया दूज' पर्व मनाया जाता है।

❖ योगेश कुमार गोयल

## भाई दूज में भाई को तिलक लगाने का सही मुहूर्त

बहनें अपने भाई के माथे पर रोली और अक्षत से तिलक कर उनके उज्वल भविष्य के लिए कामना करती हैं। इस दिन बहनें अपने भाईओं को अपने घर भोजन के लिए बुलाती हैं। माना जाता है कि इससे भाई की उम्र बढ़ती है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भाईदूज का पर्व मनाया जाता है। भाईदूज को भैया दूज, भाई टीका, यम द्वितीया, भ्रातृ द्वितीया आदि नामों से भी जाना जाता है। भैया दूज का पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई के माथे पर रोली और अक्षत से तिलक कर उनके उज्वल भविष्य के लिए कामना करती हैं। इस दिन बहनें अपने भाईओं को अपने घर भोजन के लिए बुलाती हैं। माना जाता है कि इससे भाई की उम्र बढ़ती है। इसके साथ ही भाई अपनी बहन को कुछ उपहार या दक्षिणा देते हैं। भाईदूज के दिन यमराज का पूजन किया जाता है और इस दिन यमुना में डुबकी लगाने का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार मान्यता है कि इस दिन यम देव अपनी बहन यमुना के कहने पर घर पर भोजन करने गए थे।




**भाई दूज पर तिलक का शुभ मुहूर्त :** ज्योतिषों के अनुसार भाई दूज का पर्व मनाने का शुभ मुहूर्त 26 अक्टूबर बुधवार दोपहर 2:34 बजे से शुरू होकर 27 अक्टूबर गुरुवार दोपहर 1:18 बजे से 3:30 बजे तक चलेगा।

**भाईदूज पर भाई को तिलक लगाने की विधि**

- इस दिन सुबह स्नान करके साफ कपड़े पहनें और भगवान की पूजा करें।
- अब भाई का तिलक करने के लिए थाल सजा लें।
- पूजा की थाली में कुमकुम, सिंदूर, चंदन, फल, फूल, मिठाई, अक्षत और सुपारी आदि रख लें।
- भाई को तिलक करने से पहले पिसे हुए चावल के आटे या घोल से चौक बनाएं और शुभ मुहूर्त में इस चौक पर भाई को बिठाएं। इसके बाद भाई को तिलक लगाएं।
- भाई को तिलक करने के बाद फूल, पान, सुपारी, बताशे और काले चने भाई को दें और उनकी आरती उतारें।
- तिलक और आरती करने के बाद भाई को मिठाई खिलाएं और अपने हाथों से बना भोजना कराएं।

**भाई दूज से जुड़ी पौराणिक कथा :** भगवान सूर्यदेव की पत्नी का नाम छाया है। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ। यमुना अपने भाई यमराज से बड़ा स्नेह करती हैं। वह उनसे बराबर निवेदन करतीं कि वह उनके घर आकर भोजन करें, लेकिन यमराज अपने काम में व्यस्त रहने के कारण यमुना की बात टाल जाते थे। कार्तिक शुक्ल द्वितीया को यमुना ने अपने भाई यमराज को भोजन करने के लिए बुलाया। बहन के घर जाते समय यमराज ने नरक में निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। भाई को देखते ही यमुना ने हर्ष-विभोर होकर भाई का स्वागत सत्कार किया तथा भोजन करवाया। इससे प्रसन्न होकर यमराज ने बहन से वर मांगने को कहा। बहन ने भाई से कहा कि आप प्रतिवर्ष इस दिन मेरे यहां भोजन करने आया करेंगे तथा इस दिन जो बहन अपने भाई को टीका करके भोजन खिलाये, उसे आपका भय न रहे। यमराज तथास्तु कहकर यमुना को अमूल्य वस्त्राभूषण देकर यमपुरी चले गये। ऐसी मान्यता है कि जो भाई आज के दिन यमुना में स्नान करके पूरी श्रद्धा से बहनों के आतिथ्य को स्वीकार करते हैं, उन्हें यम का भय नहीं रहता।

# ब्लड शुगर लेवल को रखना है कंट्रोल तो खायें ये हेल्दी फैट फूड




अगर आप अपनी डाइट में हेल्दी फैट्स को शामिल करना चाहते हैं तो कुछ चीजों जैसे भीगे हुए बादाम, अखरोट, काजू, नारियल तेल, फिश, अलसी के बीज, चिया सीड्स, गाय का घी आदि को कई अलग-अलग तरीकों से खाया जा सकता है। फैटी फूड का नाम सुनते ही लोग टेढ़ा-मेढ़ा मुंह बनाने लगते हैं। आमतौर पर, फैट्स को सेहत के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं माना जाता है। जबकि ऐसा नहीं है। जहां ट्रांस फैट और सैचुरेटिड फैट सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं, हेल्दी फैट्स का सेवन करना बेहद आवश्यक माना गया है। ये हेल्दी फैट्स ना केवल आपके शरीर को पोषित करते हैं, बल्कि वजन कम करने से लेकर ब्लड शुगर लेवल को कण्ट्रोल रखने में भी मददगार है।

**हेल्दी फैट्स का सेवन करने से मिलते हैं ये फायदे :** हेल्दी फैट्स आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर एक सकारात्मक प्रभाव डालता है। इससे आपको कई बेमिसाल लाभ मिल सकते हैं।

- अगर आप मधुमेह पीड़ित हैं तो ऐसे में हेल्दी फैट्स का सेवन करना आपके लिए लाभदायक हो सकता है। यह आपके इंसुलिन रेसिस्टेंट में सुधार करके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में सहायक होता है।
- अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं तो ऐसे में हेल्दी फैट्स को डाइट में अवश्य शामिल करना चाहिए। हेल्दी फैट फूड्स में फाइबर भी पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जिसके कारण यह आपको लंबे समय फिलिंग होने का अहसास होता है और आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं। इतना ही नहीं, हेल्दी फैट्स का सेवन करने से आपके शरीर में एनर्जी का लेवल भी बना रहता है।
- हेल्दी फैट्स का सेवन मेंटल हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा माना गया है।
- चूंकि हेल्दी फैट्स रिच फूड्स में फाइबर भी पर्याप्त मात्रा में होता है, इसलिए यह कब्ज की समस्या को दूर करने में सहायक है।
- हेल्दी फैट्स जैसे ओमेगा-3 फैट्स हड्डियों के लिए भी लाभकारी है। इसके एंटी-इन्फ्लमेटरी गुण गठिया से पीड़ित लोगों में सूजन व दर्द को कम करने में मददगार है।

**इन चीजों का करें सेवन :** अगर आप अपनी डाइट में हेल्दी फैट्स को शामिल करना चाहते हैं तो कुछ चीजों जैसे भीगे हुए बादाम, अखरोट, काजू, नारियल तेल, फिश, अलसी के बीज, चिया सीड्स, गाय का घी आदि को कई अलग-अलग तरीकों से खाया जा सकता है।



# बस अपनायें यह टिप्स हर छोटी से छोटी चीज रहेगी याद

अगर आप सही तरह से नींद नहीं लेते हैं तो इसका असर आपके दैनिक कार्यों से लेकर याददाश्त पर पड़ता है। नींद मस्तिष्क के लिए एक महत्वपूर्ण समय है ज बवह न्यूरॉन्स के बीच संबंध को मजबूत बनाता है। इस प्रकार हमें अपने कार्यों को याद रखने में मदद मिलती है। आज के समय में अधिकतर लोगों को जिस समस्या का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है, वह है चीजों को भूल जाना। कभी किसी का नाम भूलना तो कभी किसी चीज को कहीं रखकर भूल जाना। यह देखने में भले ही एक छोटी सी बात लगे, लेकिन यह एक सिग्नल है कि अब आपकी मेमोरी धीरे-धीरे कमजोर होने लगी है। हालांकि मेमोरी की पॉवर को बेहतर बनाना इतना भी मुश्किल नहीं है। अगर आप कुछ आसान तरीकों को अपनाते हैं तो आसानी से अपनी मेमोरी को बूस्टअप कर सकते हैं।

**लें अच्छी नींद :** हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप सही तरह से नींद नहीं लेते हैं तो इसका असर आपके दैनिक कार्यों से लेकर याददाश्त पर पड़ता है। नींद मस्तिष्क के लिए एक महत्वपूर्ण समय है ज बवह न्यूरॉन्स के बीच संबंध को मजबूत बनाता है। इस प्रकार हमें अपने कार्यों को याद रखने में मदद मिलती है। इसलिए यह जरूरी है कि आप रोज 7-8 घंटे की नींद लें। अगर आपको जल्दी सोने में दिक्कत होती है, तो आधे घंटे पहले एक कप गर्म दूध पिएं।

**करें व्यायाम :** हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि व्यायाम करने से आपकी हृदय गति बढ़ती है जो आपके मस्तिष्क में रक्त प्रवाहित करती है, जिससे आपकी याददाश्त तेज होती है। दौड़ना, तैरना, बाइक चलाना - व्यायाम के किसी भी रूप को कम से कम 30 मिनट करने से हिप्पोकैम्पस को बड़ा करने में मदद मिलती है, जिसे 'मस्तिष्क का स्मृति केंद्र' माना जाता है। यदि आपके पास एक पूर्ण कसरत के लिए समय नहीं है, तो कुछ मिनट के लिए वॉक करें या फिर जंपग जैक करें। यह आपके मस्तिष्क को रिबूट करने के लिए पर्याप्त है।

**मल्टीटास्किंग से बचें :** हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, आज के समय में अधिकतर लोग मल्टीटास्किंग करना चाहते हैं, ताकि वह एक ही समय में अपने अधिकतर काम निपटा सकें। लेकिन वास्तव में यह आपके माइंड के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। जब आप एक साथ कई काम कर रहे होते हैं तो इसका अर्थ है कि आपका मस्तिष्क कई कामों में एक साथ समन्वय बिठाने की कोशिश कर रहा होता है। ऐसे में आपका फोकस किसी एक चीज पर नहीं होता और तब आपके लिए किसी एक चीज या काम को याद रख पाना काफी मुश्किल हो जाता है।

**कम शुगर का करें इस्तेमाल :** आपको शायद पता ना हो लेकिन आपकी डाइट भी आपकी मेंटल हेल्थ को व्यापक रूप से प्रभावित करती है। एक रिसर्च से पता चला है कि जो लोग अपनी डाइट में बहुत अधिक चीनी का इस्तेमाल करते हैं, उनकी याददाश्त अपेक्षाकृत कमजोर होती है। इसलिए बेहतर याददाश्त के लिए जरूरी है कि आप चीनी के इस्तेमाल को नियंत्रित करें।

❖ मिताली जैन

# बच्चों की इम्यूनिटी को बढ़ाने में सहायक है केला व दूध



केले और दूध में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं। इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर और अन्य विटामिन आदि होते हैं। दूध और केला बच्चों की लम्बाई बढ़ाने में मददगार साबित होता है। बच्चें के दिमाग और फिजकली फिट भी रखता है। बच्चों के नाश्ता करवाना एक कठिन काम है। बच्चें नाश्ते के लिए आसानी से मानते भी नहीं हैं। इन स्थितियों को देखते हुए माता-पिता बच्चों को कुछ ऐसा नाश्ता देना चाहते हैं जो बच्चों के हेल्दी और पौष्टिक भी रहें। दूध और केला एक ऐसा हेल्दी नाश्ता है। आपको बता दें कि केला एक ऐसा फल है जिसे आप ना केवल गर्मियों में बल्कि सर्दियों में भी खा सकते हैं। केले में विटामिन, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारे शरीर की पोषण जरूरतों को पूरा करते हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि केला खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और संक्रमण से बचाव होता है। दूध और केला खाने के बहुत फायदे हैं यह नाश्ता बच्चों को पूरी तरह स्वस्थ और उनके विकास में सहायक होता है।

**बच्चों के विकास में सहायक :** केले और दूध में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं। इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर और अन्य विटामिन आदि होते हैं। दूध और केला बच्चों की लम्बाई बढ़ाने में मददगार साबित होता है। बच्चें के दिमाग और फिजकली फिट भी रखता है। बच्चों के आहार में केले को शामिल करने से उन्हें बढ़ती उम्र के लिए कई आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। केला और दूध बच्चों की हड्डियों को मजबूत करता है।

**बच्चों में आयरन की कमी को दूर करता है :** केले में आयरन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह शिशुओं और बच्चों में एनीमिया को रोकने में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी नहीं होती और शरीर पूरी तरह से हेल्दी रहता है। साथ ही केले में विटामिन ए भी होता है और रोजाना एक केला खाने से बच्चों की आंखों की रोशनी में सुधार होता है।

**इम्यूनिटी बूस्टर :** केला और दूध दोनों ही बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार है। केला विटामिन, पोटैशियम, मैगनीज और फाइबर से भरपूर होता हैं और दूध में कुछ आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। केला विटामिन सी से भरपूर होता है। यह एंटीऑक्सीडेंट बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और शरीर को विभिन्न बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं और बच्चों को कई संक्रमण से बचाते हैं।

**कब्ज की समस्या को करता है दूर :** केले में काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है जो बच्चों के पाचन तंत्र को सही रखता है। अगर बच्चे में कब्ज की समस्या रहती है, तो रोज मैश किया हुआ केला बच्चे को देना शुरू करें। यह बच्चों की कब्ज की समस्या को दूर करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन व्यवसायियों के लिए अनुकूल है। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव होगा।

**वृष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। वाणी पर संयम रखने से अन्य लोगों के साथ मनमुटाव के प्रसंगों को टाल सकेंगे। आध्यात्मिक विचार और प्रवृत्तियों में दिनभर मन लगा रहेगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलने के योग बन रहे हैं। आज का प्रत्येक कार्य बिना विघ्न के संपन्न होगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा और कार्यभार की अधिकता रहेगी, कठिन परिश्रम से कार्य फसल होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे तथा धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं,।

**सिंह राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में भी लाभ होगा। शेयर और प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन लाभदायी है। कायक्षेत्र में अच्छा माहौल रहेगा और व्यापार-व्यवसाय में अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना रहेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाएं और विचारधारा की नवीनता से व्यापार प्रगति की दिशा में अग्रसर होने लगेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। नकारात्मक विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा से उबर पाएंगे।

**धनु राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी के साथ भावनात्मक संबंध से बंध सकते हैं और उस संबंध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ होगा। व्यापार के विस्तार की नई योजनाएं शुरू कर सकते हैं, जिनमें सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में समय अनुकूल रहेगा और आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार में विकास होने से मन में आनंद छाया रहेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति सम्बंधित दस्तावेजों को लेकर सावधानी रखना होगा।





## न्यूज गैलरी

### पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को प्रस्तुत किये परिचय-पत्र

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को ईरान सहित पांच देशों के भारत में नव नियुक्त राजनयिकों के परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में युगांडा की उच्चायुक्त और वियतनाम, ईरान, स्वीडन तथा बेल्जियम के राजदूतों ने श्रीमती मुर्मू को अपने परिचय-पत्र भेंट किए। विज्ञप्ति के अनुसार इन राजनयिकों में यूगांडा की उच्चायुक्त जॉयस काकुरामत्सी किकाफुंडा, समाजवादी गणराज्य वियतनाम के राजदूत गुयेन थान हे, इस्लामिक गणराज्य ईरान के राजदूत डॉ. इराज इलाही, स्वीडन के राजदूत जान थेसलेफ और बेल्जियम साम्राज्य के राजदूत दिदियर वांडरहेसेल्ट शामिल हैं।

### नीदरलैंड में चीन के पुलिस थाने

**हेग (एजेंसी)।** नीदरलैंड मीडिया ने चीन की सरकार पर देश में कम से कम दो अनौपचारिक पुलिस थाने स्थापित करने का आरोप लगाया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसर डच मीडिया को इस बात के सबूत मिले कि चीन राजनयिक सेवाएं प्रदान करने का वादा करने वाले विदेशी सर्विस स्टेशन का इस्तेमाल यूरोप में अपने असंतुष्टों को चुप कराने के लिए कर रहा है। डच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि अनौपचारिक पुलिस चौकियों का अस्तित्व अवैध है जबकि चीनी दूतावास का कहना है कि उसे इसके बारे जानकारी नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार स्पेन स्थित एनजीओ सेफगार्ड डिफेंडर्स द्वारा चीनी ट्रांसनेशनल पुलिसिंग गॉन वाइल्ड नामक एक रिपोर्ट से जांच शुरू की गयी है। संगठन के अनुसार चीन के दो प्रांतों के सार्वजनिक सुरक्षा ब्यूरो ने पांच महाद्वीपों और 21 देशों में 54 विदेशी पुलिस सेवा केंद्र स्थापित किए है।

### श्रीलंका के 58 प्रतिशत वयस्कों को वित्त क्षेत्र का ज्ञान नहीं

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के केंद्रीय बैंक के एक सर्वेक्षण में यह तथ्य उजागर हुआ है कि 57.9 प्रतिशत श्रीलंकाई वयस्कों को वित्त क्षेत्र का ज्ञान नहीं है। डेली मिरर में बुधवार को आयी एक रिपोर्ट में बताया गया कि सर्वेक्षण में निष्कर्षों का अर्थ है कि वित्तीय साक्षरता का स्तर जनसंख्या के विभिन्न वर्गों में अगल-अलग होता है इसलिए लक्षित नीतियां बनाने की जरूरत का सुझाव दिया है। उदाहरण के लिए शिक्षा में लैंगिक समानता के बावजूद सर्वेक्षण में वित्तीय साक्षरता में लैंगिक असमानता देखी गयी है।

# भारत ने फिर दोहराया, किसी भी हाल में यूक्रेन छोड़ें भारतीय

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की ताजा एडवाइजरी जारी की है। 19 अक्टूबर को जारी पिछली एडवाइजरी में दूतावास ने अपने नागरिकों को यूक्रेन की यात्रा करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और वहां लौटने वाले छात्रों को बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए देश छोड़ने के लिए कहा था। भारतीय दूतावास ने मंगलवार को नयी एडवाइजरी जारी कर भारतीय नागरिकों को किसी भी हाल और उपलब्ध साधनों से तुरंत देश छोड़ने को कहा है। एडवाइजरी में कहा गया है कि कुछ भारतीय पहले ही 19 अक्टूबर को जारी की गयी पहली एडवाइजरी के बाद यूक्रेन छोड़ चुके हैं। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी में कहा कि सभी भारतीय नागरिकों को उपलब्ध माध्यमों से तत्काल देश छोड़ने की सलाह दी जा रही है। भारतीय दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि भारतीय नागरिक सीमा तक पंहुचने के लिए दूतावास से मार्गदर्शन और सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने हंगरी, पोलैंड और रोमानिया में स्थित भारतीय दूतावास के फोन नंबर भी साझा किये हैं। जिसके जरिये भारतीय नागरिक निकासी के लिए संपर्क कर सकते हैं।

**यूक्रेन पर तेज हुए रूसी हमले :** यूक्रेन पर बीते कुछ दिनों में रूसी हमले तेज हुए हैं और कई शहरों पर रूस ने मिसाइल दागे हैं, जिनमें राजधानी कीव भी शामिल है। लगभग तीन सप्ताह पहले क्रीमिया में एक बड़े विस्फोट के जवाब में मॉस्को ने यूक्रेनी शहरों को निशाना



बनाकर जवाबी मिसाइल हमले तेज कर दिये हैं। आठ अक्टूबर को हुए एक जोरदार धमाके से रणनीतिक और प्रतीकात्मक अहमियत वाले केर्च पुल को खासा नुकसान पहुंचा और उसका एक हिस्सा लगभग ध्वस्त हो गया था। धमाका एक ट्रक में हुआ और उस वक्त उसके पास से गुजर रही कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मॉस्को ने इस हमले के लिए कीव पर आरोप लगाया था। केर्च पुल जिसे क्रीमिया पुल भी कहा जाता है, 2018 में खोला गया था। व्लादिमीर पुतिन ने खुद मई 2018 इस पुल का उद्घाटन एक ट्रक चलाकर किया था। इसे क्रीमिया पर रूस के अधिकार के प्रतीक के रूप में देखा गया था। इसलिए क्रीमिया पुल पर हुआ धमाका रूस के लिए प्रतीकात्मक रूप से अहम हो जाता है। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूरोपीय राष्ट्र में लड़ने के लिए पुरुषों की आंशिक लामबंदी की घोषणा की थी।

### सैन्य अभियान के संबंध में निर्णय लेने में तेजी लाने की जरूरत : पुतिन

**पुतिन** कह चुके हैं कि रूस को यूक्रेन में सैन्य अभियान के संबंध में निर्णय लेने में तेजी लाने की जरूरत है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इससे पहले कहा था कि उसके सुरक्षा बलों ने दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र और यूक्रेन के पूर्वी लुहांस्क क्षेत्र में यूक्रेन के हमलों को विफल कर दिया है। पिछले हफ्ते पुतिन ने यूक्रेन के दोनेत्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जापोरिझिया इलाके में मार्शल लॉ लगाने का ऐलान किया था। ये वो इलाके हैं जिन्हें रूस यूक्रेन से छीन कर अपने साथ मिलाना चाहता है।

# चीन की चालाकी पर नजर रखने के लिए भारत खरीद रहा दो हजार ड्रोन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चीन से सटे पूर्वी लद्दाख में सेना को और मजबूत बनाने के लिए सरकार ने एक सप्ताह के भीतर दो हजार से अधिक ड्रोन खरीदने का प्रस्ताव दिया है। ये ड्रोन पूरे साजो-सामान के साथ रिमोटली पाइलेटेड एरियल व्हीकल के साथ होंगे। एक हफ्ते में कुल पांच आरएफपी जारी किए गए। ये सभी सर्विलांस ड्रोन और आरपीएवी फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से खरीदे जा रहे हैं, जिन्हें चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, 2000 से अधिक ड्रोन खरीदने से भारतीय सेना पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत और ताकतवर होगी। खासकर चीन से सटी उत्तरी सीमा पर ड्रोन से निगरानी बेहद जरूरी है। एक्सपर्ट के मुताबिक, आनेवाले समय में

### ऊंचाई वाले इलाकों में दुश्मन पर रखेगा नजर



युद्ध तकनीक से लड़ा जाएगा और इसके लिए ड्रोन जैसे आधुनिक निगरानी सिस्टम को खरीदना बेहद जरूरी है। बातचीत में भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी और रक्षा विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने कहा- ड्रोन हथियार प्रणाली के साथ ही निगरानी के लिए भी बेहद जरूरी है। ड्रोन के जरिए बहुत सारे काम किए जा सकते हैं। ड्रोन ऑफेंसिव और निगरानी सभाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन ड्रोनों को उत्तरी सीमाओं में एलएसी के साथ निगरानी के लिए तैनात किया जाएगा, ताकि दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। खासकर चीन द्वारा बॉर्डर एरिया के आसपास निर्माण और दूसरी चीजों के बारे में नजर रखने में मदद मिलेगी।

### क्या है आरपीएवी?

**25** अक्टूबर को सरकार ने भारतीय सेना के पैराशूट (विशेष बल) बटालियनों के साथ तैनात किए जानेवाले 750 आरपीएवी के लिए आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) जारी किया। पैराशूट बटालियन को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाना बेहद जरूरी है। बता दें कि आरपीएवी एक पावरफुल सिचुएशनल अवेयरनेस डिवाइस है, जो टारगेट एरिया को स्कैन करने की क्षमता के साथ-साथ दिन और रात में निगरानी का काम करता है। इसके साथ ही यह स्पेशल मिशन में टारगेट की 3डी स्कैन इमेज भी देता है।

**आरपीएएस के लिए भी आरएफपी जारी :** आरपीएएस डिवाइस को सिचुएशन अवेयरनेस, कम दूरी की निगरानी, टारगेट एरिया को स्कैन करने के साथ ही उसकी 3डी इमेज देने के लिए तैनात किया जाएगा। इससे सेना को मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही वो डायरेक्ट एक्शन टास्क के दौरान सटीक हमलों को अंजाम भी दे सकेगी।

# राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे शाह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 27 और 28 अक्टूबर, 2022 को हरियाणा के सूरजकुंड में राज्यों के 'गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर' की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अक्टूबर, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चिंतन शिविर को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने के लिए सभी राज्यों के गृह मंत्रियों और संघशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और प्रशासकों को आमंत्रित किया गया है।

राज्यों के गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय सशस्त्र पुलिसबलों और केंद्रीय पुलिस संगठनों के महानिदेशक भी चिंतन शिविर में भाग लेंगे। दो दिन के चिंतन शिविर का उद्देश्य विजन 2047 और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण में घोषित पंच प्राण के कार्यान्वयन के लिए कार्ययोजना तैयार करना है। गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में साइबर अपराध प्रबंधन के लिए ईको-सिस्टम विकसित करने, पुलिस



बलों के आधुनिकीकरण, आपराधिक न्याय प्रणाली में आईटी के बढ़ते उपयोग, भूमि सीमा प्रबंधन और तटीय सुरक्षा एवं अन्य आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चिंतन किया जायेगा। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है और चिंतन शिविर में देश में महिलाओं की सुरक्षा और उनके लिए सुरक्षित वातावरण बनाने पर विशेष बल दिया जायेगा। शिविर का उद्देश्य उपर्युक्त क्षेत्रों में राष्ट्रीय नीति निर्माण और बेहतर योजना व समन्वय को सुगम बनाना भी है।

# सुनक के पीएम बनते ही ब्रिटेन सरकार में एक और भारतवंशी की एंट्री

**लंदन (एजेंसी)।** ऋषि सुनक के ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बनने के बाद भारतीय मूल के एक और सांसद की उनकी सरकार में एंट्री हुई है। कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद सुएला ब्रेवरमैन को सुनक मंत्रिमंडल में यूनाइटेड किंगडम के गृह सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। सुएला ने छह दिन पहले ई-मेल भेजने पर सरकारी नियमों के तकनीकी उल्लंघन की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सुएला ब्रेवरमैन ने 19 अक्टूबर को ब्रिटेन के गृह सचिव के पद से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया था कि उन्होंने सरकारी नियमों का उल्लंघन किया है। अपने इस्तीफे में उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री लिज ट्रस की सरकार के काम करने के तरीकों पर सवाल उठाते हुए चिंता जाहिर की थी। अपने इस्तीफे में ब्रेवरमैन ने कहा था कि उन्होंने प्रवास पर एक लिखित मंत्रिस्तरीय बयान का मसौदा भेजा था जो प्रिंट के लिए गया था। ब्रेवरमैन ने पीएम को लिखा, इसमें से बहुत कुछ सांसदों को बताया गया था। फिर भी मेरे लिए इस्तीफा देना सही है। उन्होंने कहा कि अपनी गलती का एहसास होते ही उन्होंने आधिकारिक चैनलों पर इसकी सूचना दी। उन्होंने लिखा, मैंने गलती की है। मैं जिम्मेदारी स्वीकार करती हूं और इस्तीफा देती हूं। उन्होंने लिज ट्रस की शासन करने की क्षमता पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा, हमने न उन महत्वपूर्ण वादों को तोड़ा है जो हमने मतदाताओं से किए थे। मुझे घोषणापत्र की प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए इस सरकार की प्रतिबद्धता को लेकर गंभीर चिंताएं हैं।






# पार्टी में 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों को : खड़गे

- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** 137 वर्ष पुरानी कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिए 6ठी बार चुनाव हुआ। जिसमें 80 वर्षीय दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने 66 वर्षीय शशिथरूर को 6825 वोट से हराकर जीत दर्ज की और बुधवार 26 अक्टूबर 2022 को शपथ ग्रहण कर कांग्रेस के 65वें अध्यक्ष के तौर पर पदभार संभाल लिया। वह जगजीवन राम के बाद दूसरे दलित नेता हैं जो कांग्रेस अध्यक्ष बने हैं। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में शपथ ग्रहण के पहले सुबह राजघाट जाकर महात्मा गांधी की समाधि पर फूल चढ़ा कर शीश नवाया। लाल बहादुर शास्त्री व जगजीवन राम की समाधि पर जाकर मत्था टेका। नौ बार विधायक व दो बार सांसद रह चुके मल्लिकार्जुन खड़गे 1972 में पहली बार चुनाव लड़े व जीत दर्ज की। तब से केवल एक बार 2019 का लोकसभा चुनाव हारे। मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में चुनाव

> ■ खड़गे जी को अध्यक्ष पद सौंपकर राहत महसूस कर रही हूं : सोनिया

अधिकारी मधुसूदन मिस्त्री ने जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। जिसके बाद वह आधिकारिक तौर पर कांग्रेस अध्यक्ष बन गये। उन्होंने अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले भाषण में पार्टी में 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों को देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उदयपुर अधिवेशन में पार्टी के 50



प्रतिशत पद 50 साल से कम उम्र के लोगों को दिए जाने का जो प्रस्ताव आया था उसको लागू किया जायेगा। खड़गे ने कहा कि आज मेरे लिये बहुत भावुक क्षण है। आज एक सामान्य कार्यकर्ता को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुनकर ये सम्मान देने के लिए मैं आप सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। कांग्रेस झूठ और नफरत का दायरा तोड़ेगी। लोगों से अपील है कि वे पार्टी के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने के लिए साथ आयें। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि यह कठिन समय है, कांग्रेस ने जिस लोकतंत्र की स्थापना की थी, उसे बदलने की कोशिश की जा रही है। भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल गांधी को धन्यवाद, इससे पूरे देश में नयी ऊर्जा का संचार हो रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने कहा कि खड़गे जी को अध्यक्ष पद की कमान सौंपकर राहत महसूस कर रही हूं। हमारे सिर से बड़ा बोझ उतर गया है। मैं नये पार्टी अध्यक्ष खड़गे जी को बधाई देती हूं। सबसे अधिक संतोष इस बात का है कि जिन्हे अध्यक्ष चुना है, वे एक अनुभवी और धरती से जुड़े हुए नेता हैं। एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में काम करते हुए अपनी मेहनत और समर्पण से इस ऊंचाई तक पहुंचे हैं। सोनिया गांधी ने अपने कार्यकाल के लिए कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया।

## न्यूज गैलरी

### महावरी मंदिर काली पूजा समिति ने भव्य रूप से की काली पूजा

रांची। श्री महावीर मंदिर काली पूजा समिति डैम साइड धुर्वा की ओर से काली पूजा का भव्य आयोजन किया गया। यहां काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां काली की पूजा-अर्चना कर सबके कल्याण की कामना की। इस अवसर पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद अजय वर्मा ने कहा कि समिति कई वर्षों से काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान के बाद मां काली को पुष्प अर्पित करके सभी के लिए सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों को किया पुरस्कृत

रांची। रांची, वरीय संवाददाता। डोरंडा मनीटोला के सनराइज स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें फ्रॉग रेस, टॉफी रेस, बैलून रेस, सैक रेस, स्पून रेस प्रतियोगिता हुई। इसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि पार्षद जमीला खाजून थीं। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रिजवान खान, मो इमरान रजा व केएमसी स्कूल के संचालक मो उस्मान थे। कार्यक्रम में प्राचार्य गुलाम गौस, अरशी परवीन, शबाना नाज, रूबाना परवीन, आशिया परवीन, नेहा नाज, रोजी परवीन, सुजैन खान, शाहिन परवीन, नाज परवीन, फरहीन नाज, नगमा नाज, आयका परवीन मौजूद थी।

### ऋषि सुनक को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर संजय सर्राफ ने दी बधाई



रांची। राष्ट्रीय सनातन एकता मंच व पवित्रम गो सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने भारतवंशीय ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि ऋषि सुनक के ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुना जाना भारत के लिए गौरव की बात है। 200 वर्षों से अधिक समय तक भारत में राज करने वाले ब्रिटेन का यदि कोई भारतवंशी प्रधानमंत्री बनता है तो भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। तथा उनके पीएम बनने से पूरे देश के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति के दामाद 42 वर्षीय ऋषि सुनक ब्रिटेन के अब तक के प्रधानमंत्री में से सबसे युवा प्रधानमंत्री हैं। वे एक ब्रिटिश नागरिक है इसलिए अपने देश का हित उनके लिए सर्वोपरि होगा। ऋषि सुनक के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने से दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों को गर्व की अनुभूति होना स्वाभाविक है। उन्होंने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को बहुत-बहुत बधाई दी।

### इंडियन पियरे दे कूबरटीन की टीम 13वीं इंटरनेशनल सीआईपीसी युथ फोरम में लेंगी भाग

**रांची।** इंडियन पियरे दे कूबरटीन (आईपीसीए) की टीम 13वीं इंटरनेशनल सीआईपीसी युथ फोरम में भाग लेंगी। यह युथ फोरम सीआईपीसी के तत्वाधान में जर्मनी के म्युनिक में आयोजित होगी। इससे पहले भी भारतीय दल युथ फोरम में भाग ले चुकी है। 1 से 7 नवम्बर तक आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय दल में निम्न युवा शामिल होंगे- अंशु प्रिय बाखला, अलेशा एंजेला लकड़ा, स्नेह सिंगी कंडुलना, शालोम नोह चेन दल आदि शामिल हैं। प्रमुख के रूप में संत जेवियर्स रांची के शिक्षक डेनिस डावसन जाएंगे। इसकी जानकारी देते हुए आईपीसीए के प्रेसिडेंट दिलीप तिर्की ने बताया कि युथ फोरम में भाग लेने वाले दल के लिए फ्लैग ऑफ सेरेमनी का आयोजन कल प्रातः स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ झारखंड के परिसर में प्रातः 10.30 से आयोजित होगा जिसमें प्रतिभागियों के साथ-साथ आईपीसीए के पदाधिकारी और खेल प्रेमी उपस्थित रहेंगे।

### आदिवासी बनाम कुड़मी की लड़ाई में जलेगा झारखंड, एक दूसरे को दे रहे धमकी

रांची। झारखंड में पिछली जाति में दर्ज कुड़मी को अनुसूचित जनजाति का दर्जा संबंधी मांग के तूल पकड़ने का उल्टा असर पड़ रहा है। पिछले दिनों कुड़मी जाति से जुड़े विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अपनी मांग के समर्थन में रेल रोको आंदोलन किया था। इसका असर बंगाल और ओडिशा पर भी पड़ा था। कुड़मी संगठनों की इस मांग का कई आदिवासी संगठनों ने अब खुलकर विरोध आरंभ किया है, जबकि पूर्व में यह मुद्दा सिर्फ राजनीतिक दल अक्सर चुनाव के वक्त उछालते थे।

### हेहल बगीचा टोली में हेहल सोहराई जतरा महोत्सव का धूमधाम से हुआ आयोजन

# जतरा महोत्सव हमारी जनजातीय समाज व हमारी संस्कृति को बचाए रखने का सबसे बड़ा माध्यम है : सांसद

**वीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को हेहल बगीचा टोली में हेहल सोहराई जतरा महोत्सव 2022 का आयोजन धूमधाम से हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ, विशिष्ट अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल एवं डॉ. प्रकाश उरांव उपस्थित थे। इस ऐतिहासिक जतरा मेला में हजारों हजार की संख्या में ग्रामीण एवं सैकड़ों की संख्या में खोड़हा नृत्य मंडली भाग लिए। मंच का संचालन शिक्षाविद बिंदेश्वरी बेक एवं सतीश कुमार शुक्ला ने किया। इस महोत्सव की अध्यक्षता अध्यक्ष अजीत तिर्की एवं मुख्य संरक्षक शुकरा तिर्की ने किया। इस कार्यक्रम में हेहल सरना समिति के सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ अपना योगदान दिया। संजय सेठ ने कहा कि यह जतरा महोत्सव हमारी जनजातीय समाज एवं हमारी संस्कृति को बचाए रखने का सबसे बड़ा माध्यम है। इस जतरा मेला परिसर में भव्य स्थायी जतरा खूंटा का निर्माण करवाया जाएगा। वर्ष 2019 मे श्री सेठ ने मंच बनवाने का वादा किया था। विधायक नवीन जायसवाल आपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि जे नाची से बाची, हटिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी एवं अपने क्षेत्र में अखड़ा का क्रमबद्ध विकास होगा। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। आज के इस जतरा महोत्सव में विजय तिर्की, बंधु तिर्की, सुधीर तिर्की, अजय कुमार, धरमू पाहन, महादेव लकड़ा, लालू उरांव, शिव किशोर शर्मा, नामधारी प्रसाद, कुमुद झा आदि गणमान्य लोगों की भी विशेषरूप से उपस्थिति रहीं।

## प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे के शपथ ग्रहण समारोह में की शिरकत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित होने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे का अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय, दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, शहजादा अनवर, मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रवीन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि श्री खड़ेग का अध्यक्ष बनना कांग्रेस में ही लोकतंत्र है यह दशार्ता है। उन्होंने कहा कि श्री खड़ेग जैसा अनुभवी जिनके पास छह दशक से प्रशासिनक एवं संगठनात्मक अनुभव रहा का चुना जाना इस देश की राजनीति में मील का पत्थर साबित होगा और उनके व्यापक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस नये मुकाम हासिल करेगी।

## आरयू के एनएसएस स्वयंसेवक राष्ट्रीय एकीकरण के लिए दौड़ेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकीकरण दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों की एनएसएस इकाई की ओर से राष्ट्रीय एकीकरण दौड़ का आयोजन किया जाना है। रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से यह दौड़ आयोजित की जा रही है। जिसमें विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों के अलावा विभिन्न कॉलेजों के एनएसएस स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे और एकता का संदेश देंगे। इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग व इसके अंतर्गत सभी कॉलेजों के एनएसएस पदाधिकारियों व टीम लीडर की ऑनलाइन बैठक गुरुवार को होगी। इसमें राष्ट्रीय एकीकरण दौड़ का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। विश्वविद्यालय व कॉलेजों में इन दिनों पूजावकाश है, जो 2 नवंबर तक रहेगा। इसके कारण एनएसएस स्वयंसेवकों को जुटाने में परेशानी आ रही है। लेकिन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी व टीम लीडर व्यक्तिगत स्तर पर एनएसएस स्वयंसेवकों से संपर्क कर राष्ट्रीय एकीकरण दौड़ में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

## सांसद संजय सेठ के आवास पर प्रभात फेरी का हुआ भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सतगुरू नानक परगटेया, मिट्टी धुंध जग चानन होया...इसी सब्दा कीर्तन के साथ गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर प्रभात फेरी ने गुरुवार को नगर का भ्रमण किया। इस दौरान सांसद संजय सेठ के आवास पर प्रभात फेरी का भव्य स्वागत हुआ।

सिख संगत के इस संकीर्तन में शामिल हरविंदर सिंह, हरजीत कौर, रंजीत कौर, कर्मजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, रीता कौर, रविंदर कौर, राजू शेट्टी ने गुरु नानक देव के संदेश को लेकर कई भजन गाए। बलिहारी गुरु आपने बलिहारी... ऐसे गुरु को बल बल जाइए .... आप मुकत मोहे तारे... जैसे कई कीर्तन के माध्यम से गुरु नानक देव की महिमा गाई गई। इस संकीर्तन के बाद सांसद श्री संजय सेठ ने अपनी धर्मपत्नी नीता सेठ के साथ प्रभात फेरी में आए सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। चाय जलपान के उपरांत अरदास किया गया, जिसमें क्षेत्र के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की गई। इस अवसर पर सांसद श्री सेठ ने कहा कि गुरु नानक देव का संदेश समाज की सेवा और राष्ट्र के समर्पण के लिए है। उनका सिर्फ संदेश नहीं, उनके हर कार्य हम सबको समाज के लिए और राष्ट्र के लिए समर्पित होकर काम करने की प्रेरणा देते हैं।

## बीएयू: फिशरीज साइंस कॉलेज का नया भवन तैयार

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस का आधुनिक सुविधाओं से लैस भवन बनकर तैयार है। गुरुवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के पूर्व महानिदेशक डॉ एस अयप्पन इसका उद्घाटन करेंगे। यह कॉलेज बीएयू के रांची वेटनरी कॉलेज कैंपस में शुरू हुआ था। लेकिन पिछले वर्ष यह गुमला में शिफ्ट हुआ। बीएयू के सात नए कॉलेजों में दो कॉलेज ही ऐसे हैं, जिनको आईसीएआर से मान्यता प्राप्त है, जिनमें फिशरीज साइंस कॉलेज और तिलका मांझी एग्रीकल्चर कॉलेज, गोड्डा शामिल हैं। फिशरीज कॉलेज का नया भवन जी प्लस टू है। इसमें प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, कार्यालय, क्लासरूम, प्रयोगशाला व कॉन्फ्रेंस हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कॉलेज से चार बैच निकल चुके हैं। पिछले बैच के 17 विद्यार्थियों ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) में सफलता पाई थी। कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ एके सिंह ने कहा कि फिशरीज साइंस में स्नातकों के लिए सरकारी व निजी क्षेत्र में करियर की पर्याप्त संभावनाएं हैं। वहीं, इस विषय में स्नातकोत्तर करने के बाद प्राध्यापक और वैज्ञानिक के रूप में करियर बनाया जा सकता है। इस क्षेत्र में अनुसंधान के अच्छे अवसर उपलब्ध हैं।

### इटकी में कुछ रुपये के लिए बड़े भाई की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**इटकी।** रानीखटंगा में विगत सोमवार की देर रात हुई सुमित उरांव की हत्या के आरोपी उसके सगे छोटे भाई को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी दीपक उरांव ने कुछ रुपये के लिए सुमित की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भागकर सिसई थाना क्षेत्र सितरौली कुंबाटोली गांव अपने नाना घर में छिपा था। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के निर्देश पर डीएसपी रजतमणि बाखला के नेतृत्व पुलिस टीम सितरौली कुंबाटोली पहुंची और एक मकान में सो रहे दीपक को धर दबोचा। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके बारी घर से पुआल में छिपाकर रखा चाकू और कपड़ा बरामद कर लिया है। आरोपी ने पुलिस को बताया कि रुपये को लेकर भाई के साथ अक्सर विवाद होता था।

### प्रपत्र VI 'क'
### समाहरणालय, गढ़वा (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)**

**अधिसूचना संख्या 639/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 20.10.2022**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम-मोतिहारा,** थाना नं0-302, थाना-गढ़वा, अंचल-गढ़वा सदर, जिला-गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **हुर मोड (गढ़वा-शाहपुर) पथ से डालटनगंज सीमा होते हुए डुमरिया डंडा तक पथ (कुल लम्बाई 19.00 कि0मी0)** का कार्य अपेक्षित है। प्रमावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-मोतिहारा, थाना नं0-302, थाना-गढ़वा, अंचल-गढ़वा सदर, जिला-गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश- **2.061** एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :-

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्त्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड से) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 9 | 1264 | रैयती | टाड़ तीन | 0.056 | कौशल चौधरी पिता सोनु चौधरी, विमली चेकी पति कैलास चौधरी श्रीमती कौशल्या देवी | 1264 | सड़क | 1265 | 1263 |
| 2 | 14 | 1268 | रैयती | टाड़ तीन | 0.021 | पृथ्वीराज चौधरी, सुर्यदेव चौधरी पिता हरीचरण चौधरी निपुती देवी पिता लछुमन चौधरी वगैरह | 1268 | सड़क | 1269 | 1265 |
| 3 | 14 | 1890 | रैयती | टाड़ तीन | 0.087 | श्रीमती कमोदा देवी पिता जनीवा चौधरी मासोमात राजकली गोपाल चौधरी | 1890 | सड़क | 1263 | 1269 |
| 4 | 16 | 1265 | रैयती | टाड़ तीन | 0.046 | विजमानो देवी पिता वंशी चौधरी मधुरा मिश्री पिता जंगी मिश्री हजमानी देवी पति वंशी चौधरी | 1265 | सड़क | 1268 | सड़क |
| 5 | 17 | 1422 | रैयती | टाड़ तीन | 0.078 | श्री मुना चौधरी पिता केवल चौधरी, श्री वचन चौधरी पिता कमलेश्वर चौधरी समरतीया देवी वगैरह | 1421 | 1522 | 1421 | सड़क |
| 6 | 17 | 1523 | रैयती | टाड तीन | 0.038 | नान्हु चौधरी वो विगन चौधरी पिता रामपृत चौधरी | 1522 | 1524 | 1523 | सडक |
| 7 | 24 | 1881 | रैयती | टाड़ तीन | 0.037 | सोमार चौधरी पिता विवेगी चौधरी | 1881 | सड़क | 1880 | 1882 |
| 8 | 27 | 1882 | रैयती | टाड़ तीन | 0.052 | केशो साव पिता स्व0 धकौडी साव, श्रीमती फुलमानो देवी पिता रामवृक्ष चौधरी शिवनारायण चौधरी पिता बनारसी चौधरी | 1882 | सड़क | 1881 | 1888 |
| 9 | 29 | 1269 | रैयती | टाड़ तीन | 0.011 | चन्द्रीका चौधरी पिता रामदास चौधरी | 1269 | सड़क | 1211 | 1268 |
| 10 | 37 | 1869 | रैयती | टाड़ तीन | 0.056 | अज्ञात | 1869 | सड़क | 1890 | 1889 |
| 11 | 27 | 1888 | रैयती | टाड़ तीन | 0.090 | बुधन चौधरी, संधु चौधरी पिता महादेव चौधरी कामेश्वर विश्वकर्मा वो जितेन्द्र विश्वकर्मा पिता केशो विश्वकर्मा | 1888 | सड़क | 1882 | डंडा |
| 12 | 71 | 1880 | रैयती | टाड़ तीन | 0.047 | रामलखन वो विशुन महगु वो रामप्यारी पिता खेटे मलाह जानकी मिस्त्री पिता स्व0 देवनी मिस्त्री वगैरह | 1880 | सड़क | 1889 | 1881 |
| 13 | N.A | 1889 | रैयती | टाड़ तीन | 0.043 | अज्ञात | 1889 | सड़क | 1869 | 1880 |
| 14 | 71 | 1263 | रैयती | टाड़ तीन | 0.032 | रामखेलावन व विशुन महमुद वो रामप्यारी पिता खेटे मलाह पहलवान मलाह पिता रूपनारायण मलाह, राजकररा मलाह पिता पचु मलाह वगैरह | 1263 | सड़क | 1264 | सड़क |
| 15 | 41 | 1211 | रैयती | टाड़ तीन | 0.018 | नन्हकु चौधरी पिता डोढ़ी चौधरी, तिलकी चौधरी पिता रूपचन्द्र चौधरी | 1211 | सड़क | 1271 | सड़क |
| 16 | N.A | 1271 | रैयती | टाड़ दो | 0.014 | अज्ञात | 1271 | सड़क | सड़क | सड़क |
| 17 | 5 | 1277 | रैयती | टाड़ तीन | 0.052 | जमुना चौधरी पिता टुभाई चौधरी | 1277 | सड़क | 1278 | 1271 |
| 18 | 29 | 1278 | रैयती | टाड़ तीन | 0.014 | कबुतरी देवी पिता रामदास चौधरी, श्रीमती कबुतरी देवी पिता रामदास चौधरी | 1278 | सड़क | 1279 | 1277 |
| 19 | 71 | 1421 | रैयती | टाड़ तीन | 0.086 | पहलवान मलाह पिता रूपनारायण मलाह, रतन मलाह पिता मनरूपन मलाह, सहदेव मलाह वो लक्ष्मण पिता मोधु मलाह वगैरह | 1421 | सड़क | 1421 | सड़क |
| 20 | 71 | 1522 | रैयती | टाड़ तीन | 0.140 | राम देनी मलु वो हिरामन बीगा पिता मनु मदु मेनपर वो किशुन कारह मलाह दुखी चौधरी पिता सीपाल मलाह वगैरह | 1422 | सड़क | 1522 | सड़क |
| 21 | 71 | 1530 | रैयती | टाड़ तीन | 0.075 | राम खेलावन महरा वो मनीचन्द महरा पिता सुवाई महरा, श्रीमती पुटीया देवी पिता शिव नारायण चौधरी वगैरह | 1530 | सड़क | 1531 | सड़क |
| 22 | 71 | 1539 | रैयती | टाड़ दो | 0.083 | दीपन मलाह पिता रूपन मलाह, सरजु साहश वो केशवर सम्ह पिता छशैडी साह, रामखेलावन महरा पिता सुवाई महरा वगैरह | 1537 | सड़क | 1539 | सड़क |
| 23 | 71 | 1541 | रैयती | टाड़ तीन | 0.866 | रामअवतार चमार पिता शिव लाल चमार तुलसी पाल पिता श्री राम अवतार पाल, देवकी पाल पिता स्व0 अहीपत पाल वगैरह | 1539 | सड़क | 1541 | सड़क |
| 24 | 20 | 1525 | रैयती | टाड़ तीन | 0.019 | चुरामन चौधरी वो रामवृक्ष चौधरी पिता मिलु चौधरी | 1524 | सड़क | 1525 | सड़क |
| | | | | कुल :- | 2.061 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री रविकान्त पाण्डेय, एवं फैजुल्लाह अंसारी, को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू-अर्जन निदेशालय) राँची, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या सं0सं0-08ए0/भू0अ0नि0(अधिनियम)-129/2017/549/नि0रा, दिनांक 09.10.2018 के आलोक में यह परियोजना सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन की कार्यवाही से मुक्त है।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 280814 (District) 22-23 (D)

# निकाय चुनाव : पांच साल तक डबल इंजन की सरकार में भाजपा ने नहीं दिया ओबीसी को अधिकार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में नगर निकायों का चुनाव प्रस्तावित है। बहुत जल्द राज्य में नगर निकायों का चुनाव होना है। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से तैयारी पूरी कर ली गयी है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले महीने निकाय चुनाव की घोषणा हो सकती है। संभावना है कि दिसंबर महीने में नगर निकाय का चुनाव करा लिया जाय। इस बीच नगर निकाय के चुनाव पर राज्य की राजनीति एक बार फिर गरम है। निकाय चुनाव की राजनीति के केंद्र में ओबीसी है। प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया है। वहीं भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू ने इस मामले को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अब सवाल यह उठता है कि जब भाजपा की सरकार थी उस समय भी नगर निकाय के चुनाव हुए थे। लगातार पांच वर्षों तक भाजपा ने राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार चलायी। भाजपा के सभी नेता उस समय जोर-जोर से डबल इंजन की सरकार होने का दंभ भरते नहीं अघाते थे। उस समय भाजपा की तरफ से एक बार भी ओबीसी को निकाय चुनावों में आरक्षण देने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। तत्कालीन विपक्ष के साथ साथ भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू ने पिछली सरकार में पिछड़ों को आरक्षण देने की मांग की थी लेकिन सरकार ने उनकी एक नहीं सुनी थी। अब भाजपा इस मुद्दे को लेकर आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की है। सत्ता के गलियारे में अब यह सवाल उठ रहा है कि जब भाजपा के पास कानून बनाने का अधिकार जनता से मिला था उस समय तो वह इसपर कुछ नहीं की अब हाय तौबा मचाने की वजह क्या है। दरअसल, राज्य की सभी राजनीतिक पार्टियां मिशन 2024 पर काम शुरू कर दी है। झारखंड में वर्ष 2024 में ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। सभी पार्टियां लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव पर भी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इससे पहले पंचायत के चुनाव हुए उसमें भी पिछड़ी जाति को आरक्षण का लाभ नहीं मिला। अब निकाय चुनाव कभी भी हो सकता है। इसमें भी पिछड़ी जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि झारखंड में सबसे ज्यादा आबादी पिछड़ी जाति का है।

## न्यूज गैलरी

### हॉकी झारखंड के अध्यक्ष ने खेल सचिव के साथ हॉकी और कुश्ती के विकास पर की चर्चा

**रांची।** हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव सह हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार ने रांची में सचिव कला संस्कृति, खेलकूद युवा कार्य एवम पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार मनोज कुमार (भाप्रसे) से मिलकर दीपावली, गोवर्धन पूजा एवम छठ की बधाई दी। साथ ही झारखंड में हॉकी और कुश्ती के विकास के लिए विशेष चर्चा की। भोलानाथ सिंह ने सचिव से रांची स्थित एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का कार्य जल्द पूरा करने के लिए साथ ही सिमडेगा में स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की कार्य जल्द शुरू कराने के लिए अपनी बात रखी। इस दौरान सचिव ने आश्वस्त किया कि हॉकी और कुश्ती सहित अन्य खेल के विकास के लिए उनका पूरा सहयोग रहेगा।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स लेवल एक कोर्स सम्पन्न

**रांची।** वर्ल्ड एथलेटिक्स के दिशा निर्देश के आलोक में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान 15 से 26 अक्टूबर तक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, रांची में आईएएएफसीईसीएस लेवल एक कोर्स का बुधवार को समापन हो गया जिसमें आठ प्रशिक्षक पास करते लेवल दो के लिए अहर्ता हासिल की बाकी अन्य सभी पास हुए। भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष सह झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. मधुकांत पाठक, कर्नल राजेश कुमार ने सफल प्रतिभागिगियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस अवसर पर वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा भेजे गये लेक्चरर जय प्रकाश बुकर एवम सुमा तथा कोर्स में भाग ले रहे झारखंड समेत उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के प्रतिभागियों समेत झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव सीडी सिंह, शशांक भूषण सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### आखिरी मिनट के गोल की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया से ड्रॉ खेला

**जोहोर (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी मिनट में किये गये गोल की बदौलत सुल्तान जोहोर कप में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ 5-5 से ड्रॉ खेला। भारत के लिए अमनदीप ने 60वें मिनट में गोल करके मैच को ड्रॉ करवाया। इससे पहले बॉबी सिंह धामी (दूसरा), शारदा नंद तिवारी (आठवां, 35वां) और अरिजीत सिंह हुंडल (18वां मिनट) भारत के लिए गोल कर चुके थे। लायम हार्ट (तीसरा), जैक हॉलैंड (आठवां) जोशुआ ब्रूक्स (20वां, 41वां) और जेक लैम्बेथ (49वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से योगदान दिया। इस मैच के साथ भारत ने टूनार्मेंट की राउंड रॉबिन तालिका में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया चार मैचों में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि भारत दो जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है।

### टाइगर्स और गढ़वाल डायमंड की जीत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गढ़वाल डायमंड ने बुधवार को फुटबॉल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग के रोमांचक मुकाबले में नेशनल युनाइटेड को 2-1 से मात दी। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेले गये दिन के दूसरे मैच में दिल्ली टाइगर्स ने अहबाब एफसी को 6-3 से परास्त किया। टाइगर्स के लिए मुकुल ने दो जबकि अमन, निखिल, अभिषेक और कवींद्र ने एक-एक गोल जमाया। पराजित टीम के लिए जामा ने दो और रिकी घ्रामी ने एक गोल किया। अहबाब ने मैच के शुरूआती हिस्से में शानदार प्रदर्शन की बदौलत 3-1 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद उनका खेल सुस्त हो गया।

# टी-20 विश्व कप : भारतीय टीम ने लंच के बायकॉट के बाद प्रैक्टिस से किया इंकार

**सिडनी (एजेंसी)।** गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ टीम के दूसरे टी-20 विश्व कप 2022 मुकाबले से पहले भारतीय खेमे में विवाद खड़ा हो गया है। पहले कड़े अभ्यास के बाद अपर्याप्त भोजन मेनू और ठंडे सैंडविच को लेकर भारतीय टीम ने आपत्ति जतायी थी जबकि अब अभ्यास सत्र ज्यादा दूर होने के कारण ट्रेनिंग से इंकार कर दिया है। जानकारी के मुताबिक भारतीय टीम को ट्रेनिंग के लिए जो ग्राउंड उपलब्ध करवाया गया था वह टीम के होटल से 42 किलोमीटर दूर था। भारतीय टीम ने सिडनी में आवंटित अभ्यास स्थल पर जाने से इनकार कर दिया है।



रिपोर्ट के मुताबिक सिडनी के उपनगरीय इलाके ब्लैकटाउन में अभ्यास स्थल की पेशकश के बाद टीम ने अभ्यास सत्र नहीं करने का फैसला लिया। यह स्थल टीम होटल से लगभग 45 मिनट की दूरी पर था, जिसके कारण टीम ने अभ्यास सत्र के लिए वहां जाने से इनकार कर दिया। इस बात की जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों का हवाला एक एक न्यूज एजेंसी ने साझा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित अभ्यास स्थल सिडनी में उनके आवास से 42 किलोमीटर दूर था। इससे पहले टीम सिडनी में अभ्यास के बाद भारतीय टीम भोजन के मेनू से नाखुश थी। उन्हें परोसे जाने वाले मेनू में फल, फलाफेल और कस्टम 'कोल्ड' सैंडविच शामिल थे। मेनू में गर्म भोजन शामिल नहीं करने पर टीम खुश नहीं थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'टीम इंडिया को जो खाना दिया गया वह अच्छा नहीं था। उन्हें सिर्फ सैंडविच दिया गया और उन्होंने आईसीसी को भी बताया कि सिडनी में अभ्यास सत्र के बाद दिया गया खाना ठंडा था और अच्छा नहीं था।' खाने में सैंडविच ग्रील्ड भी नहीं थे और इसमें एवोकैडो, टमाटर और ककड़ी शामिल थे। सूत्र ने कहा कि भारत के खिलाड़ियों के लिए दो घंटे के प्रशिक्षण के बाद ऐसा भोजन नहीं खा सकते। हालांकि, इसके बाद टीम ने होटल जाकर खाना खाया।

## आर अश्विन ने सुनायी फाइनल बॉल की अनसुनी कहानी कहा - बैटिंग पर आने से पहले दिनेश कार्तिक को कोसा था

**सिडनी (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 53 गेंदों पर नॉटआउट 82 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच भी बने, लेकिन विनिंग रन निकले थे आर अश्विन के बल्ले से। अश्विन जब बल्लेबाजी के लिए उतरे थे, तब भारत को एक गेंद पर दो रनों की जरूरत थी। विराट कोहली नॉनस्ट्राइकर एंड पर खड़े थे और अश्विन जब क्रीज पर आए तो उनसे जाकर बात भी की। अश्विन ने आखिरी गेंद से पहले मोहम्मद नवाज की वाइड गेंद और दिनेश कार्तिक के आउट होने पर अपना रिऐक्शन बताया है। अश्विन ने अपना एक्स्ट्रा दिमाग लगाया, जिसकी वजह से मोहम्मद नवाज की गेंद को वाइड करार दिया गया था। अश्विन को पता था कि नवाज उनके पैड पर गेंद फेंकेंगे और इस वजह से वह बिना हिले खड़े रहे और गेंद थोड़ा बाहर निकली और अंपायर ने इसको वाइड गेंद करार दे दिया। अश्विन ने इस गेंद को लेकर कहा, 'जिस समय मैंने देखा कि गेंद लेग साइड पर जा रही है, तभी मैंने सोच लिया था कि मैं इस गेंद को खेलने की कोशिश ही नहीं करूंगा। मैंने गेंद छोड़ी और हमें वाइड गेंद का एक एक्स्ट्रा रन मिल गया। जैसे ही वह रन मिला मैं बहुत निश्चिंत हो गया था।' उस वाइड गेंद के एक रन के साथ ही भारत ने पाकिस्तान के स्कोर की बराबरी कर ली थी। अश्विन ने दिनेश कार्तिक के आउट होने पर कहा, 'जब मैं बैटिंग के लिए जा रहा था, तो पहले दो मैंने दिनेश कार्तिक को कोसा और फिर सोचा, नहीं... नहीं... हमारे पास अभी भी मौका है, चलो वह करते हैं, जिसके लिए हम यहां आये हैं। फिर मैंने विराट कोहली को देखा, उन्होंने मुझसे काफी सारी बातें कहीं। मुझे बस एक बात लगी, भगवान ने आज विराट को इतना कुछ दिया है, तो वह मुझे कैसे मायूस छोड़ देंगे। फिर मैंने सोचा आखिरी गेंद पर ढंग से बॉल को देखूंगा और गैप में खेल दूंगा। मैंने खुद से यही कहा था। जैसे ही मैंने वह रन लिया मैं इतना खुश था क्योंकि अब कोई मेरे घर पर पत्थर नहीं मारेगा (हंसते हुए।) मुझे लगा भगवान ने अगर विराट को हारिस राउफ की गेंद पर दो छक्के मारने दिये तो मुझे इतना तो करने ही देंगे।'

### टी-20 वर्ल्ड कप में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर

# आयरलैंड ने इंग्लैंड को पांच रनों से हराया



**मेलबर्न (एजेंसी)।** टी-20 विश्वकप के सुपर-12 मैचों में बड़ा उलटफेर हो गया है। मेलबर्न में बारिश की वजह से इंग्लैंड बनाम आयरलैंड का मुकाबला पूरा नहीं हो सका, लेकिन डकवर्थ लुईस के आधार पर आयरलैंड ने यह मुकाबला पांच रनों से जीत लिया है। हालांकि, जिस तरह का मुकाबल चल रहा था उससे भी यही लग रहा था कि आयरलैंड की टीम इंग्लिश टीम को हरा देगी, क्योंकि इंग्लैंड 158 रनों का पीछा कर रही थी और 15वें ओवर में 105 रन पर पांच विकेट खोकर मुश्किल में फंस चुकी थी। हालांकि, उसी वक्त बारिश आ गई और डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर आयरलैंड ने मैच पांच रनों से जीत लिया।

**आयरलैंड ने बनाए 157 रन :** टी-20 विश्वकप में इंग्लैंड जैसी टीम के खिलाफ आयरलैंड बैटिंग करने उतरी तो लगा कि कम रन बनेंगे लेकिन टीम के कप्तान एंड्रयू बलबर्नी ने 47 गेंद पर 62 रनों की पारी खेल दी। आयरलैंड के लोकर्न टकर ने 27 गेंद पर 34 रन बनाए जबकि कार्टिस कैम्फ ने फिर से 11 गेंद पर 18 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के गेंदबाज लिविंगस्टोन ने तीन ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट हासिल किया। मार्क वुड ने चार ओवर में 34 रन दिए और तीन विकेट लिया जबकि सैम करेन ने तीन ओवर में 31 रन देकर दो विकेट हासिल किया। इस तरह से आयरलैंड की टीम ने 19.2 ओवर में 157 रन बनाये। आयरलैंड के 158 रनों का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं और आयरलैंड के गेंदबाजों ने शुरूआती झटके दिए। बारिश होने से ठीक पहले भी इंग्लैंड ने एक विकेट खो दिया अन्यथा यह मैच इंग्लैंड जीत जाती। क्योंकि, डकवर्थ लुईस नियम में ज्यादा विकेट गिरने पर रनों का टार्गेट भी बढ़ जाता है। इंग्लैंड की ओर से डेविड मलान ने 37 गेंद पर 35 रन बनाए। वहीं, मोईन अली ने 12 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए। हैरी ब्रूक ने 21 गेंद पर 18 रनों की पारी खेली। आयरलैंड के गेंदबाज लिटिल ने तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिया। जॉर्ज डोकरेल ने एक ओवर में पांच रन देकर एक विकेट लिया।

## मेलबर्न में भारी बारिश के कारण न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान मैच रद्द

**मेलबर्न (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप सुपर 12 का मैच बुधवार को यहां लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। ग्रुप एक का यह मैच भारतीय समयानुसार एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होना था, लेकिन लगातार बारिश के कारण खिलाड़ी मैदान पर नहीं उतर पाये। निरीक्षण के लिए निर्धारित किए गए समय में कवर हटा दिए गए थे लेकिन फिर से भारी बारिश आ गई। बारिश ने थमने का नाम नहीं लिया तो अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया। इस तरह से दोनों टीमों ने इस मैच से एक-एक अंक साझा किया। इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में आयरलैंड ने इंग्लैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से पांच रन से हराया था। न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान दोनों का यह सुपर-12 में दूसरा मैच था। न्यूजीलैंड ने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 89 रन से हराया था जबकि अफगानिस्तान को इंग्लैंड से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।



## भारत का नायाब हीरा हैं अर्शदीप : गेंदबाजी कोच



**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि दबाव को संभालने की उनकी क्षमता अभूतपूर्व है। अर्शदीप ने रविवार को पाकिस्तान के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया। उन्होंने हाई प्रेशर वाले मुकाबले में ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में गजब का प्रदर्शन करते हुए स्टार बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान, बाबर आजम और आसिफ अली को आउट किया। बाएं हाथ का तेज गेंदबाज अपना पहला विश्व कप खेल रहा है। इसके बावजूद प्रेशर के मुकाबले में 32 रन देकर तीन बड़े विकेट झटकते हुए पाकिस्तान की बैटिंग की कमर तोड़ दी। उन्होंने दोनों ओपनरों मोहम्मद रिजवान और कप्तान बाबर आजम को भी आउट किया, जो मैच पलटने वाला रहा। पाकिस्तान ने 8 विकेट पर 159 रन बनाए थे। उन्होंने कहा- अगर हम पिछले कुछ वर्षों से

■ हर किसी को सीखना चाहिए प्रेशर में कैसे मचाते हैं कोहराम

उनका (अर्शदीप) प्रदर्शन देखते हैं तो उन्होंने कमाल किया है। मुझे लगता है कि उस बच्चे के साथ एक चीज जो सबसे अलग है वह है दबाव बनाने की उसकी क्षमता। उसने आईपीएल में कड़ी मेहनत की और वह अभी भी कड़ी मेहनत कर रहा है। वह अलग-अलग स्टेप्स में काम करता है। पहले पावरप्ले और फिर डेथ ओवर में कमाल करना सबके बस की बात नहीं होती। म्हाम्ब्रे ने कहा, 'उन्होंने जो संयम दिखाया है, वह कमाल है। मुझे लगता है कि उनके करियर में भी उतार-चढ़ाव आयेंगे लेकिन जिस तरह से वह वापस आये हैं (एशिया कप के बाद) दबाव को संभालने की क्षमता अभूतपूर्व है और मैं वास्तव में हैरान हूं। उसने पहले मैच में (पाकिस्तान के खिलाफ) गेंदबाजी की है। हमें उस पर काफी भरोसा है और उसका भविष्य अच्छा है।

## टी-20 रैंकिंग के शीर्ष 10 में लौटे विराट कोहली

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की अद्वितीय पारी खेलकर आईसीसी टी-20 रैंकिंग के शीर्ष-10 बल्लेबाजों में शामिल हो गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी रैंकिंग के अनुसार कोहली 635 रेटिंग पॉइंट के साथ पांच पायदान चढ़कर नौंवे स्थान पर आ गये हैं। कोहली ने टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई 82 रन की करिशमाई पारी में 53 गेंदों पर छह चौके और चार छक्के लगाकर भारत को यादगार जीत दिलाई थी। कोहली से बेहतर रैंकिंग वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव हैं, हालांकि वह एक पायदान फिसलकर तीसरी रैंकिंग पर आ गये हैं। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे ने टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 58 गेंदों पर नाबाद 92 रन बनाये, जिससे वह तीन पायदान की छलांग लगाकर दूसरी रैंकिंग पर पहुंच गये हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान 849 रेटिंग पॉइंट के साथ अब भी शीर्ष टी-20 बल्लेबाज हैं, लेकिन वह 831 रेटिंग पॉइंट वाले कॉनवे की पहुंच से ज्यादा दूर नहीं हैं। इसी बीच, भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करके हरफनमौलाओं की सूची में तीसरे स्थान पर आ गये हैं। पांड्या ने पाकिस्तान के तीन विकेट लेने के बाद 40 रन बनाते हुए कोहली के साथ 113 रन की साझेदारी की जो भारत को जीत दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इस प्रदर्शन से उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 189 रेटिंग हासिल कर ली है। इसी बीच, अफगानिस्तान के अबूझ स्पिनर राशिद खान एक बार फिर टी-20 के शीर्ष गेंदबाज बन गये हैं। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध विश्व कप के अपने पहले मैच में केवल 17 रन देकर एक विकेट लिया। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेजलवुड को पछाड़कर टी-20 रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है।



## आईपीएल ने मेरा खेल सुधारने में सहायता की : स्टॉयनिस

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज एवं ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस ने टी-20 विश्व कप 2022 में श्रीलंका के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ अर्द्धशतक जड़ने के बाद कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने उनका खेल सुधारने में मदद की। स्टॉयनिस ने मैच के बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आईपीएल ने मेरे क्रिकेट को बदला है और मुझे बेहतर होने में मदद की है। यह सिर्फ खास विकेटों पर खेलने की बात नहीं है। वहां दुनिया भर के कोच और विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ खेलने का भी अनुभव मिलता है। स्टॉयनिस ने श्रीलंका के खिलाफ 18 गेंदों पर 59 रन की आतिशी पारी खेली। जब वह विकेट पर आये थे तब ऑस्ट्रेलिया को सात ओवरों में 61 रन की जरूरत थी लेकिन स्टॉयनिस के दम पर कंगारुओं ने 21 गेंदें शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया। स्टॉयनिस ने अपनी पारी में स्पिन गेंदबाजों को निशाना बनाया जो स्कोरबोर्ड पर भी दिखा। श्रीलंका के अबूझ गेंदबाज वानिंदू हसरंगा ने अपने चार ओवरों में 53 रन दिये जबकि अपने पहले दो ओवरों में सिर्फ तीन रन देने वाले महीष तीक्षणा को तीसरे ओवर में 20 रन पड़े। स्टॉयनिस ने स्पिन के खिलाफ अपने विस्फोटक खेल का श्रेय आईपीएल को देते हुए कहा कि मैं काफी सालों तक आईपीएल में अलग-अलग टीमों में खेल चुका हूं। वहां आपको स्पिन खेलने के तरीके से संबंधित कई तरह की तकनीक और मानसिकता का पता चलता है। इसने मुझे निश्चित रूप से अपना खेल सुधारने में मदद की है। स्टॉयनिस ने इस पारी के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे तेज अर्द्धशतक बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। यह युवराज सिंह (2007, डर्बन) के बाद टी-20 विश्व कप का सबसे तेज अर्द्धशतक भी है।

# सैंडपेपर गेट मामला : टिम पेन ने लगाये गंभीर आरोप, कहा- द. अफ्रीका ने भी की थी बॉल टैंपरिंग

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने दक्षिण अफ्रीका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पेन ने दक्षिण अफ्रीका टीम पर टेस्ट मैच में गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाया और दावा किया कि इस घटना को मैच ब्रॉडकास्टरों ने छिपा लिया था। साल 2018 में गक्बेरहा में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में कैमरन बेनक्रॉफ्ट बॉल को सैंडपेपर से घिसते देखे गए थे। इसका सीधा कराण था कि बॉल खुदरी हो जाए और रिवर्स स्विंग ज्यादा मिले। इस घटना के बाद उस समय के कप्तान स्टीव स्मिथ, उप-कप्तान डेविड वॉर्नर और बेनक्रॉफ्ट पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं वॉर्नर को इस घटना का मुख्य दोषी मानते हुए और कप्तान स्मिथ को इसका पता होने पर 12-12 महीने का बेन जबकि बैनक्राफ्ट को इस घटना को अंजाम देने के लिए छह महीने का प्रतिबंध लगा था। पूर्व कप्तान ने अपनी आत्मकथा द पेड प्राइस में चौंकाने वाले खुलासे किये जिससे 2018 केपटाउन टेस्ट के बारे में भी लिखा है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के दौरान गेंद पर सैंडपेपर लगाने के



कैमरून बैनक्रॉफ्ट के फैसले पर चर्चा करने के लिए टीम की बैठक आयोजित करने के किसी भी दावे का पेन ने खंडन किया है। पेन ने अपनी आत्मकथा में लिखा, मैंने उस श्रृंखला के चौथे टेस्ट में ऐसा होते देखा। इसके बारे में सोचो। केपटाउन में जो कुछ भी हुआ, उसके बाद सुर्खियां बनी और प्रतिबंध लगे। मैं अगले टेस्ट में गेंदबाजों के छोर पर खड़ा था जब एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी का एक क्लिप स्क्रीन पर आया। मिड-ऑफ की गेंद पर एक बड़ी दरार है। उनका दावा है कि जब रीप्ले में पता चला कि बैनक्रॉफ्ट ने अंपायरों से भिड़ने से पहले अपनी पैंट में सैंडपेपर रखा था, तो वह चकित रह गया और उसका दिल टूट गया। टेलीविजन निर्देशक ने इसे पकड़ने में सक्रिय भूमिका निभाई थी, लेकिन तुरंत स्क्रीन से शॉट हटा लिया गया। हम इसके बारे में अंपायरों के पास गए, जो थोड़ा खराब लग सकता था और हम आश्वस्त थे कि वे 'पहला टेस्ट इस पर निर्भर था। लेकिन फुटेज खो गया। डेविड वार्नर की श्रृंखला के दौरान आलोचना भी हुई थी। पेन ने महसूस किया कि ऑस्ट्रेलिया को उकसाया गया था। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें अलग रखा और मुझे पता है कि यह कैसे सामने आया। मुझे नहीं पता कि कैसे (वार्नर) उसने उन परिस्थितियों में अपने आप को शांत रखा। मुझे लगता है कि टीम ने उन्हें और समर्थन नहीं देकर उन्हें निराश किया। मैं देख सकता हूं अब वह दर्द छुपा रहा था और हमें यह पता होना चाहिए था।